आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 276 | उज्जैन, रविवार 18 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 8 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

ट्रंप ने चुनावी रैली में 'मोहम्मद' नाम का उड़ाया मजाक

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनावी रैली के दौरान 'मोहम्मद' नाम का मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा कि मिडिल ईस्ट में अगर आप किसी का नाम नहीं जानते हैं तो बस उसे मोहम्मद कह दीजिए। हालांकि, 'मोहम्मद' नाम का मजाक उड़ाने के कारण उनकी जमकर आलोचना भी की जा रही है। इस दौरान ट्रंप ने ईरान के राष्ट्रपति पद का भी मजाक उड़ाया और कहा कि वह दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है, जहां कोई भी राष्ट्रपति बनना नहीं चाहता है।

असहमति के साथ सम्मान जरूरी फैसला देने से पहले सुनें: सीजेआई

नई दिल्ली। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने शनिवार को लॉ स्टूडेंट से कहा कि आप किसी के साथ असहमत हो सकते हैं लेकिन उसकी गरिमा बनाए रखें। कोई भी फैसला देने से पहले सामने वाले को भी सुनें। सीजेआई नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी बेंगलुरु के 34वें एनुअल दीक्षांत समारोह में शामिल हुए थे। सीजेआई ने कहा कि कानूनी शिक्षा सिर्फ एकेडमिक नॉलेज तक सीमित नहीं होनी चाहिए। छात्रों को अलग-अलग विचारों को समझना जरूरी है। इससे पहले यूनिवर्सिटी के 700 से ज्यादा मौजूदा और पूर्व छात्रों ने सीजेआई सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किए जाने पर आपत्ति जताई थी।

नवाज शरीफ की तरह पाकिस्तान छोड़ सकते हैं इमरान खान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान भी पूर्व प्रधानमंत्रियों की तरह देश छोड़ सकते हैं। विपक्षी नेता महमूद खान अचकजई ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया। अचकचई ने कहा- सरकार इमरान पर समझौते के लिए दबाव बना रही है। वे नवाज शरीफ और बेनजीर भुट्टो की तरह देश छोड़कर जा सकते हैं। 73 साल के इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। उन्हें 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना मामले में 3 साल की सजा सुनाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर सिफर, अल-कादिर ट्रस्ट और इद्दत निकाह समेत करीब 200 मामले दर्ज हैं।

मुंबई में अजय देवगन के बंगले का हिस्सा तोड़ा



नोटिस के बाद अवैध निर्माण के चलते बीएमसी की कार्रवाई, एक्टर की टीम ने इनकार किया

मुंबई। मुंबई नगर निगम ने एक्टर अजय देवगन के जुहू स्थित बंगले में कथित तौर पर बिना अनुमति किए गए निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की है। रिपोर्ट के मुताबिक नगर निगम ने बंगले में किए गए निर्माण को तोड़ा है। आरोप है कि काम रोकने का नोटिस जारी होने के बावजूद निर्माण जारी था। अजय देवगन के पीआर पराग देसाई ने इन खबरों का खंडन किया है। उनका कहना है कि अजय देवगन के बंगले में बीमएसी की टीम नहीं आई। ये खबरें पूरी तरह से बेबुनियाद हैं। जिस प्रॉपर्टी को लेकर खबरें आ रही हैं, वह अजय की है और उनके घर से थोड़ी ही दूर है। अजय ने उसे किराए पर दिया हुआ है। संभव है कि बीएमसी को उस प्रॉपर्टी में कुछ अनियमितताएं मिली हों, जिसके चलते कार्रवाई हुई हो। पराग देसाई का कहना है कि आज दोपहर तक इस मामले पर आधिकारिक बयान जारी किया जाएगा। अजय देवगन का एक बंगला मुंबई के जुहू इलाके की कपोल कोऑपरेटिव हाउसिंग सोसाइटी ((जेवीएनपी स्कीम, एन एस रोड नंबर 11, प्लॉट एस-10) में 7,802 वर्ग फीट पर बना है। आरोप है कि बंगले में अंदरूनी बदलाव, पार्टीशन की दीवारें, खिड़कियां और अन्य निर्माण कार्य जरूरी अनुमति के बिना किए जा रहे थे।

नैनो न्यूज

- **झारखंड** : मासूम की मौत, मामा ने खिलौना बताकर थमाई पिस्तौल, ट्रिगर दबते ही सिर में लगी गोली।
- **नई दिल्ली** : केंद्र ने 70 लाख कर्मचारियों को दी राहत, रिटायरमेंट से चार साल पहले ही जांचें जाएंगे वेतन-पेंशन के पेपर।
- **कश्मीर** : कुपवाड़ा में 2 आतंकी मारे गए, एलओसी के पास सुबह साढ़े 3 बजे शुरू हुई मुठभेड़, केरन सेक्टर में सुरक्षाबलों का सर्च ऑपरेशन।
- **वाशिंगटन** : ट्रम्प ने 5 दिन में ही प्रेस सेक्रेटरी को हटायाः वकील होने के दावे पर सवाल उठे, पहली ब्रीफिंग में जुबान लड़खड़ाई थी।
- **मुंबई** : एचडीएफसी बैंक का मुनाफा 4.7% बढ़कर 19,510 करोड़ः दूसरी तिमाही में नेट इंटरेस्ट इनकम 9.7% बढ़ी; एसेट क्वालिटी सुधरी, एडवांस-डिपॉजिट में डबल डिजिट ग्रोथ।
- **केरल** : पूर्व सीएम को ईडी का समन, मनी लॉन्ड्रिंग-भ्रष्टाचार मामले में दो एफआईआर पहले से दर्ज।

लंदन में भारतीय हाई कमीशन के बाहर प्रदर्शन, बीजेपी के विरोध में लगे नारे

एसएफआई यूके ने स्टैंड इन सॉलिडैरिटी के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की मांग उठाई

एजेंसी ▸▸ लंदन

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में शुक्रवार, 16 अक्टूबर को भारतीय उच्चायोग के बाहर भारत में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और चुनावी जवाबदेही के मुद्दे पर प्रदर्शन हुआ। एसएफआई यूके ने स्टैंड इन सॉलिडैरिटी के बैनर तले आयोजित प्रदर्शन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया को रोकने की मांग उठाई।

प्रदर्शनकारियों ने आजादी और सारे जहां से अच्छा जैसे नारे लगाए।



प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे भारत में लोकतंत्र और मतदान के अधिकारों की रक्षा के समर्थन में जुटे हैं।

केंद्र सरकार के समर्थन में भी प्रदर्शन

- इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार के समर्थन में एक अन्य समूह ने भी प्रदर्शन किया। इस समूह के लोगों ने भारत माता की जय और मोदी, मोदी के नारे लगाए। दोनों समूहों के बीच टकराव की आशंका को देखते हुए लंदन पुलिस के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और प्रदर्शनकारियों को अलग-अलग रखा।
- पीटीआई के मुताबिक, केंद्र सरकार के समर्थन में प्रदर्शन कर रहे राहुल काले ने कहा कि भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते से निर्यात के नए अवसर खुले हैं। उन्होंने यह भी कहा कि लंदन में इस तरह के प्रदर्शनों से निवेशकों का भरोसा प्रभावित हो सकता है।

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सुबह गिरफ्तार, शाम को मिली जमानत

एसआईआर के खिलाफ कांग्रेस की 1 नवंबर को रामलीला ग्राउंड में रैली, पुलिस से मिली इजाजत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके को शनिवार को जमानत मिल गई। उन्हें 50 हजार रुपए का बॉन्ड भी भरना पड़ा।

दीपके को दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार देर रात गिरफ्तार किया था। उन्हें शुक्रवार को कनॉट प्लेस में लहरा दो तिरंगा रैली से पहले हिरासत में लिया गया था। 8 दिन में दीपके के खिलाफ यह दूसरी बार कार्रवाई है। इससे पहले 10 अक्टूबर को उन्हें दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान से हिरासत में लिया गया था। अगले दिन वे रिहा हो गए थे।

उधर एसआईआर के विरोध में कांग्रेस की रामलीला मैदान में 1 नवंबर को रैली होगी। कांग्रेस ने दिल्ली पुलिस से पहले ही इसकी इजाजत ले ली है।

महिला संगठनों ने पुलिस कार्रवाई के खिलाफ मार्च निकाला- ऑल इंडिया महिला सांस्कृतिक संगठन, क्रांतिकारी युवा संगठन और अन्य संगठनों ने दिल्ली में हालिया प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कार्रवाई के विरोध में मार्च निकाला। प्रदर्शनकारी मार्च करते हुए दिल्ली पुलिस मुख्यालय पहुंचे।



आइसा की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा ने कहा, हर संभव तरीके से कानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। आम नागरिकों के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है, मानो वे कोई खूंखार अपराधी हों। मौजूदा आंदोलन ने साफ तौर पर उजागर कर दिया है कि लोगों को किस तरह हिरासत में लिया जा रहा है। चाहे दिन हो या शाम, उन्हें हिरासत में लेकर पूरी रात थाने में रखा जाता है और अगली सुबह या शाम को रिहा किया जाता है।

सरकार बदलेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक तरीके से: प्रकाश राज



अभिनेता प्रकाश राज ने केंद्र सरकार में बदलाव की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन चुनाव और संवैधानिक तरीकों से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के पास संविधान, मतदान का अधिकार और शांतिपूर्ण विरोध की ताकत है। उन्होंने 2029 के लोकसभा चुनाव तक लोकतांत्रिक लड़ाई जारी रखने की बात कही। तिरंगा मार्च से पहले प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने और उनकी आवाज दबाने के आरोपों पर भी सवाल उठाए।

भारत बांग्लादेश-नेपाल नहीं, सत्ता परिवर्तन लोकतंत्र से होगा- अभिनेता प्रकाश राज अपने राजनीतिक बयान को लेकर फिर चर्चा में हैं। उन्होंने सरकार बदलने की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि भारत में सत्ता परिवर्तन लोकतांत्रिक तरीके से होना चाहिए। इंडिया टुडे से बातचीत में उन्होंने बांग्लादेश और नेपाल का उदाहरण देते हुए कहा कि भारत उन देशों जैसा नहीं है। यहां डॉ. भीमराव आंबेडकर, महात्मा गांधी और भगत सिंह की विरासत के साथ संविधान और मतदान का अधिकार मौजूद है। प्रकाश राज ने कहा कि सरकार बदलने की लड़ाई लोकतांत्रिक तरीके से लड़ी जाएगी। उनके मुताबिक, राजनीतिक बदलाव के लिए चुनाव और संवैधानिक अधिकारों का इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने उत्तर प्रदेश के चुनावों से 2029 के लोकसभा चुनाव तक यह लड़ाई जारी रखने की बात कही। प्रकाश राज ने कहा कि भारत में लोगों को वोट देने और विरोध करने का अधिकार है।

कोटा में एक्सप्रेसवे से मिनी बस नाले में गिरने से 8 लोगों की मौत

सभी मप्र के रहने वाले, खाटूश्याम मंदिर जा रहे थे



एजेंसी ▸▸ कोटा

राजस्थान के कोटा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक ट्रैंपो ट्रैवलर पुलिया से गिर गया। हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। सभी लोग मध्य प्रदेश के बैतूल के रहने वाले थे।

एक्सीडेंट शनिवार सुबह 6 बजे सिमलिया थाना क्षेत्र में हुआ। एचएसओ नंद सिंह ने बताया कि ट्रैवलर भोपाल से खाटूश्यामजी जा रहा था। कोटा शहर से 35 किलोमीटर दूर कराड़िया टोल के पास ट्रैवलर पुलिया से 15 फीट नीचे गिर गया।

एक्सीडेंट में 17 पैसेंजर्स घायल हुए हैं। अंधेरे के कारण रेस्क्यू में कुछ देरी भी हुई। ग्रामीणों ने बताया कि कई डेडबॉडी सीटों के बीच फंसी थीं। उन्हें बड़ी मुश्किल से बाहर खींचा गया। घायलों को खिड़की तोड़कर निकाला गया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजस्थान के कोटा जिले में सड़क हादसे में जान गंवाने वालों के आश्रितों को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना जताई।

चुनाव बहाली को लेकर छात्रों का हंगामा, गेट पर चढ़े, कई हिरासत में लिए, भारी पुलिस बल तैनात

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया में छात्र संघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे छात्रों को शनिवार सुबह साढ़े पांच बजे हटाने पर बवाल हो गया। इसको लेकर जामिया कैंपस के बाहर दिनभर हंगामा रहा। इस दौरान शाम को फिर से हंगामा शुरू हो गया। छात्रों ने जामिया के सुरक्षाकर्मियों पर मारपीट और दुर्व्यवहार का आरोप लगाया है। इस दौरान चार-पांच छात्रों को मामूली चोट लगने की भी सूचना है। इस घटनाक्रम से कैंपस में तनाव बढ़ गया है। जिसके चलते कैंपस में पुलिस और अर्द्धसैनिक बल को तैनात कर दिया गया है। दरअसल, जामिया के गुलिस्तान गालिब लॉन के गेट नंबर सात के पास छात्रों द्वारा चुनाव बहाली की मांग को लेकर सोमवार शाम से आंदोलन किया जा रहा था।

घर में पति-पत्नी 3 बच्चों की लाश मिलीं

एजेंसी ▸▸ नोएडा

यूपी में ग्रेटर नोएडा के नंगला श्रीपदम गांव में शनिवार को एक घर में पति-पत्नी और उनके 3 बच्चों की लाश मिली। सुबह काफी देर तक परिवार नहीं उठा तो पड़ोसियों को शक हुआ। दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखा तो पांचों बिस्तर पर पड़े थे। एक के मुंह से झाग निकल रहा था। पुलिस घर पहुंची तो पिता बेटे से लिपटे हुए चारपाई पर मृत मिले। दूसरे बिस्तर पर मां छोटे बेटे और बेटी से लिपटी हुई थीं। मृतकों की पहचान महेश (37), पत्नी ललिता (35), बेटे लड्डू (11), साक्षत (3) और बेटी मिष्टी (7) के रूप में हुई है।

रिजॉर्ट में आग लगने से 10 की मौत

एजेंसी ▸▸ ढाका

बांग्लादेश के कॉक्स बाजार जिले में शनिवार सुबह समुद्र किनारे बने एक रिजॉर्ट में आग लगने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में एक ही परिवार के 6 सदस्य शामिल हैं।

आग सुबह करीब 7.25 बजे टुपटुप रेस्टो एंड रिजॉर्ट में लगी। तीन मंजिला लकड़ी की इमारत आग में पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे में कई लोग घायल भी हुए हैं। रिजॉर्ट के पास आग से बचाव के इंतजामों की मंजूरी नहीं थी। जून में चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने इसे लेकर चेतावनी भी दी थी।

इंदौर स्मार्ट सिटी से फर्जी बिल घोटाले तक पूर्व कमिश्नरों की भूमिका पर उठे सवाल

फर्जी मस्टर रोल, संदिग्ध भुगतान और कंसलटेंट फर्म को फायदा पहुंचाने के आरोपों की जांच की मांग, स्मार्ट सिटी परियोजना में 1 हजार करोड़ रुपये की अनियमितताओं के दावों ने बढ़ाई हलचल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर नगर निगम में करोड़ों रुपये के कथित फर्जी बिल घोटाले और स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। इन मामलों में पूर्व नगर निगम आयुक्त मनीष सिंह और प्रतिभा पाल के कार्यकाल की भूमिका को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं। हालांकि, आरोपों की पुष्टि और संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए जांच के निष्कर्ष तथा आधिकारिक दस्तावेज महत्वपूर्ण होंगे।

नगर निगम के कथित फर्जी बिल घोटाले में ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी मस्टर रोल तैयार करने और बिलों का भुगतान किए जाने के आरोप सामने आए। इस मामले को लेकर प्रदेश सरकार के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा पूर्व अधिकारियों की भूमिका की जांच कराने की बात कहे जाने का भी उल्लेख किया गया है। सवाल यह है कि भुगतान की प्रक्रिया में किन अधिकारियों ने स्वीकृति दी, किन स्तरों पर सत्यापन हुआ और सरकारी खजाने को कथित नुकसान पहुंचाने वालों की जवाबदेही कैसे तय होगी।

भाजपा पार्षदों ने भी उठाए थे सवाल- मनीष सिंह के नगर निगम आयुक्त रहने के दौरान स्मार्ट सिटी परियोजनाओं को लेकर भाजपा पार्षदों की ओर से भी आपत्तियां उठाए जाने के दावे किए गए। शिकायतों में आरोप लगाया गया कि 'मेहता एंड एसोसिएट्स' नामक कंसलटेंट फर्म को



नियमों की अनदेखी कर परियोजनाओं से संबंधित काम दिए गए। पार्षदों द्वारा संभागायुक्त को ज्ञापन सौंपकर लोकायुक्त जांच की मांग किए जाने की बात भी सामने आई। शिकायतों में आय से अधिक संपत्ति होने का आरोप भी लगाया गया था। हालांकि, ऐसे आरोपों को प्रमाणित तथ्य नहीं माना जा सकता, जब तक संबंधित जांच एजेंसी की रिपोर्ट या सक्षम प्राधिकारी का निष्कर्ष सामने न आए। इस मामले में यह स्पष्ट होना जरूरी है कि शिकायत पर क्या कार्रवाई हुई, जांच शुरू हुई या नहीं और उसका वर्तमान परिणाम क्या है।

जांच का नतीजा ही तय करेगा जवाबदेही

- इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न केवल आरोपों का नहीं, बल्कि उन पर हुई कार्रवाई का है। क्या शिकायतों की स्वतंत्र जांच हुई? क्या संबंधित दस्तावेजों का ऑडिट कराया गया? क्या किसी अधिकारी या ठेकेदार की जिम्मेदारी तय हुई? और यदि अनियमितताएं प्रमाणित हुईं, तो सरकारी धन की वसूली तथा कानूनी कार्रवाई की दिशा में क्या कदम उठाए गए?
- जनता के धन से संचालित परियोजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही अनिवार्य है। आरोप चाहे किसी अधिकारी पर हों या किसी ठेकेदार पर, निष्पक्ष जांच और दस्तावेजी प्रमाणों के आधार पर ही सच्चाई सामने आनी चाहिए।

मेयर-इन-काउंसिल के सदस्यों ने भी उठाए थे सवाल

- इंदौर स्मार्ट सिटी परियोजना को लेकर नगर निगम की मेयर-इन-काउंसिल (एमआईसी) के सदस्यों और पार्षदों की ओर से लगभग 1000 करोड़ रुपये की कथित अनियमितताओं के आरोप लगाए जाने का दावा किया गया। शिकायतकर्ताओं का आरोप था कि शहर को आधुनिक बनाने के बड़े वादों के बावजूद कुछ निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और परियोजनाओं पर खर्च की पारदर्शिता सवालों के घेरे में रही।
- इन आरोपों की निष्पक्ष जांच के लिए परियोजनावार स्वीकृत बजट, टेंडर प्रक्रिया, कार्यादेश, भुगतान विवरण, गुणवत्ता परीक्षण और पूर्णता प्रमाणपत्रों का मिलान आवश्यक है। यदि किसी परियोजना में घटिया निर्माण, अनियमित भुगतान या नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो जिम्मेदार अधिकारियों, ठेकेदारों और संबंधित एजेंसियों की भूमिका तय की जानी चाहिए।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का शनिवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

बहुत बदल गया दल

सत्ता के साथ ही कई सारी समस्याएं भी जुड़ जाती हैं। इन्ही से प्रभावित होकर कई बार विकृतियों का बड़ा घेरा खड़ा हो जाता है। आगे चलकर यह घेरा ही परेशानियों का सबब बनने लगता है और फिर चाहकर भी मूल समस्या का निदान नहीं निकलता है। एक समय था जब सत्ता के दल की सोच ही अलग थी और एक समय है जब उस सोच के विपरित ही सब कुछ हो रहा है। नवरात्र के समय में एक दशक पहले तमाम आयोजनों में शामिल सत्ता के लोग क्षेत्रवार वरिष्ठों को प्राथमिकता देते थे और आयोजनों में उन्हे बुलाकर उनके माध्यम से पूजन-अर्चन एवं अन्य व्यवस्थाओं में प्रतिदिन वरिष्ठों को आगे रखते थे। समय के साथ इसमें भी बदलाव हो गया है। अधिकांश आयोजन अब भी सत्ता पक्ष के लोगों के माध्यम से ही हो रहे हैं और यही वजह है कि आयोजनों में वे प्रभावी भी हैं। हालिया स्थिति में आयोजन में प्रभावी रहने वाले इसे भी राजनीति का केंद्र बनाए हुए हैं। सत्ता से जुड़े लोग क्षेत्रवार होने वाले आयोजनों में पहुंचकर एक साथ आरती-पूजन कर रहे हैं। आयोजन भी इनका ही और आरती पूजन भी इनका, मंच भी इनका ही। क्षेत्रों में जो आयोजन हो रहे हैं या कोई और कर रहा है तो उस पर भी प्रभाव इनका ही है। वो चाहकर भी इन्हें नजरअंदाज नहीं कर सकता है। सियासत की घेराबंदी ही ऐसी की गई है। वार्ड से लेकर मंडल तक घेराबंदी है। इसमें बिजली से लेकर सुरक्षा तक सभी शामिल हैं। अब आयोजक की क्या मजाल की वो सत्ता को दरकिनार कर शुद्ध आयोजन कर क्षेत्र के वरिष्ठों को प्राथमिकता दे दे। उसे हर हाल में कथित आयोजकों को बुलाना पड़ रहा है। जिस क्षेत्र में आयोजन हो रहा है वहां के वरिष्ठजन नीचे खड़े हैं और सियासतदार मंच पर मंडली के साथ खड़े हैं। अधिकांश स्थानों पर यही हाल हैं। पुराने सत्ता धारियों के बीच खुसूर-फुसूर है कि एक समय था जब वे क्षेत्र के सबसे वरिष्ठों को बुलाकर पूजन आरती करवाते थे और सनातन का परचम हाथ में थामकर संस्कारों को आगे रखते थे। अब तो खुद उनकी ही नई पीढ़ी उन्हें पूछने को तैयार नहीं है और सनातन के आयोजन में क्षेत्रीय वरिष्ठों को प्राथमिकता तो दूर की बात है उन्हें भी दरकिनार कर रही है।

न्यूज कॉलम

एक्टर मोहित रैना ने सपत्नीक किए भगवान महाकाल के दर्शन

उज्जैन। टीवी सीरियल देवों के देव महादेव में भगवान शिव और फिल्म उरी में अभिनय से पहचान बनाने वाले एक्टर मोहित रैना शनिवार को पत्नी अदिति के साथ श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे। दोनों ने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। मोहित रैना और अदिति शनिवार तड़के करीब 4 बजे मंदिर पहुंचे। दोनों ने लगभग दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भगवान महाकाल की भस्म आरती के दर्शन किए। इस दौरान दोनों भक्ति में लीन नजर आए। उन्होंने हाथ जोड़कर बाबा महाकाल को नमन किया और महाकाल का जाप किया।

नैनो न्यूज

- बुराइयों के त्याग के संकल्प के साथ अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में 31 फीट ऊंचे रावण का दहन, अंतर्मन का रावण–रामत्व की ओर थीम पर हुआ आयोजन
- दिग्विजय सिंह की 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' के लिए संतों को न्योता, महामंडलेश्वरों को बांटे गए आमंत्रण
- लालपुर के बजाय शहर के बीच बने ट्रांसपोर्ट नगर, परचून ट्रांसपोर्टरों ने उठाई मांग, माल ढुलाई का खर्च बढ़ने और छोटे उद्योगों पर असर का हवाला देकर हीरा या नरेश मिल की खाली जमीन मांगी
- नवरात्रि में सेवा और मानवता की मिसाल पेश की, रेस्क्यू के दौरान कंधे में आई गंभीर चोट
- वार्ड क्रमांक 22 में महाआरती एवं कन्या पूजन का हुआ आयोजन, सनातन संस्कृति से जुड़ने का दिया संदेश
- जम्मू कश्मीर के श्रीनगर इंडोर स्टेडियम शेरे कश्मीर में आयोजित 10वीं गतका सिक्ख मार्शल आर्ट सीनियर नेशनल टूर्नामेंट में उज्जैन की दृष्टि तिवारी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।
- कत्थक के माध्यम से कलाकारों ने दी माँ हरसिद्धि के चरणों में प्रस्तुति
- भूखी माता मंदिर पर कल होगा कन्याभोज व कन्यापूजन, क्षिप्रा तट स्थित भूखी माता मंदिर पर कल 19 अक्टूबर 2026 सोमवार को प्रातः 11 बजे कन्याभोज व कन्यापूजन किया जावेगा।
- समाज सुधार व शिक्षा में सर सैयद का योगदान अविस्मरणीय, सैमुअल कॉन्वेंट स्कूल में विचार गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित, विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत
- गूंजे जयकारे, खत्री अरोड़वंशीय समाज ने किया माता की चौकी का आयोजन, पंजाबी महिला विकास समिति की रही विशेष भागीदारी, बड़ी संख्या में जुटे समाजजन
- निर्मला कॉलेज के विद्यार्थियों ने जानी दुग्ध प्रसंस्करण और पैकेजिंग की बारीकियां, सांची दुग्ध संघ का किया औद्योगिक भ्रमण, सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ा

करांची के स्वामीनारायण मंदिर में दशकों से नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवस तक होता है रामलीला का आयोजन

पाकिस्तान में रामलीला की गूंज, हिन्दू समुदाय मंदिर परिसर में उमड़ा

नई पीढ़ी को सनातन संस्कृति से परिचित कराने की कोशिश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ पं. राहुल शुक्ल.उज्जैन

आप इस बात से आश्चर्य चकित हो सकते हैं कि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान मे भी रामलीला का मंचन उतने ही उत्साह व उमंग के साथ होता है जितना कि भारत में होता है। ये कोई नई घटना नहीं है। पाकिस्तान के कराची शहर के स्वामीनारायण मंदिर में दशकों से नवरात्रि के अवसर पर नौ दिवस तक रामलीला का आयोजन होता है। रामलीला को देखने कराची का पूरा हिन्दू समुदाय मंदिर परिसर में उमड़ पड़ता है।

162 वर्ष पुराना है मंदिर- कराची के एम ए जिन्ना रोड पर स्थित भगवान स्वामीनारायण मंदिर पुरातन सनातन वास्तुकला का उत्कृष्ट नमूना है। इसके अंदर विशाल परिसर है जहां विभाजन के पूर्व से ही विभिन्न त्योहारों पर स्थानीय हिन्दू एकत्र होकर सामूहिकरूप से पर्वों का आनंद लेते रहे। विभाजन के समय सन 1947 में मंदिर की मूल प्रतिमाएं भारत के राजस्थान स्थित खानपुर गांव स्थानांतरित कर दी गई बाद में मंदिर में नई मूर्तियां प्रतिष्ठित की गईं।



दशहरे पर रावण दहन

पाकिस्तान में रावण दहन भी होता है ये बात विस्मयकारी लगती है किन्तु कराची का हिन्दू समुदाय दशमी पर रावण के पुतले का दहन स्वामीनारायण मंदिर मे वर्षों से करता आया है। इस वर्ष भी आकर्षक पुतला तैयार किया जा रहा है जिसका समारोहपूर्वक दहन, दशहरे पर होगा।

नौ दिन तक रामलीला व गरबों की धूम

कराची का स्वामीनारायण मंदिर, शहर की हिन्दू बस्ती नारायणपुर के समीप होने से त्योहारों के दौरान रौनक से आलोकित रहता है। कराची व आसपास के शहर से हिन्दू लोग यहां एकत्र होते हैं और सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजनों का लुत्फ उठाते हैं। नवरात्रि के प्रथम दिवस से नवमी तिथि तक प्रतिदिन गरबा का आयोजन होता है साथ ही रामलीला का सुन्दर मंचन भी स्थानीय कलाकारों द्वारा किया जाता है।

नवरात्रि में मुस्लिम भी आते हैं मंदिर मे

आम धारणा होती है कि इस्लामी देश में कट्टरपंथी लोग ही होते हैं किन्तु ये धारणा पूरी तरह गलत साबित होती है स्वामीनारायण मंदिर की नवरात्रि के दौरान। नवरात्रि की रामलीला को देखने मुस्लिम भी पूरे उत्साह के साथ आते हैं और रामायण के संवादों को सुनकर हिन्दू दर्शन को समझने का प्रयास करते हैं।

उर्दू मिश्रित हिन्दी के संवाद

विभाजन से पूर्व अखंड भारत के उत्तरी क्षेत्र पंजाब, हरियाणा उत्तरप्रदेश आदि मे उर्दू का बडा प्रभाव रहा जो हमारी साझा विरासत है। पाकिस्तान मे उर्दू के साथ पंजाबी व सिंधी भाषा का प्रचलन आज भी देखने को मिलता है। स्वामीनारायण मंदिर मे दशको से नारायण सेवा गरबा मंडल तथा पाकिस्तान हिन्दू सेवा वेलफेयर ट्रस्ट जो रामलीला आयोजित करती आ रही है उसमे स्थानीय भाषा का पुट भी होता है। रामायण के पात्र, रामलीला मे उर्दू मिश्रित डायलाग बोलते हैं जिससे आमजन आसानी से समझ लेते हैं। रामलीला मे विगत चार वर्ष से भगवान राम का रोल अदा कर रहे विजयरतन का कहना है कि पाकिस्तान मे निवासरत हिन्दू अल्पसंख्यकों की नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति व धर्म से परिचित कराने मे रामलीला बहुत ही महत्वपूर्ण साबित हो रही है। भगवान राम के चरित्र को समझकर बच्चे उसे अंगीकार करते हैं तो एक आदर्श समाज सृजित हो सकता है।

मुस्लिम लोगों की सहभागिता सराहनीय

स्वामीनारायण मंदिर मे वर्षो से सफलतापूर्वक हो रही रामलीला में मंच की साज सज्जा, विद्युत संयोजन, ऑडिओ व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण कार्य मुस्लिम युवा ही करते हैं जो सांप्रदायिक सौहार्द का अनुपम उदाहरण है।

उज्जैन के मेलड़ी माता मंदिर में अजीबोगरीब कर्मकांड, पेड़ों पर लटकी तस्वीरें और पुतले

कहीं तस्वीरों पर ठोंकी कीलें तो कहीं लटके कपड़े, नींबू-मिर्च और सैंडल, शत्रु नाश के टोटकों की चर्चा के बीच बढ़ी लोगों की भीड़


दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन के भैरवगढ़ क्षेत्र में ओखलेश्वर रोड स्थित काल भैरव मंदिर के पास सती माता मंदिर, जिसे अब मेलड़ी माता मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, इन दिनों सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। मंदिर परिसर के आसपास पेड़ों पर लटकी महिला-पुरुषों की तस्वीरें, कपड़े, सैंडल, नींबू-मिर्च और कपड़ों से बने पुतलों के वीडियो लोगों के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं।

मंदिर परिसर के आसपास आधा दर्जन से अधिक पेड़ों पर इस तरह की सामग्री लटकी दिखाई देती है। कुछ तस्वीरों पर कीलें भी ठोंकी गई हैं। स्थानीय स्तर पर इन गतिविधियों को कथित तौर पर शत्रु नाश से जुड़े तांत्रिक कर्मकांडों से जोड़कर देखा जा रहा है। मान्यता रखने वाले लोगों का दावा है कि पारिवारिक विवाद, सास-बहू के झगड़े और विवाहेतर संबंधों जैसी समस्याओं से छुटकारा पाने की इच्छा लेकर लोग यहां पहुंचते हैं।







मध्य प्रदेश के अलावा दूसरे राज्यों से भी आने का दावा

तांत्रिक भैया महाराज का दावा है कि इन कर्मकांडों के लिए केवल मध्य प्रदेश ही नहीं, बल्कि गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान से भी लोग आते हैं। हालांकि, इन कथित कर्मकांडों से किसी व्यक्ति को नुकसान पहुंचने या किसी की समस्या दूर होने के दावों की वैज्ञानिक पुष्टि नहीं है। सोशल मीडिया पर मंदिर से जुड़े वीडियो वायरल होने के बाद यहां लोगों की आवाजाही बढ़ने की बात सामने आ रही है। पेड़ों पर लटकी तस्वीरों और पुतलों का दृश्य लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है।

सती माता से मेलड़ी माता नाम तक का सफर

स्थानीय लोगों के मुताबिक, करीब दो साल पहले तक इस स्थान को सती माता मंदिर के नाम से जाना जाता था। बाद में यहां मेलड़ी माता नाम का प्रचलन बढ़ गया। मंदिर के समीप श्मशान घाट और काल भैरव मंदिर होने के कारण यह इलाका लंबे समय से तंत्र साधना से जुड़ी चर्चाओं में बना रहता है। धार्मिक आस्था, स्थानीय मान्यताओं और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दृश्यों के चलते यह मंदिर एक बार फिर चर्चा में है। हालांकि, पेड़ों पर तस्वीरें, कपड़े और अन्य वस्तुएं टांगने के पीछे की वास्तविक वजह तथा इन गतिविधियों की प्रकृति की स्वतंत्र पुष्टि होना बाकी है।

नवरात्रि में अष्टमी-नवमी एक ही दिन कन्या पूजन को लेकर असमंजस

19 अक्टूबर को सुबह 10:52 बजे तक अष्टमी, इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शारदीय नवरात्रि में इस बार अष्टमी और नवमी की तिथियों को लेकर श्रद्धालुओं में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। तिथियों के समय में बदलाव के कारण 19 अक्टूबर, सोमवार को ही महाष्टमी और महानवमी दोनों के पूजन का अवसर बन रहा है। ऐसे में माता की आराधना, हवन और कन्या पूजन करने वाले श्रद्धालु तिथि और मुहूर्त को लेकर जानकारी जुटा रहे हैं।

18 अक्टूबर को सुबह 8:28 बजे से अष्टमी- उज्जैन के पंचांग के अनुसार, शनिवार 17 अक्टूबर को सप्तमी तिथि है। इस दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा की जाती है। रविवार 18 अक्टूबर को सुबह 8 बजकर 28 मिनट तक सप्तमी तिथि रहेगी। इसके बाद अष्टमी शुरू हो जाएगी। अष्टमी तिथि सोमवार 19 अक्टूबर को सुबह लगभग 10 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ होगी। पंचांग और धार्मिक कैलेंडर वेबसाइट के उज्जैन पंचांग में भी यही समय दिया गया है।

अष्टमी और नवमी पर किस दिन करें कन्या पूजन?

अष्टमी पर मां महागौरी और नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। अष्टमी के अनुसार कन्या पूजन करने वाले श्रद्धालु सोमवार सुबह अष्टमी तिथि के दौरान पूजा कर सकते हैं। वहीं, नवमी की परंपरा के अनुसार पूजन करने वाले श्रद्धालु नवमी तिथि शुरू होने के बाद पूजा कर सकते हैं। परिवार की परंपरा और स्थानीय पंचांग के अनुसार मुहूर्त का निर्धारण करना उचित रहेगा। **तिथि देखकर करें पूजन, केवल तारीख देखकर नहीं-** नवरात्रि में कन्या पूजन, हवन और व्रत का पारण श्रद्धालुओं के लिए विशेष महत्व रखते हैं। इस बार तिथि परिवर्तन के कारण केवल कैलेंडर में लिखी तारीख के आधार पर निर्णय लेने के बजाय तिथि के प्रारंभ और समाप्ति का समय देखना जरूरी है। श्रद्धालु अपने कुलाचार और स्थानीय विद्वान पंडित के मार्गदर्शन के अनुसार पूजन का समय तय कर सकते हैं।

निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिला आयुष अधिकारी उज्जैन के निर्देशन में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शासकीय आयुष विंग होम्योपैथी विंग आनंद भवन वेद नगर उज्जैन द्वारा महाविद्यालय/संभागीय महाविद्यालय बालक छात्रावास परिसर में निःशुल्क होम्योपैथी चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया जिसमें आयुष विंग होम्योपैथी विंग उज्जैन में पदस्थ डॉ. अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी विद्यार्थियों को शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ दिनचर्या/खानपान तथा ध्यान योग अपनाने की सलाह प्रदान की तथा विद्यार्थियों व छात्रावास स्टॉफ का रोग परीक्षण कर होम्योपैथी औषधि प्रदान कीं गई शिविर में डॉ अमर राठौड़ होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी आयुष विंग होम्योपैथी उज्जैन व गोविन्द उसारिया होम्योपैथी कम्पाउंडर आयुष विंग होम्योपैथी उज्जैन ने सेवाएँ प्रदान कीं।

उज्जैन उत्तर में 151 स्थानों पर 31 हजार कन्याओं का पूजन

गायत्री नगर में 125 कन्याओं का सम्मान, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मार्गदर्शन में कन्या पूजन महोत्सव आयोजित, गरबा, जन्मदिन उत्सव और भोजन प्रसादी का भी आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा के मार्गदर्शन में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 के बूथ क्रमांक 50, गायत्री नगर में भव्य कन्या पूजन समारोह आयोजित किया गया। आयोजकों के अनुसार, उज्जैन उत्तर विधानसभा क्षेत्र में 151 स्थानों पर एक साथ 31 हजार कन्याओं का पूजन किया गया। इसी क्रम में गायत्री नगर स्थित बूथ क्रमांक 50 पर 125 कन्याओं का विधि-विधान से पूजन कर उनका सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए किसान मोर्चा के जिला मंत्री एवं बूथ अध्यक्ष दिनेश कुंभकार ने बताया कि कन्या पूजन समारोह में अतिथि एवं यजमान के रूप में वृंदावन धाम के महंत गिरी शर्मा, संजय वर्मा और दीप यादव उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में राजेश सेठी, जगदीश कारपेंटर, श्रीमती इंदु जायसवाल, जगदीश माली काका, जय नारायण तिवारी, गंगाराम साहू, विक्रम चौहान, हेमंत सेठी, प्रकाश स्वर्णकार, शर्मा और मोनिका जायसवाल सहित अन्य गणमान्यजन शामिल हुए। समारोह के दौरान मातृशक्ति एवं कन्याओं ने गरबा कर उत्सव का आनंद लिया। इस अवसर पर दो कन्याओं का जन्मदिन भी केक काटकर मनाया गया। इसके बाद सभी कन्याओं को कुमकुम एवं बिंदी लगाकर उपहार और लिफाफे भेंट किए गए। तत्पश्चात कन्याओं को भोजन प्रसादी ग्रहण कराई गई।



धार्मिक आस्था और उत्साह के वातावरण में संपन्न हुए इस आयोजन का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ। कार्यक्रम का आभार गोपाल भावसार ने व्यक्त किया।


विदेशी सिलाई मशीनों पर हुनर तराशकर आज भी अपनी पहचान बनाए हुए हैं उज्जैन के कारीगर

1790 से 1935 के बीच बनी विदेशी सिलाई मशीनों से जुड़ा है टेलरिंग का इतिहास, उज्जैन के शौकत हुसैन ने मुंबई के कमर्शियल टेलरिंग कॉलेज से दो साल की ट्रेनिंग लेकर हासिल किया डिप्लोमा और टेलरिंग के क्षेत्र में बनाई अपनी खास पहचान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिलाई का काम केवल कपड़े सिलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हुनर, अनुभव और बारीकी का ऐसा संगम है, जो कारीगर को अलग पहचान दिलाता है।

उज्जैन में आज भी कई ऐसे उच्च स्तर के टेलर मौजूद हैं, जिन्होंने वर्षों की मेहनत और प्रशिक्षण से इस क्षेत्र में अपनी खास पहचान बनाई है। इनमें नागौरी मोहल्ला निवासी 69 वर्षीय शौकत हुसैन भी शामिल हैं, जो लाल मस्जिद चौराहे के पास ब्राह्मण गली के मोड़ पर गनी टेलर्स के नाम से दुकान संचालित करते हैं। शौकत हुसैन ने बचपन से ही टेलरिंग का काम सीखा और मुंबई के कमर्शियल टेलरिंग कॉलेज में दो साल तक प्रशिक्षण लेकर इस हुनर को और निखारा। उनके पास वर्ष 1982 में कॉलेज से प्राप्त डिप्लोमा प्रमाणपत्र आज भी सुरक्षित है, जिसे उन्होंने अपनी दुकान पर लगा रखा है।









बचपन से सीखा हुनर, कोट सिलाई में बनाई पहचान- शौकत हुसैन के पिता अब्दुल गनी ने उज्जैन में कोट सिलाई और अल्टर का काम शुरू किया था। पिता से मिले हुनर को शौकत हुसैन ने आगे बढ़ाया और कोट की सिलाई में विशेष महारत हासिल की। उनके यहां शहर की कई जानी-मानी हस्तियां कोट सिलवाने आती हैं। इनमें नेता, वरिष्ठ अधिकारी, रेलवे अधिकारी, वकील और न्यायाधीश सहित अन्य लोग शामिल हैं। उनके पिता अमेरिकन जोधपुरी कोट के अल्टर में माहिर थे। शौकत हुसैन ने भी इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए कोट की सिलाई में अपनी अलग पहचान बनाई है।

विदेशी मशीनों से ली ट्रेनिंग, टेलरिंग का पुराना इतिहास- सिलाई मशीन के विकास का इतिहास भी काफी पुराना है। वर्ष 1790 में लंदन के थॉमस सेंट ने सिलाई मशीन का डिजाइन तैयार किया था। इसके बाद 1845 में एलियस होवे ने सिलाई मशीन का एक महत्वपूर्ण डिजाइन विकसित किया। वर्ष 1850 में इसाक सिंगर ने सिलाई मशीन को अधिक व्यावहारिक रूप देने में अहम योगदान दिया। वहीं, जर्मनी के जॉर्ज माइकेल प्फाफ ने भी सिलाई मशीन के विकास में योगदान दिया। 1935 में उषा सिलाई मशीन बनी इन मशीनों और तकनीकों ने टेलरिंग के काम को नई दिशा दी। उज्जैन के कुछ कारीगरों ने विदेशों में निर्मित पुरानी सिलाई मशीनों पर काम करने और उनसे प्रशिक्षण लेने का अनुभव हासिल किया है। इन मशीनों से जुड़ी जानकारी और उनके फोटो भी है।

हुनर और अनुभव आज भी कायम- बदलते समय के साथ सिलाई मशीनों और कपड़ों की सिलाई के तरीकों में काफी बदलाव आया है, लेकिन अनुभवी कारीगरों की अहमियत आज भी बनी हुई है। शौकत हुसैन जैसे टेलर अपनी बारीक काम और वर्षों के अनुभव के दम पर ग्राहकों का भरोसा कायम रखे हुए हैं।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | रविवार 18 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

28 अक्टूबर को आयोजित होगा राज्य स्तरीय अर्बन कॉन्क्लेव

इंदौर। आधुनिक शहरी अधोसंरचना को गति देने के उद्देश्य से आगामी 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में राज्य स्तरीय 'अर्बन कॉन्क्लेव-2026' का आयोजन किया जाएगा। कॉन्क्लेव में प्रदेश के भावी शहरों की प्राथमिकताओं एवं आवश्यकताओं, डिजिटल गवर्नेंस, ग्रीन सिटी अवधारणा तथा पर्यावरण-अनुकूल सतत विकास जैसे विषयों पर विषय-विशेषज्ञों और नीति-निमार्ताओं द्वारा गहन विचार-विमर्श किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में जल राशि के सुदृढ़ एवं वैज्ञानिक प्रबंधन तथा प्रयुक्त जल के पुनः चक्रण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कॉन्क्लेव में उपचारित प्रयुक्त जल पुनर्चक्रण विजन पर भी चर्चा होगी ।

लापरवाही पर दो शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस

इंदौर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत इंदौर हिमांशु प्रजापति द्वारा जन विश्वास शिविर के दौरान जनपद पंचायत देपालपुर अंतर्गत पी.एम. श्री स्कूल बनेड़िया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की कॉपियों के मूल्यांकन में त्रुटियां पाए जाने तथा अध्यापन कार्य में अपेक्षित गुणवत्ता का अभाव सामने आने पर संबंधित दो शिक्षिकाओं को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए। निरीक्षण के दौरान विद्यार्थियों की कॉपियों की जांच कर शैक्षणिक कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया गया। इस दौरान मूल्यांकन में त्रुटियां पाए जाने तथा अध्यापन कार्य निर्धारित अपेक्षाओं के अनुरूप नहीं होने पर श्री प्रजापति ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आयशा खान एवं सुशीला डटोतिया को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से 23 नमूने जांच हेतु संग्रहित

इंदौर। खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, मिलावट पर नियंत्रण रखने तथा आमजन को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई के साथ जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा सांची वीनस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रेस्टोरेंट, 39 रेस कोर्स रोड, इंदौर का 11 सितंबर 2026 को निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में प्रतिष्ठान को सुधार सूचना पत्र जारी किया गया था। संतोषजनक निराकरण नहीं किए जाने तथा प्रस्तुत जवाब एवं दस्तावेजों में भी खाद्य सुरक्षा संबंधी कमियां पाए जाने पर पंजीयन प्राधिकारी मनोज कुमार रघुवंशी द्वारा 15 अक्टूबर 2026 को आदेश जारी कर प्रतिष्ठान का पंजीयन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

इंदौर मेट्रो में दो से ढाई हजार यात्री प्रतिदिन कर रहे सफर



इंदौर। मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत शहीद बगीचा से पलासिया तक के प्रस्तावित मेट्रो प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए डेडलाइन पूर्व में 2027 रखी गई थी। अब इस हिस्से में शहीद बगीचा से खजराना तक का हिस्सा ही एलिवेटेड बनना है। ऐसे में इस हिस्से का निर्माण कार्य पूर्ण अगले एक साल में पूरा करना होगा। शुक्रवार को मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य ने इस हिस्से के निरीक्षण के दौरान कार्य को तय समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इस हिस्से में निर्माण के लिए एजेंसी को मार्च 2024 में ठेका मिला था और जून में निर्माण कार्य शुरू किया गया। हालांकि इस बीच खजराना से पलासिया तक मेट्रो के हिस्से को अंडर ग्राउंड करने का निर्णय लिया गया। ऐसे जिस एजेंसी को काम सौंपा गया। उसे सिर्फ खजराना शहीद बगीचा व खजराना का एलिवेटेड मेट्रो स्टेशन ही तैयार करना है। मेट्रो के एमडी एस कृष्ण चैतन्य से शुक्रवार को एयरपोर्ट स्थित भूमिगत मेट्रो स्टेशन के निमार्णाधीन परिसर में टनल बोरिंग मशीन सरस्वती की शाफ्ट लांचिंग की प्रक्रिया का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि परियोजना के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं को दूर करने के लिए सभी संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित किया जाए। विभिन्न स्तरों पर लंबित विषयों का समयबद्ध निराकरण करते हुए निर्माण कार्यों को गति प्रदान की जाए तथा निर्धारित लक्ष्यों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए।

नैनो न्यूज

- **देवास – औद्योगिक इकाइयों में उत्पादन पर जोर-** देवास के औद्योगिक क्षेत्र में विनिर्माण इकाइयां उत्पादन व्यवस्था, कच्चे माल की उपलब्धता और समय पर आपूर्ति पर ध्यान दे रही हैं। इससे स्थानीय व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलने की उम्मीद है।
- **आगर मालवा – कृषि उपज के कारोबार पर नजर-** आगर मालवा जिले में कृषि उपज के कारोबार से जुड़े व्यापारी मंडियों में आवक, गुणवत्ता और खरीदारों की मांग के अनुसार खरीदी की रणनीति बना रहे हैं।
- **शाजापुर – कृष्णमृगों के संरक्षण का अभियान-** शाजापुर क्षेत्र में कृष्णमृगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का अभियान जारी है। वन्यजीव संरक्षण के इस अभियान में वन विभाग की टीमें लगातार निगरानी और रेस्क्यू कार्य कर रही हैं।
- **सुसनेर – नगर परिषद उपचुनाव में भाजपा जीती-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष पद के उपचुनाव में भाजपा के प्रदीप सोनी ने जीत दर्ज की। चुनाव परिणाम के बाद स्थानीय निकाय की राजनीतिक गतिविधियों में तेजी आई है।
- **रतलाम – रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रेन हादसा टला-** रतलाम में बंजली बायपास रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैक में फंसी कार से ट्रेन टकरा गई। घटना के बाद रेलवे ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं।

मानव और पशुओं के लिए है बेहद खतरनाक, 70 देशों में पहले से प्रतिबंधित

कीटनाशक पैराक्वेट डाइक्लोराइड के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

मूंग की खेती में किसान फसल को जल्दी निकालने के लिए इसका उपयोग करते रहे, छिड़काव करने से पौधे 24 से 72 घंटों के भीतर पूरी तरह सूख जाती

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानव एवं पशुओं के जीवन के लिए खतरनाक पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर राज्य शासन ने पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार की अधिसूचना के सूचना जारी होने के उपरांत यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही राज्य शासन ने निमार्ता कम्पनियों के पास बचा स्टॉक तत्काल नष्ट करने के निर्देश हैं।

किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिन निमार्ताओं के पास पैराक्वेट डायक्लोराइड के पंजीकरण प्रमाण पत्र है उन्हें तत्काल केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति को वापस करने के निर्देश दिए हैं। इस कीटनाशक के बचे स्टाक को वापस बुलाकर नियम, प्रक्रिया अनुसार नष्ट करने की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं।भारत सरकार ने कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत पैराक्वेट डाइक्लोराइड के नए रजिस्ट्रेशन और पहले से जारी सभी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट्स को रद्द कर इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। दुनिया के लगभग 70 देशों में इसका उपयोग पहले से प्रतिबंधित है।

पत्तों की तरह फेफड़ों का नुकसान पहुंचाता है

यह पौधों के हरे हिस्सों के संपर्क में आते ही उन्हें तेजी से जलाकर नष्ट कर देता था। इसे 'ग्रामोक्सोन' जैसे ट्रेड नाम से भी जाना जाता है। यह इंसानों और जानवरों के लिए अत्यधिक विषैला है। इसके शरीर में जाने या संपर्क में आने से फेफड़े और गुर्दे (किडनी) गंभीर रूप से खराब हो जाते हैं। इसका कोई विशिष्ट एंटीडोट (विषारोधी इलाज) उपलब्ध नहीं है। किसान मूंग की फसल में पैराक्वेट डाइक्लोराइड का उपयोग फसल की कटाई से ठीक पहले पत्तियों को सुखाने और फसल को जल्दी पकाने के लिए करते हैं। इसका छिड़काव करने से मूंग के हरे पौधे और पत्तियां 24 से 72 घंटों के भीतर पूरी तरह सूख जाती हैं। पत्तियां सूख जाने से फसल को काटना और थ्रेसिंग करना आसान हो जाता है, जिससे मजदूरों का खर्च और समय बचता है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार इसका उपयोग मूंग की फसल पर करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद किसान अवैध रूप से इसका शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं।

स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

यह एक अत्यंत विषैला केमिकल है। इसके संपर्क में आने या इसके अवशेषों वाली मूंग के सेवन से कैंसर, लिवर, किडनी और मस्तिष्क से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। यदि यह शरीर में चला जाए या गलती से पिया जाए, तो इसका कोई इलाज या एंटीडोट नहीं है, जिससे यह जानलेवा साबित होता है।

विधायक मालिनी लक्ष्मणसिंह गौड़ का तंज–जब छोटे काम ही नहीं होते तो बैठकों में जाने का क्या मतलब?

जल संकट पर बैठक से दूरी क्यों नाराज है विधायक गौड़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर में भविष्य के जल संकट से निपटने और जलापूर्ति व्यवस्था को मजबूत करने के लिए बुलाई गई बैठक अब राजनीतिक चर्चा का विषय बन गई है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की पहल पर हुई बैठक में विधायकों की अनुपस्थिति के बीच विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-4 की विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ ने मीडिया के सामने अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने बैठकों की उपयोगिता पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब छोटे-छोटे काम ही समय पर नहीं होते, तो ऐसी बैठकों में जाने का क्या मतलब है? उनके इस बयान को शहर की जलापूर्ति व्यवस्था और अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर राजनीतिक असंतोष के रूप में देखा जा रहा है। जल संकट को लेकर भविष्य की तैयारी की चर्चा के बीच गोंदवलेधाम में बनी पानी की टंकी का मामला सामने आया है। विधायक मालिनी गौड़ ने इस टंकी का उल्लेख करते हुए कहा कि अभी तक इसके कनेक्शन और पानी की व्यवस्था ही पूरी नहीं हो पाई है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब तैयार हो चुकी जल संरचनाओं से ही पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है, तो भविष्य की जरूरतों को पूरा करने की योजनाएं कितनी प्रभावी साबित होंगी?

बैठक में ये जनप्रतिनिधि पहुंचे

जलसंकट को लेकर बुलाई गई बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक मधु वर्मा, महेंद्र हार्डिया और रमेश मेंदोला शामिल हुए। वहीं, विधायक गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, मनोज पटेल, तुलसी सिलावट और उषा ठाकुर के अलावा सांसद शंकर लालवानी भी बैठक में नहीं पहुंचे। बैठक में जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय रही।

शायद उनके क्षेत्र में जलसंकट नहीं होगा : विजयवर्गीय- बैठक समाप्त होने के बाद जब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से जनप्रतिनिधियों की गैरमौजूदगी को लेकर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि यह सवाल मुझसे क्यों पूछ रहे हैं? जो गैरमौजूद हैं, उनसे पूछना चाहिए। शायद उनके विधानसभा क्षेत्र में जलसंकट नहीं होगा, इसलिए वे बैठक में नहीं आए होंगे।

जल समिति प्रभारी का जवाब... टंकी की दो बार टेस्टिंग हो चुकी

इस मामले में जल समिति प्रभारी अभिषेक बबलू शर्मा ने अलग पक्ष रखते हुए कहा कि संबंधित टंकी को नर्मदा के चतुर्थ चरण से मिलने वाले पानी के साथ भरकर सप्लाई शुरू करने की योजना बनाई गई थी। उन्होंने बताया कि नगर निगम की ओर से टंकी को दो बार भरकर टेस्टिंग भी की जा चुकी है और इसकी शेयरिंग लाइन का काम भी पूरा हो चुका है उन्होंने उम्मीद जताई कि दिसंबर या जनवरी तक कनेक्शन का काम पूरा होते ही टंकी में पानी भरकर आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

सियासी सवालः योजना पहले या जनता को पानी पहले?

इस पूरे मामले में एक ओर भविष्य के जल संकट से निपटने के लिए बैठकें और योजनाएं हैं, तो दूसरी ओर बनी हुई टंकी से नियमित जलापूर्ति शुरू होने का इंतजार। विधायक का बयान जहां बैठकों के बजाय जमीनी काम को प्राथमिकता देने की मांग के रूप में सामने आया है, वहीं जल समिति प्रभारी ने तकनीकी प्रक्रिया और निर्धारित समयसीमा का हवाला दिया है। अब निगाहें इस बात पर रहेंगी कि दिसंबर-जनवरी की बताई गई समय सीमा में गोंदवले धाम की टंकी से वास्तव में पानी की सप्लाई शुरू हो पाती है या नहीं।

इंडिगो में खराब मौसम के कारण अटकी 195 यात्रियों की सांसें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर प्रतिकूल मौसम के कारण मुंबई से आए 195 यात्रियों की सांसें अटक गईं। हवा की गति और दिशा अनुकूल नहीं होने से इंडिगो की फ्लाइट को रनवे पर उतारने की तीन कोशिशें नाकाम रहीं। हर बार रनवे के करीब पहुंचने के बाद विमान को दोबारा हवा में उठाना पड़ा। आखिरकार पायलट ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए विमान को भोपाल डायवर्ट कर दिया। हालांकि, भोपाल में भी पहली कोशिश में लैंडिंग नहीं हो सकी।

इंडिगो की फ्लाइट 6ई-5181 मुंबई से सुबह 11:50 बजे इंदौर पहुंचती है। यहां से दोपहर 12:20 बजे इसे हैदराबाद के लिए रवाना होना था, लेकिन इंदौर में लैंडिंग के दौरान हवा की प्रतिकूल परिस्थितियों ने पायलट की चुनौती बढ़ा दी। लगातार तीन प्रयासों के बाद भी विमान रनवे पर नहीं उतर सका तो यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उसे भोपाल ले जाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद विमान भोपाल ले जाया गया और वहां दो बार की कोशिश के बाद सफलतापूर्वक लैंड किया गया। वहां भी पहली बार में विमान रनवे पर नहीं उतर सका। विमान को रनवे के करीब पहुंचकर फिर ऊपर उठते देख यात्रियों में घबराहट बढ़ने लगी। उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि विमान बार-बार उतरने के बजाय वापस क्यों जा रहा है। फ्लाइट स्टाफ ने यात्रियों को मौसम की स्थिति और विमान को भोपाल ले जाने के निर्णय की जानकारी दी।

'ईसी' ने दी विभागों के सभी दस्तावेजों के डिजिटलाइजेशन को मंजूरी

चलेगा नशामुक्ति अभियान, एमए हिन्दू स्टडीज कोर्स शुरू होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्य-परिषद ने विवि में नशामुक्ति अभियान को सुचारू रूप से चलाने हेतु नशामुक्ति क्रियान्वयन प्रकोष्ठ की स्थापना के प्रस्ताव को स्वीकृत कर दिया है। ऐसे ही शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विभाग के समस्त दस्तावेजों का डिजिटलाइजेशन कराया जाएगा, साथ ही जुलाई 2027 से पाठ्यक्रम 'एम.ए. हिन्दू स्टडीज' प्रारंभ करने (डिपार्टमेंट ऑफ हिन्दू स्टडीज की स्थापना) को मंजूरी दी गई है।

विवि की 'ईसी' की उक्त बैठक शुक्रवार को नालंदा परिसर में हुई। बैठक में नवनियुक्त सदस्य निमेश पाठक, डॉ. आदित्य माहेश्वरी, सुश्री रुचि कपिल मिश्रा आदि का कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई ने स्वागत किया।

सदस्य निमेष पाठक की अनुकरणीय पहल

कार्य-परिषद की उक्त बैठक में नवनियुक्त सदस्य और अधिवक्ता निमेष पाठक द्वारा उपस्थित होने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त मानदेय राशि स्वीकार नहीं करते हुए उक्त मानदेय छात्र कल्याण एवं कर्मचारी कल्याण हेतु उपयोग मे लिए जाने लिखित सहमति व्यक्त की गई। यह अनुकरणीय आदर्श सभी के लिए प्रेरणादायक है। ज्ञात हो कि पूर्व में सदस्य डॉ. के.के. तिवारी (भोपाल) ऐसा कर चुके हैं।

इन पर भी 'हाँ....'- बैठक में वित्त समिति की अनुशंसाओं को स्वीकृत करते हुए परीक्षा संचालन एवं कार्यालयीन उपयोग के लिए आवश्यक स्टेशनरी खरीदने की अनुशंसा मान्य की गई। ईएमआरसी हेतु आधुनिक ऑडियो-विजुअल उपकरणों को खरीदने के प्रस्ताव को भी स्वीकृत किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग में टेनिस कोर्ट के निर्माण हेतु 20 लाख मंजूर किए गए।

जानकारी के अनुसार बैठक में कर्मचारियों की पदोन्नति हेतु अनिवार्य सी.पी.सी.टी. अर्हता से छूट प्रदान करने के शासन के आदेश को स्वीकार किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि वि.वि. के स्थापना दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट शोध, शिक्षण, कार्य एवं व्यवहार के आधार पर शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा, साथ ही विशिष्ट पूर्व छात्रों को भी विभिन्न वर्गों में सम्मानित किया जाएगा। इसी तरह निर्णय लिया गया कि विवि की अध्ययनशालाओं में पढ़ रहे विद्यार्थियों का स्वास्थ्य बीमा कराया जाएगा, वहीं 'अग्निवीर' योजना के मुताबिक उनके पुत्र-पुत्रियों के विवि में प्रवेश लेने पर शिक्षण शुल्क नहीं लेने का फैसला भी लिया गया।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाचरौद के घिनौदा में संचालित हो रहे बगैर डिग्री चिकित्सा करने वाले चिकित्सक का दवाखाना बंद कराया गया है। इसे लेकर जनसुनवाई में मांगीलाल पिता नानूराम पाटीदार, निवासी घिनोदा डॉ. विश्वास के विरुद्ध शिकायत प्रस्तुत की गई थी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी के मार्गदर्शन में इसे बंद करवाया गया है।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा मौके पर पहुँचकर कार्रवाई करते हुए संबंधित दवाखाना बंद कराया गया।13 अक्टूबर को इसकी शिकायत थी जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से संचालित दवाखाना बंद करवाया गया है। कार्रवाई के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. प्रदीप सोमेश, शिशु रोग विशेषज्ञ तथा अनोखीलाल, नागदा सहित संबंधित टीम मौके पर पहुँची। कार्रवाई करते हुए संबंधित दवाखाने को बंद कराया गया। डॉ. विक्रम रघुवंशी ने स्पष्ट किया कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। बिना वैध चिकित्सकीय योग्यता के चिकित्सा कार्य करने तथा नियमों के विपरीत संचालित होने वाले दवाखानों के संबंध में प्राप्त शिकायतों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

तेज रफ्तार भारी वाहनों से हादसों का खतरा, फिटनेस और नियमों की जांच पर उठ रहे सवाल

शहर की सड़कों पर मौत बनकर दौड़ रहे डंपर...

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर की सड़कों पर तेज रफ्तार से दौड़ रहे डंपर आम लोगों की जिंदगी के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं, जबकि कई गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इसके बावजूद भारी वाहनों के संचालन पर प्रभावी नियंत्रण नजर नहीं आ रहा है। वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और चालकों की योग्यता की जांच को लेकर परिवहन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत उज्जैन में सड़क चौड़ीकरण, पुल निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। इन कार्यों के लिए निर्माण सामग्री पहुंचाने में बड़ी संख्या में डंपर और रेती से भरे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों का उपयोग हो रहा है। निर्माण सामग्री की बढ़ती आवाजाही के बीच शहर की मुख्य सड़कों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी भारी वाहन धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ऐसे में दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। भारी वाहनों की तेज रफ्तार और उनके संचालन में लापरवाही आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है। शहर में निर्माण कार्यों के चलते भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन इससे आम लोगों की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता। डंपरों की गति नियंत्रित करने, चालकों के वैध लाइसेंस की जांच करने तथा फिटनेस, परमिट और बीमा संबंधी दस्तावेजों का सत्यापन करने की आवश्यकता है। साथ ही भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भारी वाहनों की आवाजाही को व्यवस्थित करने के लिए प्रभावी व्यवस्था जरूरी है।

नौसिखियों के हाथों में भारी वाहनों की कमान

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निर्माण सामग्री ढोने के लिए बड़ी संख्या में डंपर संचालित हो रहे हैं। आरोप हैं कि कुछ वाहन मालिक अनुभवहीन चालकों को भारी वाहनों की जिम्मेदारी सौंप देते हैं। भारी वाहनों को चलाने के लिए विशेष कौशल और सतर्कता की जरूरत होती है। ऐसे में अप्रशिक्षित या अनुभवहीन चालकों के हाथों में इन वाहनों की कमान होने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। चालकों के लाइसेंस और योग्यता की जांच के साथ यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है।

बिना फिटनेस वाले वाहन भी सडकों पर

परिवहन विभाग के पास जिले में पंजीकृत वाहनों और उन्हें जारी किए गए फिटनेस प्रमाण-पत्रों का रिकॉर्ड उपलब्ध रहता है। इसके बावजूद पुराने और व्यावसायिक वाहनों की फिटनेस जांच तथा प्रमाण-पत्रों के नवीनीकरण को लेकर प्रभावी कार्रवाई की जरूरत महसूस की जा रही है। वाहनों की नियमित जांच नहीं होने की स्थिति में तकनीकी रूप से खराब या निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतरने वाले वाहन भी सड़क पर दुर्घटनाओं का कारण बन सकते हैं। तेज गति से दौड़ रहे यह डंपर आए दिन किसी न किसी को अपना शिकार बना रहे हैं। पुलिस प्रशासन की लचर कार्यशैली के कारण ऐसे डम्पर चालकों पर कोई रोक नहीं लगाई जा सकी है, जिसके कारण सड़कों पर वाहन चलाना अब खतरे से खाली नहीं रहा है।

युवा और अल्पसंख्यक मोर्चा को नगर अध्यक्ष का इंतजार

नगर नियुक्तियों का दौर शुरू, एसटी मोर्चा की टीम घोषित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा में संगठनात्मक नियुक्तियों का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा इंदौर महानगर की नगर कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। नगर अध्यक्ष थानसिंह सिसोदिया ने प्रदेश नेतृत्व और नगर संगठन की सहमति से 31 पदाधिकारियों की सूची जारी की है। इस नियुक्ति के साथ ही अब संगठन के अन्य मोर्चों में भी नियुक्तियों को लेकर हलचल तेज होने की संभावना है।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा की घोषित कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यालय मंत्री, मीडिया प्रभारी सहित विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। सूची के अनुसार राहुल पंवार, करुण भूरिया, रघुसिंह बघेल, नयन सोलंकी और अटल पारगी को उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं सुमित बघेल और सुनीता मौर्य को महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अन्य पदों पर भी नियुक्तियां की गई हैं।

एसटी मोर्चा की नगर कार्यकारिणी घोषित होने के बाद अब भाजपा के अन्य मोर्चों की नियुक्तियों को लेकर कार्यकताओं की नजरें टिकी हैं। युवा मोर्चा और अल्पसंख्यक मोर्चा में नगर अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार है, जबकि महिला मोर्चा और किसान मोर्चा में नगर पदाधिकारियों की नियुक्तियां होना बाकी हैं।

इन नियुक्तियों को लेकर संगठन के भीतर उत्सुकता बनी हुई है। नगर अध्यक्षों और पदाधिकारियों के चयन में संगठनात्मक अनुभव, सक्रियता और कार्यकताओं के बीच स्वीकार्यता जैसे पहलुओं की भूमिका महत्वपूर्ण मानी जा रही है। हालांकि, अन्य मोर्चों की नियुक्तियों को लेकर अभी कोई आधिकारिक घोषणा सामने नहीं आई है।

न्यूज कालम



झिरन्या में शिक्षकों को एआई प्रशिक्षण, बनेंगे शिक्षण के मास्टर ट्रेनर

खरगोन। जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश, पिरामल फाउंडेशन और माइक्रोसॉफ्ट के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरन्या में विकासखंड स्तरीय एआई मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से लैस करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। कार्यशाला का मुख्य फोकस शिक्षकों को निःशुल्क एआई टूल कोपायलट का गहन प्रशिक्षण देना था। इसका उद्देश्य उन्हें शिक्षण में नवाचार अपनाने और विद्यार्थियों को २१वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने में सक्षम बनाना है। पिरामल फाउंडेशन के अनुभवी फैसिलिटेटर्स द्वारा इस कार्यशाला का संचालन किया गया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन को खंड शिक्षा अधिकारी तिवारी का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त, मास्टर फैसिलिटेटर हेमा गुप्ता और प्रकाश के साथ-साथ प्राचार्य धर्मेंद्र भट्टी का कार्यशाला में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से शिक्षण.अधिगम प्रक्रिया में गुणवत्ता आएगी। विद्यार्थियों को भी आधुनिक शिक्षा का सीधा लाभ मिलेगा, जिससे उनकी सीखने की क्षमता और भविष्य की संभावनाएं बढ़ेंगी।

नवग्रह मेला मैदान पर होगा 51 फीट ऊंचे रावण पुतले का दहन


खरगोन। विजयादशमी पर्व को लेकर शहर में तैयारियां जोरों पर हैं। नगर पालिका की ओर से रावण दहन के लिए इस बार भी ५१ फीट ऊंचा रावण का पुतला तैयार कराया जा रहा है। नगर पालिका द्वारा नवग्रह मेला मैदान पर किए जाने वाले रावण दहन के लिए पुतले को आकर्षक और भव्य रूप देने के लिए कारीगर विशेष चमकीली वेशभूषा का प्रयोग कर रहे हैं। इन दिनों पुतले को अंतिम रूप देने का कार्य चल रहा है। कारीगर प्रमोद चौहान ने बताया ८ कारीगर दिन.रात एक कर पुतले को तय समय पर तैयार करने में जुटे हैं। पुतले को रंग-बिरंगी लाइटों और चमकदार सामग्री से सजाया जा रहा है, ताकि यह दूर से ही भव्य दिखाई दे। पुतले के निर्माण में कई दिनों से कारीगर लगे हुए हैं और अब यह अपने अंतिम चरण में है। उम्मीद है कि यह पुतला इस वर्ष के दशहरे पर्व का मुख्य आकर्षण बनेगा।

बुरहानपुर में मक्का से भरे दो ट्रक जब्त, 1.20 लाख की पेनल्टी लगेगी



बुरहानपुर। बुरहानपुर में कृषि उपज मंडी के उड़नदस्ते ने शुक्रवार को 600 क्विंटल मक्के से भरे दो ट्रक जब्त किए। दोनों ट्रक मध्यप्रदेश से महाराष्ट्र जा रहे थे। जांच के दौरान चालकों के पास मक्का परिवहन का अनुज्ञा शुल्क और मंडी से संबंधित जरूरी दस्तावेज नहीं मिले। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों ट्रकों पर कुल १.२० लाख रुपए की पेनल्टी लगाई जाएगी।कृषि उपज मंडी बुरहानपुर के उड़नदस्ता प्रभारी श्रीकांत गंगराड़े ने बताया कि मक्का हरदा मंडी से लोड किया गया था। दोनों ट्रकों में 300-300 क्विंटल मक्का भरा था। अनुज्ञा शुल्क नहीं मिलने पर प्रत्येक ट्रक पर 60 हजार रुपए की पेनल्टी लगाई जाएगी। पेनल्टी जमा करने के बाद ही दोनों वाहनों को छोड़ा जाएगा।दो दिन पहले मंडी सचिव भूपेंद्र सिंह सोलंकी और उड़नदस्ता प्रभारी श्रीकांत गंगराड़े ने जांच अभियान चलाया था। उस दौरान आठ में से पांच वाहनों के पास वैध एनओसी नहीं मिली थी। उन वाहनों पर भी पेनल्टी लगाई गई थी। शुक्रवार को पेनल्टी जमा होने के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

सांदीपनि विद्यालय मे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी वाहन किए प्रदान



जावरा । मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग की महती, "प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना" के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय मे अध्ययनरत एवं हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्चय अंक प्राप्त, छात्र विशेष-सोमेश वारंगल एवं कुमारी रानू -बालाराम पाटीदार को, मध्य प्रदेश शासन द्वारा निःशुल्क स्कूटी वाहन प्रदान किए गए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्राचार्य राजेंद्र बोस,उप प्राचार्य संजय श्रीवास्तव, परीक्षा प्रभारी वर्षा तिवारी, ज्योति जोशी, मार्गदर्शी शिक्षकगण मुकेश गहलोत, राकेश डारिया, विभा जैन, शीतल सोनी, गिरीश मूले मदनलाल मकवाना,नीता बैरागी, सीमा मेहता आदि ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाए व्यक्त की।

रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की स्कूल में किया कन्या पूजन

बड़वानी। आज रोटरी क्लब ऑफ बड़वानी सिटी के द्वारा मां शक्ति के पावन पर्व नवरात्रि के सप्तमी के अवसर पर बड़वानी के निकट ग्रामीण क्षेत्र की शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोयडिया खोदरा में जा कर छोटी छोटी बेटियों का कन्या पूजन क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी रोटेरियन डॉक्टर अर्पित लाड़ रोटेरियन अर्पिता लाड द्वारा किया गया कन्याओं के पाद प्रक्षालन कर कंकु पुष्प लगा कर चुनरी ओढ़ाई गई साथ ही सभी बच्चों को उपहार स्वरूप शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई और फल और स्वल्पाहार दिया गया, साथ ही स्कूल के पास ही विराजित मां दुर्गा के पांडाल में मां शक्ति की आराधना स्वरूप सभी बच्चों के साथ गरबा भी किया गया और माता का पूजन किया गया ,उपरोक्त जानकारी क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मनीष जैन ने देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्र के नागरिकों से अपील की ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के बीच जा कर उन सुविधा विहीन बच्चों के बीच जा कर यदि हम कन्या भोज , कन्या पूजन करेंगे तो हमे एक अलग ही सुखद अनुभूति होती है साथ ही उन बेटियों के चेहरे पर खुशी और मुस्कान आती है जिससे कि हमारी मां दुर्गा प्रसन्न होती है ।

ज्योति नगर नवरात्र उत्सव में भक्ति, गरबा और चरी नृत्य का रंग, लोक नृत्यों ने बांधा समां

सामूहिक महाआरती में विधायकऔर एसपी हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



ज्योति नगर में नवरात्र उत्सव के दौरान शुक्रवार रात सामूहिक महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। यहां विधायक बालकृष्ण पाटीदार और एसपी रविंद्र वर्मा ने ललिता स्वरुप में राजमहल में विराजित खरगोन की महारानी का दर्शन-पूजन किया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ माता रानी की सामूहिक आरती की। आरती के दौरान पूरा वातावरण आरती स्वर और जयकारों से गूंज उठा, जिससे वहां मौजूद हर व्यक्ति अध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो गया।

आरती के बाद कॉलोनी के सीनियर और जूनियर ग्रुपों ने रंगारंग गरबों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन ऊजार्वान नृत्यों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। गरबा के बाद, कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित राष्ट्रीय कलाकार संजय महाजन के नृत्य दल ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए शानदार चरी नृत्य एवं नर्मदा स्तुति प्रस्तुत किया। नृत्य की पारंपरिक व आकर्षक मुद्राएं और कलाकारों की दक्षता दर्शकों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र रहींए जिसे सभी ने खूब पसंद किया।

विधायक श्री पाटीदार ने गरबा प्रस्तुतियां को निहारने के बाद कहा कि ज्योतिनगर शहर के सांस्कृतिक, अध्यात्मिक और धार्मिक आयोजनों का केंद्र बना हुआ है। यहां हर तीज-त्योहार कॉलोनीवासी भव्यता के साथ मनाते है, जो कॉलोनी की एकता एवं सामाजिक समरसता का उदाहरण है।

एसपी श्री वर्मा ने कहा कि यहां हो रहे आयोजन भक्ति, संस्कृति और लोककला का संगम होकर सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों को बढ़ावा देने का उदाहरण बन रहे है। आयोजन समिति के अध्यक्ष ने अतिथियों का आभार जताते हुए कहा की नवरात्र के पावन अवसर पर ज्योति नगर में उत्सव का माहौल बना हुआ है, यहां प्रतिदिन ऐसे ही धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम उत्साह के साथ आयोजित किए जा रहे हैं, जो स्थानीय निवासियों को एक साथ आने और अपनी परंपराओं का उत्सव मनाने का अवसर प्रदान कर रहे हैं।

नवरात्रि पर्व के बीच जय बजरंग सेना द्वारा निकाली गई विशाल चुनरी यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

नगर में बड़े धार्मिक उत्साह के साथ माता रानी के नवरात्रि पर्व चल रहे हैं, बड़ी संख्या में श्रद्धालु सुबह से लेकर रात्रि तक माताजी के दर्शन एवं गरबो का आनंद प्राप्त कर रहे हैं, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि नवरात्रि पर माताजी को चुनरी अर्पण करने का विशेष महत्व है, सभी के कल्याण एवं क्षेत्र की सुख समृद्धि खुशहाली के लिए सामाजिक बंधु चुनरी यात्रा निकालकर माताजी को भेंट कर रहे हैं, विगत ५ वर्षों से जय बजरंग सेना द्वारा भव्य चुनरी यात्रा में निकाली जा रही है, इस वर्ष भी चुनरी एवं कलश यात्रा पार्वती बाई धर्मशाला से भवानी माता मंदिर तक निकाली गई, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष आनंद राम गुर्जर ने बताया कि यह यात्रा हर वर्ष निकाली जा रही है और इसका हर वर्ष स्वरूप भव्य होते जा रहा है, इस यात्रा में राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश पांजरे,विधायक प्रतिनिधि मुकेश तनवे परमजीत सिंह नारंग, शुभम जैन,आदित्य मेहता, सुनील जैन, दिनेश पालीवाल, राजेश यादव, बलदेव सिंह मौर्य, लोकेंद्र गौड, कौशल व्यास, डैनी यादव, अमित गुप्ता, जगदीश मालपानी, लिलाधरजी, प्रथमेश यादव, लोकेश, संजय पालीवाल, कमल बंसेले के साथ ही मातृ शक्ति जिला अध्यक्ष चेतना ठाकुर, राखी पटेल,मनीषा पटेल, किरण गीते एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति युवा साथी एवं बुजुर्ग सम्मिलित हुए। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि बेंड बाजो एवं भजनों की धुन पर यह यात्रा पार्वतीबाई धर्मशाला से प्रारंभ होकर मां तुलजा भवानी माता मंदिर पहुंची।

संत पुजारी विद्वत परिषद का सर्वसम्मत निर्णय

बुरहानपुर में 20 तारीख को ही मनाया जाएगा दशहरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



संत पुजारी विद्वत परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन उदासीन आश्रम बड़ा अखाड़ा में महंत पुष्कारानंद के मार्गदर्शन एवं सानिध्य में किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से इस वर्ष शारदीय नवरात्रि की सप्तमी, अष्टमी, नवमी, विजयादशमी (दशहरा) तथा माता प्रतिमा विसर्जन की सही एवं शास्त्र सम्मत तिथियों पर निर्णय लिया गया।

सभी विद्वान ब्राह्मणों एवं ज्योतिषियों से गहन विचार-विमर्श के पश्चात पंडित अवधेश पांडे ने इस महत्वपूर्ण निर्णय की आधिकारिक घोषणा की।

तिथियों का शास्त्र सम्मत विवरण एवं निर्णयः*बैठक में शास्त्रों और पंचांगीय गणना के आधार पर निम्नलिखित तिथियां तय की गई हैंः१८ तारीखः सप्तमी तिथि मनाई जाएगी१९ तारीखः अष्टमी व नवमी तिथि मनाई जाएगी। जिन परिवारों एवं पंडालों में नवमी पूजन संध्या/सायंकाल में करने की परंपरा है, वे 18 तारीख की शाम को नवमी पूजन करेंगे। 20 तारीखः नवमी तिथि व दशहरा। जिन स्थानों पर नवमी पूजन सुबह करने का विधान है, वे 20 तारीख की सुबह नवमी पूजन करेंगे।20 तारीख को दोपहर से विजयादशमी (दशहरा) की मान्यता होती है। 20 तारीख को दोपहर 2,.02 बजे से विजय मुहूर्त प्रारंभ हो रहा है, अतः विजयादशमी दशहरा 20 तारीख को ही मनाया जाएगा।ठाकुर प्रियांक सिंह ने शहर की समस्त माता पंडाल उत्सव समितियों एवं धर्म प्रेमियों से विशेष निवेदन किया है कि शास्त्र विधान के अनुसार माता का विसर्जन विजयादशमी (दशहरा) प्रारंभ होने से पूर्व हो जाना चाहिए। इसलिए सभी समितियां 20 तारीख की दोपहर 2 बजे से पूर्व माता की प्रतिमाओं का विसर्जन पूर्ण कर लें।महंत पुष्कारानंद ने बुरहानपुर के समस्त हिंदू समाज से अपील की है कि संपूर्ण नगर में त्योहारों को एक ही तिथि और समय अनुसार मनाया जाए। इस एकजुटता से धर्म की मयार्दा बनी रहेगी और किसी भी प्रकार का भ्रम नहीं फैलेगा। साथ ही एक ही दिन विसर्जन एवं पर्व मनाने से पुलिस प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन को भी व्यवस्था बनाए रखने में सुगमता होगी।बैठक में महंत पुष्कारानंद, पंडित अवधेश पांडे, बाल्या महाराज, ठाकुर प्रियांक सिंह, प्रभंजन मुनी, मुकेश डालमिया, आदि उपस्थित थे।

ठीकरी विकासखंड में 45 करोड़ की लागत से बनने वाली 30 ग्रामीण सड़कों का सांसद ने किया भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



ठीकरी खरगोन-बड़वानी संसदीय क्षेत्र के राजपुर विधानसभा अंतर्गत ठीकरी विकासखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत ३० विभिन्न ग्रामीण सड़कों का भूमिपूजन भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने भाजपा पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 45 करोड़ से अधिक की लागत आएगी।

इस अवसर पर सांसद श्री गजेंद्र सिंह पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर सड़क संपर्क से जोड़ने और विकास की मुख्यधारा में लाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। ठीकरी विकासखंड में ३० सड़कों का निर्माण क्षेत्र के ग्रामीण विकास को नई गति प्रदान करेगा तथा ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगा।

उन्होंने कहा कि सुदृढ़ सड़क नेटवर्क ग्रामीण क्षेत्रों की प्रगति का आधार है। बेहतर सड़क संपर्क से किसानों को अपनी उपज कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में सुविधा मिलेगी। विद्यार्थियों के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों तक पहुंचना आसान होगा तथा ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ लेने में भी सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।

सांसद श्री पटेल ने कहा कि इन सड़कों के निर्माण से गांवों की मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी मजबूत होगी, जिससे आवागमन अधिक सुगम एवं सुविधाजनक बनेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होने से विकास के नए अवसर सृजित होंगे और आमजन के जीवन स्तर में सुधार आएगा।

उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। सुदृढ़ सड़कें, सशक्त गांव और समृद्ध ग्रामीण अर्थव्यवस्था के संकल्प के साथ क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेण्डरी स्कूल में डांडिया रास की धूम

बड़वानी। राजकुमार खंडेलवाल स्मृति हायर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्रि पर्व के अवसर पर भव्य डांडिया रास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में गरबा एवं डांडिया रास प्रस्तुत कर उत्सव में चार चाँद लगा दिए। इस अवसर पर आयोजित बेस्ट ड्रेस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट पारंपरिक वेशभूषा धारण करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना था। विद्यालय के प्राचार्य श्री माधव खंडेलवाल ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारों एवं भारतीय संस्कृति से जोड़ना भी है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता, सहयोग तथा अपनी सांस्कृतिक पहचान के प्रति गौरव की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

अंतर महाविद्यालयीन जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 2026 संपन्न

मंडलेश्वर। सरदार वल्लभभाई पटेल महाविद्यालय, मंडलेश्वर में अंतरमहाविद्यालयीन जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 7 महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन, टीम भावना एवं खेल भावना का परिचय दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ धर्मेंद्र सिंह , डॉ दिनेश केथवास,दुर्गेश ठाकुर ,संस्था संचालक बी एम पाटीदार एवं अकादमिक डायरेक्टर संजय गर्ग की उपस्थिति में मां सरस्वती एवं लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ।

कॉलेज में आयोजित स्वच्छता कार्यशाला का हुआ समापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा स्वच्छता एक्शन प्लान 2026-27 के अंतर्गत आयोजित दो दिवसीय स्वच्छता कार्यशाला एवं सेवा संकल्प अभियान का समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद डॉ. सुधीर गुप्ता, क्षेत्रीय निदेशालय राष्ट्रीय सेवा योजना के युवा अधिकारी डॉ. राजकुमार वर्मा, प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी, जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद रावल एवं महाविद्यालय में सांसद प्रतिनिधि शिवेंद्र माथुर थे।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सांसद एवं अन्य अतिथियों द्वारा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं श्रमदान से की गई। तत्पश्चात अतिथियों ने भगत सिंह एवं महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया।

प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए दो दिवसीय कार्यशाला का प्रतिवेदन दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्यामलाल चौधरी ने कार्यशाला की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की। दो दिवसीय कार्यशाला में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 समूहों के श्रेष्ठ स्वयंसेवकों को सांसद द्वारा सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना की नई टी-शर्ट का अनावरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। विकसित भारत क्विज प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले स्वयंसेवक निश्चित श्रीमाल को भी सांसद ने विशेष रूप से सम्मानित किया। सांसद डॉ. गुप्ता ने कहा कि जिस प्रकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को डस्टबिन नहीं मिलने पर वे कचरा जेब में रख लेते हैं, उसी प्रकार विद्यार्थियों को भी उनसे सीख लेनी चाहिए। स्वच्छता की शुरूआत स्वयं से करनी होगी, किसी और के भरोसे नहीं रहना है। यह कार्यक्रम केवल दिखावे के लिए नहीं, बल्कि इसे जीवनशैली में अपनाना होगा।

क्षेत्रीय निदेशालयअधिकारी डॉ. वर्मा ने कहा कि स्वयंसेवकों को एनएसएस का इतिहास, उद्देश्य एवं सेवा भावना के महत्व को समझाया तथा स्वयंसेवकों से एनएसएस गीत एवं एनएसएस क्लैप करवाई।अंत में दो दिवसीय कार्यशाला में सहभागिता करने वाले २०० स्वयंसेवकों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहित चौहान ने किया तथा आभार प्रदर्शन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रेणु नामदेव ने किया।

रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच मां दुगार्धाम मंदिर का 20वां स्थापना दिवस मना

खंडवा। किशोर नगर एलआईजी स्थित मां दुगार्धाम मंदिर में शारदीय नवरात्र की पंचमी पर 20वां स्थापना दिवस महाकाकड़ा आरती, आतिशबाजी और भजन संध्या के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नौ बालिकाओं ने मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूप धारण किए। श्रद्धालुओं ने कन्या पूजन कर आशीर्वाद लिया तथा बालिकाओं ने मिल्क केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। भजन गायक दीपक तांबट ने मां की आठ आरतियों की संगीतमय प्रस्तुति दी। वहीं ईश्वरचंद पुरिया, राधेश्याम वर्मा, दीपक तांबट और धीरज नेगी ने भजनों व गरबा गीतों से समां बांधा। देर रात तक श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते रहे। आयोजन में मंदिर महिला मंडल सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विधायक राजकुमार मेव ने ली विकासखंड महेश्वर के चिकित्सकों की समीक्षा बैठक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महेश्वर



विकासखंड महेश्वर में माननीय क्षेत्रीय विधायक राजकुमार मेव की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कार्यरत समस्त चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, चिकित्सकों के कार्यदायित्वों, अस्पतालों की व्यवस्थाओं, शासन की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं तथा आमजन को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।बैठक के दौरान विधायक मेव ने समस्त चिकित्सकों को अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा, जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा केवल एक शासकीय दायित्व नहीं, बल्कि आमजन के जीवन और विश्वास से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। प्रत्येक मरीज को समय पर उपचार, सम्मानजनक व्यवहार एवं बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए।विधायक मेंव ने चिकित्सकों को शासन के निदेर्शों एवं निर्धारित समय-सारणी के अनुरूप कार्य करने, अपने निर्धारित मुख्यालय पर निवास सुनिश्चित करने, अस्पताल में नियमित रूप से उपस्थित रहने तथा प्रत्येक परिस्थिति में मरीजों के उपचार के लिए उपलब्ध रहने के निर्देश दिए। विशेष रूप से आपातकालीन ड्यूटी के दौरान अस्पताल में उपस्थित रहकर मरीजों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया।उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा मरीजों के उपचार में अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। भविष्य में यदि किसी चिकित्सक द्वारा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।बैठक का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा करना ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य संस्थाओं को और अधिक सुदृढ़, सुविधाजनक एवं जनहितैषी बनाना भी रहा। इस क्रम में विधायक मेव ने समस्त चिकित्सकों से अपने-अपने अस्पतालों की व्यवस्थाओं में सुधार, उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा मरीजों को अधिक गुणवत्तापूर्ण सेवाएँ प्रदान करने के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए। चिकित्सकों द्वारा प्रस्तुत उपयोगी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया तथा जनहित में आवश्यक सुझावों के क्रियान्वयन की दिशा में सकारात्मक पहल की गई।इसके अतिरिक्त बैठक में चिकित्सकों की व्यक्तिगत एवं अस्पतालों से संबंधित समस्याओं को भी विस्तारपूर्वक सुना गया। विधायक मेव ने प्रत्येक समस्या पर गंभीरतापूर्वक चर्चा करते हुए उनके त्वरित निराकरण के लिए आवश्यक पहल की, ताकि स्वास्थ्य संस्थाओं के संचालन में आने वाली बाधाओं को दूर कर आमजन को निर्बाध एवं बेहतर चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। विधायक मेव ने निर्देशित किया कि शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक प्रभावी रूप से पहुँचे तथा प्रत्येक स्वास्थ्य कार्यक्रम का क्रियान्वयन निर्धारित दिशा-निदेर्शों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। विधायक राजकुमार मेव ने कहा कि विकासखंड महेश्वर की जनता को बेहतर, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

न्यूज -कॉलम

चोरी नहीं हुई थी भूलवंश ले गया था बाइक

उज्जैन। टॉवर चौक से 5 मिनट में बाइक चोरी होने का सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मामला पुलिस की संज्ञान में आया तो तत्काल माधवनगर थाना पुलिस ने पड़ताल शुरू की। इस दौरान सामने आया कि बड़नगर तहसील का रहने वाला यशवंतसिंह टॉवर चौक स्थित बसावड़ा पेट्रोल पंप के पास सिटी मेडिकल पर आया था। चोरी हुई बाइक उसकी है। पुलिस बाइक लेकर गये व्यक्ति का पता लगा पाती उससे पहले चैरिटेबल अस्पताल में कार्यरत डॉ. कैलाश राठौर निवासी ग्राम निपानिया बदर महिदपुर उक्त बाइक लेकर माधवनगर थाने पहुंच गया। उसने बताया कि वह भूलवंश जल्दबाजी में अपनी बाइक छोड़ दूसरी बाइक ले गया था। उसके द्वारा अपनी गलती स्वीकार की गई और उक्त बाइक पुलिस को सौंप दी। पुलिस ने बाइक संबंधित चालक को सौंप मामले का पटाक्षेप कर दिया।

खेत से निकलने की बात पर 2 पक्षों में विवाद

उज्जैन। माकडोन के ग्राम बगवाड़ा में राजेश पिता रामसिंह गुर्जर और ईश्वरसिंह पिता ऊंकारसिंह गुर्जर के बीच खेत से निकलने की बात पर विवाद हो गया। दोनों पक्षों की ओर से जमकर पत्थर-लट्ठ चले और जान से मारने की धमकी दी गई। मामला पुलिस के पास पहुंचने पर क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया। राजेश गुर्जर की ओर से उसके पिता घायल हुये है। दूसरी ओर से ईश्वरसिंह को चोंट आई है। खेत को लेकर एक विवाद घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम इस्तमुरार बिछडौद में कन्हैयालाल पिता रामनरायण पाटीदार और ईश्वर पिता रमेशचंद्र प्रजापति के बीच हुआ। दोनों खेत की मेढ़ पर लगे पत्थर हटाने की बात पर भिड़ गये थे। घट्टिया पुलिस ने दोनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

बाइक चालक की टक्कर से हुई थी अधेड़ की मौत

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र के ओरडी मगरा वेयर हाऊस के पास ग्राम खरसौदकला में 8 अक्टूबर को बाइक सवार अजीज पिता मोहम्मद हुसैन शाह 50 साल ग्राम खरसौदकलां की मौत हो गई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक खंबे से टकराई थी जिसके चलते सिर में चोंट लगने पर मौत हुई है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। घटनास्थल की तस्दीक और आसपास लगे कैमरे देखने पर पता चला कि मृतक की बाइक को पीछे से आये बाइक चालक ने टक्कर मारी थी। जिसके चलते उसका संतुलन बिगड़ा था और बाइक खंबे से टकराई थी। पुलिस ने टक्कर मारने वाले बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

लापता हुआ युवक घर में बेहोश पड़ा मिला युवक

उज्जैन। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के केडी पैलेस पर रहने वाला प्रवीण पिता अंतरसिंह 19 साल शुक्रवार को घर से लापता हो गया था। परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की थी और पुलिस को सूचना दी थी। पुलिस युवक की तलाश शुरू करती उससे पहले शनिवार को घर लौट आया, लेकिन बेहोश हो गया। उसे परिजनों ने देखा तो उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां देर शाम तक उसे होश नहीं आया था। भैरवगढ़ पुलिस के अनुसार युवक के बयान दर्ज होने पर ही उसके साथ हुई घटना का पता चल पायेगा। फिलहाल परिजन भी कुछ बोल पाने की स्थिति में नहीं है।

बाइक सवार मां-बेटे पर मधुमक्खिों ने किया हमला

उज्जैन। पानबिहार के सुतारखेड़ा में रहने वाला राकेश पिता लक्ष्मण 18 साल बाइक पर मां सुगनबाई 40 साल के साथ बाजार से घर लौट रहा था। ग्राम बांदका से गुजरते समय अचानक आये मधुमक्खियों के एक झुंड ने दोनों पर हमला कर दिया। दोनों बुरी तरह से घायल हो गये। उन्होने लोगों की मदद से उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। दोनों को भर्ती किया गया है, लेकिन मां सुगनबाई की हालत गंभीर बनी हुई थी। डॉक्टरों का कहना था कि मधुमक्खियों के हमले में महिला काफी घबरा गई है। जिसके चलते उसकी हार्टबीट बढ़ी है। वैसे कुछ घंटो में हालत समान्य हो जायेगी।

घर पर पथराव कर जान से मारने की दी धमकी

उज्जैन। नीमनवासा आंगनवाड़ी के पास रहने वाले संजु पिता सुंदरलाल मालवीय 32 साल के घर रात 11.30 बजे कुछ युवक पहुंचे और गाली-गलौच करते हुये पथराव शुरू कर दिया। घर पर हुये पथराव के चलते मालवीय परिवार बाहर नहीं आ सका। इस दौरान पथराव करने वाले जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। युवक क्षेत्र के रहने वाले बताये जा रहे है और पुराने विवाद में पथराव होना सामने आया है।

दिन	250-7	359-7
मिलन डे	579-1	146-1
मिलन नाइट	269-7	270-9
मधुर डे	790-6	118-0
मधुर नाइट	448-6	166-3
शुभांक	1 6	8

खाचरौद सब्जी मंडी में हादसा, चालक की तलाश जारी..

महिला पर चढ़ी मवेशियों से भरी पिकअप, 3 घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खाचरौद में शनिवार सुबह बड़ा हादसा हो गया। मवेशियों से भरी पिकअप एक महिला पर चढ़ गई। महिला ने मौके पर दम तोड़ दिया। पिकअप की चपेट में 3 अन्य भी आ गये थे, जो घायल हुये है। घटनाक्रम के बाद चालक पिकअप छोड़कर भाग निकला था।

खाचरौद थाना पुलिस ने बताया कि सुबह 7.30 बजे के लगभग लालबाई-फूलबाई सब्जी मंडी में मवेशियों से भरी पिकअप तेजगति से दौड़ती हुई एक महिला पर चढ़ गई। महिला की मौके पर मौत हो गई। चालक ने भागने का प्रयास किया तो 3 अन्य को भी टक्कर मारकर घायल कर दिया। चालक यहीं नहीं रूका उसने एक आटो बाइक को भी टक्कर मारी। चालक नियंत्रण खो चुका था, पिकअप बिजली के खंबे से टकराने के बाद रूक गई। लोग आक्रोशित हो गये, इस बीच चालक मौके से भाग निकला। घटनाक्रम की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक महिला का नाम रेखाबाई पति नंदराम भील निवासी भैरूपाड़ा बदनावर सामने आया। घायलों में बदनावर की रहने वाली सागरबाई, भैरूलाल और लूणाजी घायल थे। सभी को अस्पताल पहुंचाया गया और पिकअप को जप्त किया गया। नम्बर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। आटो और बाइक चालक को मामूली चोंट आई थी लेकिन उनके वाहन क्षतिग्रस्त हुये है।



खाचरोद सब्जी मंडी में हादसा।

बदनावर से सब्जी खरीदने आये थे 8 लोग-

मृतक महिला रेखाबाई के पति ने बताया कि वह बदनावर में सब्जी बेचने का काम करते है। प्रतिदिन खाचरौद सब्जी मंडी 7 से 8 लोग पिकअप लेकर आते है और खरीददारी के बाद वापस लौटते है। रेखाबाई पर चढ़ी पिकअप ने पहले एक अन्य पिकअप को टक्कर मारी थी। जिसके बाद चालक ने रफ्तार से भागने का प्रयास किया और लोगों को कुचल दिया।

पिकअप में भरे एक केड़े की मौत-

पुलिस ने बताया कि पिकअप में 4-5 मवेशी भरे थे। घटनाक्रम के दौरान पिकअप में भरे एक केड़े की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पिकअप जप्त कर चार केड़ों को गौशाला पहुंचाया और मृतक केड़े का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसका शव दफना दिया। आशंका जताई जा रही है कि मवेशियों को वध के लिये पिकअप में भरकर ले जाया जा रहा था।

इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर की धोखाधड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर युवक से 65 हजार का ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा लिया गया। बाइक नहीं मिली तो युवक ने मामले की शिकायत पुलिस को दर्ज कराई।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि गंगानगर में रहने वाले राजेश पिता प्रकाश बाड़ोलिया के साथ इनाम में बाइक खुलने का झांसा देकर अज्ञात बदमाश द्वारा 65 हजार से अधिक की धोखाधड़ी करने का प्रकरण दर्ज किया है। राजेश का कहना था कि उसने सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर सांवरिया सेठ उपहार योजना का इस्तिहार देखा था।

उसने योजना में शामिल होने के लिये दिये गये नम्बर पर कॉल किया। उसे बताया कि योजना में शामिल होना है तो पहले कूपन खरीदना होगा। जिसकी फीस 200 रूपये है। राजेश ने भगवान के नाम पर योजना होने पर कूपन खरीद लिया। जिसका ट्रांजेक्शन इस्तिहार में दिये बार कोड पर किया। कूपन खरीदने के बाद दूसरे दिन मोबाइल पर कॉल आया और बताया कि इनाम में बाइक खुली है। बाइक प्राप्त करने के लिये गौशाला में 10 हजार का देना होगा। इस्तिहार में दिये बारकोड पर दान राशि ट्रांसफर कर दी।

उसके बाद बाइक के दस्तावेज केनाम पर 2 बार में 26 हजार 500 का ट्रांजेक्शन करा लिया गया। उसके बाद घर तक बाइक भेजने के नाम पर डिलीवरी का चार्ज 21 हजार मांगा गया और बताया कि बाइक घर पहुंचने पर वापस हो जायेगा।

कुछ देर बाद बाइक का जी.पी.एस. हैक होने के नाम पर 8 हजार रुपये मांगे गये और उसे भी वापस लौटाने की बात कहीं गई, लेकिन बाइक घर नहीं पहुंची।

करीब 65 हजार से अधिक की उसके साथ धोखाधड़ी हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर ट्रांजेक्शन हुई राशि के खाताधारक का पता बैंक के माध्यम से लगाया जा रहा है।

पांच माह बाद पकड़ाया 20 हजार का इनामी आरोपी



शहर में मादक पदार्थ बेचने वालों को ड्रग्स उपलब्ध कराने वाला 20 हजार का इनामी आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ गया। उसकी पांच माह से तलाश थी और कई बार उसके ठिकानों पर झालावाड़ में दबिश दी जा चुकी थी। फिलहाल पुलिस उससे रिमांड पर पूछताछ कर रही है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने पांच माह पहले ड्रग्स बनाने का 75 किलो ब्रोमोपोल केमिकल बरामद किया था और 3 युवकों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उन्होने राजस्थान के झालावाड़ स्थित डग में रहने वाले शेख अमजद पिता अब्दुल रज्जाक का नाम बताया था। पुलिस उसकी तलाश में लगी थी। कुछ दिन बाद बुंदेला गैंग के बदमाश धर्मेन्द्र उर्फ धम्मू बुंदेला को ड्रग्स के साथ पकड़ा गया था। उसने भी शेख अमजद का नाम बताया था। शहर में ड्रग्स सप्लाय में एक ही आरोपी का नाम 2 बार सामने आने पर पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम घोषित कर दिया था। गुरूवार रात सूचना मिलने पर पुलिस झालावाड़ पहुंची थी, जहां से आरोपी गिरफ्त में आ गया। जिसे शुक्रवार को उज्जैन लाया गया और न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया।

एसआई लक्ष्मण उईके ने बताया कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पूर्व में बरामद किये गये ड्रग्स बनाने के ब्रोमोपल केमिकल मामले में उसके अन्य साथियों की तलाश है।

पूछताछ में जानकारी मिलते ही उनकी भी गिरफ्तारी की जायेगी।

इनामी आरोपी की गिरफ्तारी में एसआई सुरेन्द्रसिंह मंडलोई, आरक्षक आनंद मिश्रा, रवि पटेल, अभिषेक राठौर, मोनेन्द्र प्रताप सिंह, सुनील चौधरी और जगदीश का सहयोग रहा।

पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च....

त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



नवरात्री पर्व की अष्टमी और नवमी के साथ आगामी दिनों में दशहरा पर्व पर कानून व्यवस्था के साथ शांतिपूर्ण वातावरण को बनाये रखने के लिये शनिवार शाम पुलिस ने फ्लैग मार्च किया।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि धार्मिक नगरी में सभी त्यौहारों और पर्वो को कानून व्यवस्था के अनुरूप शांति और सौहार्द्र के साथ मनाया जा सके इसके प्रयास पुलिस द्वारा लगातार किये जाते है। आगामी दिनों में नवरात्री की महाअष्टमी के साथ दशहरा पर्व मनाया जाना है। जिसको लेकर एएसपी आलोक शर्मा, गुरु प्रसाद पराशर के निर्देशन में सीएपी संजू चौहान, पुष्पा प्रजापति और श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में जिला पुलिस बल एवं आरएएफ के जवानों द्वारा प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। फ्लैग मार्च के माध्यम से आमजन को आगामी त्योहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने का संदेश दिया गया। पुलिस शांति, सुरक्षा औरं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिये सतर्क और प्रतिबद्ध है।

गोली मारने की दी धमकी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

कारों में टक्कर होने के बाद शुरू हुई कहासुनी में एक युवक ने पिस्टल तानकर गोली मारने की धमकी दी और भाग निकला। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज किया है।

माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि मंयक पिता नयन सोनी निवासी राजस्व कालोनी ने शनिवार को थाने आकर शिकायत दर्ज कराई कि 15 अक्टूबर की रात वह अपनी कार क्रमांक एमपी-13-जीए-0007 में सवार होकर दशहरा मैदान से जा रहा था। उसी दौरान कार क्रमांक एमपी-09-एसएल-1111 के चालक भरत सिंह हाड़ा ने तेज गति और लापरवाही चलाते हुये उनकी कार को टक्कर मार दी। मेरी कार में भाई भी बैठा था। दोनों ने टक्कर मारने वाले कार चालक से गाड़ी देखकर चलाने के लिये कहा तो उसके द्वारा कार से बाहर आते ही पिस्टल तान दी गई और गोली चलाने की धमकी देने लगा।

यह देख भाई काफी घबरा गया, भरतसिंह ने धमकी दी कि ज्यादा बोले तो जान से मार देगा। घटना के बाद भाई प्रद्युम की की तबीयत खराब हो गई थी।

जिसके चलते वह रात में शिकायत दर्ज कराने नहीं आया। पुलिस के अनुसार मामले में मंयक की शिकायत पर धमकी देने वाले के खिलाफ धारा 281, 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया है।

कोलकाता में चोरबागान दुर्गा पंडाल में भगदड़, 18 मौत, दर्जनों घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में महासप्तमी (शनिवार) की शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया। उत्तरी कोलकाता के प्रसिद्ध चोरबागान सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में भारी भीड़ और मूसलाधार बारिश के चलते मची भगदड़ में 18 श्रद्धालुओं की जान चली गई, जबकि 40 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यह घटना शनिवार शाम करीब 7:40 बजे गिरीश पार्क थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चोरबागान पंडाल के निकास द्वार के पास हुई। बताया जा रहा है कि उस समय क्षेत्र में तेज बारिश शुरू हो गई थी, जिससे बचने और प्रतिमा दर्शन के लिए बाहर खड़े लोगों ने अचानक पंडाल के भीतर जाने की कोशिश की। इसी दौरान प्रवेश द्वार पर भारी दबाव बढ़ गया और धक्का-मुक्की शुरू हो गई, जिससे स्थिति बेकाबू हो गई। लोगों के दबाव के कारण पंडाल के ढांचे का एक हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद इलाके में अफरातफरी और दहशत फैल गई। सुरक्षा कारणों से पंडाल की बिजली तुरंत बंद कर दी गई और उसे दर्शनार्थियों के लिए पूरी तरह सील कर दिया गया है। मौके पर पहुंची पुलिस और आपदा प्रबंधन टीम ने राहत कार्य शुरू कर सभी घायलों को तुरंत कलकत्ता मेडिकल कॉलेज और एसएसकेएम (ररडट) अस्पताल पहुंचाया। इनमें से कई लोगों की हालत अभी भी बेहद नाजुक बनी हुई है। वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय निवासियों ने आरोप लगाया है कि 91 साल पुराने इस प्रतिष्ठित आयोजन में भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन एंबुलेंस की पुख्ता व्यवस्था में भारी लापरवाही बरती गई। घटना की सूचना मिलते ही पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल कलकत्ता मेडिकल कॉलेज पहुंचे और हालात का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने मेडिकल स्टाफ को घायलों के त्वरित और बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस दुखद हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

राज्य सरकार ने लोगों की सहायता और आपातकालीन जानकारी के लिए ललबाजार कंट्रोल रूम से टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 18003455678 और 03322141310 जारी किए हैं।

पुलिस की शक्ति टीम ने युवतियों को पहुंचाया घर



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नवरात्रि गरबा पंडालों में युवतियों और महिलाओं की सुरक्षा के लिये महिला पुलिस की शक्ति टीम बनाई गई है। शक्ति टीम सुरक्षा के साथ मानवीयता के लिये भी मुस्तैद दिखाई दे रही है।

एसपी प्रदीप शर्मा के मार्गदशन में नवरात्री की शुरूआत होने के साथ महिला और युवतियों की सुरक्षा में 150 से अधिक महिला पुलिस कर्मियों की टीम शक्ति का गठन किया था। टीम रात 8 बजे से 2 बजे गराबा पांडालों के साथ मार्गो पर तैनात दिखाई दे रही है। इसी दौरान चिंतामण थाना क्षेत्र में देर रात गरबा आयोजन के बाद 5 युवतियों को घर लौटने के लिये परिवहन के साधन नहीं मिलने पर शक्ति टीम द्वारा तत्परता दिखाई गई और पांचों युवतियों को एफआरपी की मदद से सुरक्षित उनके घरों पहुंचाया। माधव नगर थाना क्षेत्र में भी गरबा समाप्त होने के बाद नेहा नामदेव नाम की युवती घर जाने का साधन नहीं मिलने पर परेशान हो गई थी।

शक्ति मोबाइल टीम ने उसे सुरक्षित अशोकनगर स्थित उसके निवास तक पहुंचाया।

विदित हो कि इससे पहले शुक्रवार रात शक्ति टीम पुलिस की वर्दी छोड़ पारंपरिक परिधानों में गरबा पांडालों तक पहुंची थी, जहां सुरक्षा की दृष्टि से चैकिंग अभियान चलाया गया था।

महिला यात्री की बाली चोरी करने वाले संदेही से पूछताछ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गुरूवार को इंदौर जाने के लिये रेलवे स्टेशन पहुंची वृद्धा के कान से सोने की बाली चोरी हो गई थी। मामले में जीआरपी ने शिकयत दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले थे। संदेह के आधार पर राजस्थान के युवक को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।



नयापुरा में रहने वाली सीता पति रामचंद्र 65 साल अपनी पुत्री अनिता के साथ इंदौर जाने के लिये रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नम्बर 1 पर पहुंची थी। भीड़ के बीच अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस में चढ़ते समय उनके कान से सोने की बाली चोरी हो गई थी। जीआरपी ने वृद्धा की पुत्री द्वारा की गई शिकायत पर जांच शुरू की थी और आरपीएफ टीम के साथ मिलकर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये थे। जिसके आधार पर राजस्थान के युवक को हिरासत में लिया गया है।

उस पर महिला यात्री की बाली चोरी करने का संदेह बना हुआ है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है।

उसके बाद ही स्पष्ट हो कि युवक द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया है या नहीं।

विदित हो कि पूर्व में भी रेलवे स्टेशन पर महिलाओं के कंगन, चेन चोरी करने वाली गैंग का जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने गिरफ्तार किया था, जिनके पास से आभूषण काटने के उपकरण भी बरामद किये गये थे।

आपका शरीर तीर्थस्थल



कर्माशय का अर्थ है, समस्त संस्कारों की समष्टि। हम जो भी कार्य करते हैं, वह हमारे चित्त रूपी सरोवर में एक लहर उठा देता है। हम सोचते हैं कि इस काम के समाप्त होते ही वह लहर भी चली जाएगी; पर वास्तव में वैसा नहीं होता। वह तो बस सूक्ष्म आकार धारण कर लेती है, पर रहती वहीं है। जैसे ही हम उस कार्य को स्मरण में लाने का प्रयत्न करते हैं, वह फिर से उठ जाती है और लहर रूप धारण कर लेती है। इससे यह स्पष्ट है कि वह मन के ही भीतर छिपी हुई थी; यदि ऐसा न होता, तो स्मृति ही संभव न होती।

मनुष्य का हर एक कार्य, हर एक विचार, वह चाहे शुभ हो, चाहे अशुभ, मन के गहरे प्रदेश में जाकर सूक्ष्म भाव धारण कर लेता है और वहीं संचित रहता है। शुभ और अशुभ, दोनों प्रकार के विचार को क्लेश कहते हैं, क्योंकि योगियों के मतानुसार दोनों से ही अंत में दुख उत्पन्न होता है। याद रखिए, इंद्रियों से जो सुख मिलता है, वह अंत में दुख ही लाता है; क्योंकि भोग से और अधिक भोग की तृष्णा होती है और इसका अनिवार्य फल होता है दुख।

मनुष्य की वासना का कोई अंत नहीं है; वह लगातार वासना पर वासना रचता जाता है, और जब ऐसी अवस्था में पहुंचता है, जहां उसकी वासना पूर्ण नहीं होती, तो उसका फल होता है- दुख। इसीलिए योगी शुभ या अशुभ समस्त संस्कारों की समष्टि को क्लेश कहते हैं; ये क्लेश आत्मा की मुक्ति में बाधक होते हैं।

हमारे सारे कार्यों के सूक्ष्म मूल संस्कारों के बारे में भी ऐसा ही समझना चाहिए। वे कारण स्वरूप होकर इहजीवन अथवा परजीवन में फल प्रसव करते हैं। विशेष स्थलों पर ये संस्कार, अधिक प्रबल रहने के कारण बहुत शीघ्र अपना फल दे देते हैं; अत्युत्कट (अत्यधिक) पुण्य या पाप कर्म इहजीवन में ही अपना फल सामने ला देता है। योगी कहते हैं कि जो मनुष्य इहजीवन में ही अत्यंत प्रबल शुभ संस्कार उपार्जित कर सकते हैं, उन्हें मृत्यु तक बाट जोहने की आवश्यकता नहीं होती। वे इसी जीवन में अपने शरीर को देवशरीर में परिणत कर सकते हैं।

शरीरशास्त्र के अनुसार, भोजन का अर्थ है- सूर्य से शक्ति ग्रहण। वह शक्ति पहले वनस्पति में प्रवेश करती है, उस वनस्पति को कोई पशु चर लेता है, फिर उस पशु को मनुष्य। इसे वैज्ञानिक भाषा में व्यक्त करना हो, तो कहना पड़ेगा कि हमने सूर्य से कुछ शक्ति ग्रहण करके उसे अपने अंगीभूत कर लिया। योगियों का कहना है कि वे केवल मन की शक्ति से शक्ति-संग्रह कर सकते हैं। वे कहते हैं कि हम बिना किसी साधारण उपाय का अवलंबन किए यथेष्ट शक्ति भीतर ले सकते हैं। हम मकड़ी की तरह क्यों बद्ध हों?

सम्पादकीय

कार की उड़ान

उड़ने वाली कार का ख्वाब पुराना है और इसे पूरा करने की दिशा में टेस्ला कंपनी की महत्वपूर्ण पहल स्वागत-योग्य है। दुनिया के सबसे बड़े अमीरों में शुमार उद्यमी एलन मस्क ने खुद ऐसी कार या रोडस्टर का अनावरण करते हुए दावा किया है कि अब कार उड़ सकती है। एक इंसान के बैठने की क्षमता वाली इस रोडस्टर में चारों ओर कोल्ड-गैस थ्रस्टर्स लगे हैं, जिनकी ताकत से यह ऊपर उठ सकती है और आगे बढ़ सकती है। हालांकि, यह कहना ज्यादा ठीक होगा कि यह उड़ने वाली कार नहीं, बल्कि सुरक्षित छलांग लगाने वाली कार है। करीब दस साल की मेहनत से बनी यह रोडस्टर कुछ फीट ऊंचाई और कुछ फीट की दूरी उड़कर तय कर सकती है। बेशक, यह एक बेहतरीन प्रयोग है, जिसमें मोटर विज्ञान को रॉकेट विज्ञान के साथ मिला दिया गया है। इस रोडस्टर को हम पूरी तरह से उड़ने वाली कार तो नहीं कह सकते, लेकिन यह उड़ने वाली कारों की पहली पीढ़ी का एक सराहनीय आगाज है। इसमें कोई दोराय नहीं, टेस्ला एक ऐसी आधुनिक कंपनी है, जो वाहन विज्ञान के साथ ही विमानन में भी अपनी महारत साबित करती रही है। अपनी नई कामयाबी के लिए टेस्ला की जरूर तारीफ होनी चाहिए।

कोई संदेह नहीं, एलन मस्क दुनिया में अपनी तकनीकी कुशलता और मार्केटिंग की वजह से ही अमीर हुए हैं और रोडस्टर को पेश करते हुए भी उन्होंने अपनी व्यावसायिक कुशलता का भरपूर परिचय दिया है। ध्यान रहे, टेस्ला ने इस कार के लिए बुकिंग शुरू कर दी है और यह तीन वेरिएंट में उपलब्ध होगी। परफॉर्मेंस और थ्रस्ट वेरिएंट की बिक्री ज्यादा व्यावहारिक मानी जा रही है, क्योंकि ये दोनों वेरिएंट सड़क के लिए ही मुफीद हैं, जबकि रॉकेट वेरिएंट में छलांग लगाने की क्षमता है। हालांकि, अभी भी रॉकेट कारों पर प्रयोग जारी हैं और इन्हें उपयोगिता के हिसाब से सुरक्षित बनाया जा रहा है। साल 2029 में ये रॉकेट जैसी गुणवत्ता रखने वाली कारें सड़कों पर दिखने लगेंगी, पर कार को सचमुच हवा में देखने के लिए इंतजार करना पड़ सकता है। यह कार सिर्फ आमंत्रण पर ही उपलब्ध हो सकेगी। जहां तक भारत की बात है, तो यहां छलांग लगाने या उड़ने वाली कार को आने में काफी वक्त लग सकता है।

(दिल्ली के प्रदर्शनों से उठते सवाल)

सत्ता से सवाल या व्यवस्था में व्यवधान?

भारत में शांतिपूर्ण सभा का अधिकार लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आधार है। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19(1)(ख) सभी नागरिकों को शांतिपूर्वक और बिना हथियारों के एकत्र होने का मौलिक अधिकार प्रदान करता है।



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनसभाएँ, धरने, प्रदर्शन और रैलियाँ केवल असहमति व्यक्त करने के माध्यम नहीं हैं, बल्कि नागरिकों को अपनी माँगें रखने, सरकार से जवाबदेही सुनिश्चित करने और सार्वजनिक नीतियों को प्रभावित करने का अवसर भी देती हैं। वर्तमान भारत में विरोध-प्रदर्शनों की अनुमति, सार्वजनिक स्थानों पर प्रतिबंध, सड़क जाम और निवारक कानूनी प्रावधानों को लेकर होने वाली बहस ने इस अधिकार की प्रासंगिकता को और बढ़ा दिया है।

भारत का स्वतंत्रता आंदोलन सामूहिक लामबंदी और शांतिपूर्ण प्रतिरोध की शक्ति का ऐतिहासिक उदाहरण है। महात्मा गांधी के सत्याग्रह ने यह सिद्ध किया कि अहिंसक जनभागीदारी अन्यायपूर्ण व्यवस्था को चुनौती देने का प्रभावी माध्यम बन सकती है। स्वतंत्रता के बाद भी भ्रष्टाचार, सामाजिक न्याय, पर्यावरण संरक्षण, महिला अधिकारों, रोजगार और किसानों से जुड़े मुद्दों पर विभिन्न आंदोलनों ने सार्वजनिक विमर्श को प्रभावित किया है। शांतिपूर्ण प्रदर्शन उन नागरिकों और समुदायों को अपनी बात रखने का अवसर देते हैं, जिनकी समस्याओं को सामान्य परिस्थितियों में पर्याप्त महत्त्व नहीं मिल पाता। शांतिपूर्ण सभा का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से भी गहराई से जुड़ा है। अनुच्छेद 19(1)(क) नागरिकों को वाक् एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 19(1)(ख) उन्हें सामूहिक रूप से अपनी बात रखने का अवसर देता है। प्रदर्शन सरकार को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने, प्रशासनिक कमियों को दूर करने और जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस दृष्टि से शांतिपूर्ण असहमति लोकतंत्र की कमजोरी नहीं, बल्कि उसकी जीवंतता और उत्तरदायित्व का प्रमाण है।

वर्तमान भारत में कृषि नीतियों, नागरिकता, बेरोजगारी, भर्ती परीक्षाओं, आरक्षण, पर्यावरण और अन्य सार्वजनिक मुद्दों पर होने वाले विरोध-प्रदर्शन इस अधिकार के महत्त्व को दर्शाते हैं। दूसरी ओर, सड़कों पर लंबे समय तक धरना देने, सार्वजनिक सभाओं पर प्रतिबंध लगाने, इंटरनेट सेवाएँ बंद करने तथा निवारक आदेशों के प्रयोग को लेकर भी सवाल उठते रहे हैं। मुख्य चुनौती यह सुनिश्चित करना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के नाम पर नागरिकों की वैध असहमति को दबाया न जाए। संविधान शांतिपूर्ण सभा के अधिकार को असीमित नहीं मानता। अनुच्छेद 19(3) के अंतर्गत भारत की संप्रभुता एवं अखंडता और लोक व्यवस्था के हित में इस अधिकार पर युक्तियुक्त प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। ऐसे प्रतिबंध इसलिए आवश्यक हैं, क्योंकि प्रदर्शनकारियों के अधिकारों के साथ-साथ अन्य नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना भी राज्य की जिम्मेदारी है। हिंसा, धमकी, सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाना और जनसुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करना लोकतांत्रिक विरोध के नाम पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। इसी प्रकार, आवश्यक मार्गों पर लंबे समय तक अवरोध उत्पन्न होने से मरीजों, आपातकालीन सेवाओं, दैनिक यात्रियों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को परेशानी हो सकती है।

शाहीन बाग विरोध-प्रदर्शन से संबंधित अमित साहनी बनाम पुलिस आयुक्त (2020) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक सड़कों और स्थानों पर अनिश्चितकाल तक ऐसा कब्जा नहीं किया जा सकता, जिससे अन्य लोगों का आवागमन बाधित हो। इस निर्णय ने विरोध-प्रदर्शन के अधिकार और आम जनता के अधिकारों के बीच संतुलन की आवश्यकता को रेखांकित किया। हालाँकि, इसका अर्थ यह नहीं है कि सार्वजनिक स्थानों पर प्रत्येक प्रदर्शन प्रतिबंधित किया जा सकता है। प्रशासन को शांतिपूर्ण प्रदर्शन से होने वाली सामान्य असुविधा और गंभीर या लंबे समय तक चलने वाले अवरोध के बीच अंतर करना चाहिए।

इसी प्रकार, मजदूर किसान शक्ति संगठन बनाम भारत संघ (2018) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शन के अधिकार और अन्य नागरिकों के हितों के बीच संतुलन से जुड़े प्रश्नों पर विचार किया। ऐसे न्यायिक निर्णय यह स्पष्ट करते हैं कि न तो विरोध-प्रदर्शन का अधिकार असीमित है और न ही सरकार की नियमन करने की शक्ति। उद्देश्य ऐसा संतुलन स्थापित करना होना चाहिए, जिससे लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति सुरक्षित रहे और सार्वजनिक जीवन भी अनावश्यक रूप से बाधित न हो। निवारक कानूनी शक्तियों का प्रयोग भी सावधानीपूर्वक किया जाना आवश्यक है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 सक्षम अधिकारियों को उपद्रव या संभावित खतरे जैसी कानून में निर्धारित परिस्थितियों में तत्काल निवारक आदेश जारी करने की शक्ति प्रदान करती है। गंभीर सुरक्षा संबंधी परिस्थितियों में ऐसे उपाय आवश्यक हो सकते हैं, लेकिन उनका आधार वास्तविक परिस्थितियाँ होनी चाहिए और उनका दायरा तथा अवधि उचित रूप से सीमित होने चाहिए। शांतिपूर्ण सभाओं के विरुद्ध व्यापक या नियमित रूप से ऐसे आदेशों का प्रयोग संवैधानिक स्वतंत्रताओं को कमजोर कर सकता है। एक अन्य चिंता प्रतिबंधों के असमान और पक्षपातपूर्ण प्रयोग की है। यदि प्रदर्शन की अनुमति देने या रोकने के नियम राजनीतिक विचारधारा अथवा प्रदर्शनकारियों की पहचान के आधार पर अलग-अलग लागू किए जाते हैं, तो लोकतांत्रिक संस्थाओं पर जनता का विश्वास कमजोर होता है। सरकार की नीतियों की आलोचना को अपने आप राष्ट्र-विरोध या राज्य के प्रति शत्रुता नहीं माना जाना चाहिए। किसी प्रदर्शन की माँगों से असहमत होना नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने का आधार नहीं हो सकता।

वर्तमान परिस्थितियों में भारत को सार्वजनिक प्रदर्शनों के प्रति अधिक पारदर्शी और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। अनुमति देने की प्रक्रिया सरल, निष्पक्ष और समयबद्ध होनी चाहिए। प्रशासन को प्रदर्शनों के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराने चाहिए तथा अस्पतालों, आपातकालीन मार्गों और आवश्यक सार्वजनिक सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करनी चाहिए। मार्ग, समय और भीड़ प्रबंधन से संबंधित विवादों को सुलझाने के लिए प्रदर्शन आयोजकों, पुलिस और स्थानीय प्रशासन के बीच संवाद को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

शून्य दशमलव शून्य

हमारे मुल्क में अगर किसी दफ्तर की दीवार पर डिजिटल इंडिया का बोर्ड टंगा हो और नीचे बैठे बाबू की मेज पर लाल चाय की प्याली रखी हो तो समझ लीजिए कि क्रांति रास्ते में है। उस रोज भी सुबह पौने नौ बजे बाल विकास मंत्रालय के वातानुकूलित कमांड रूम में क्रांति का सायरन बज उठा। किसी चमचमाते एल्गोरिदम ने पकड़ लिया कि सेक्टर चौदह के एक आंगनवाड़ी केंद्र में किसी बच्चे का वजन पिछले तीन महीनों से पूरे बारह किलो पर फ्रीज कैसे है। साहिबान की पेशानी पर पसीना इसलिए नहीं आया कि बच्चा बीमार था बल्कि इसलिए आया कि जिले के साहब बहादुर को कुपोषण मुक्ति में निन्यानवे दशमलव आठ परसेंट कामयाबी का राष्ट्रीय मोमेंटो मिलने वाला था। अब अगर एक भी बच्चा कुपोषण की लिस्ट में अटक जाता तो पूरे जिले की डिजिटल साख का कचूमर निकल जाता। आनन फानन में जीपीएस वाले टैबलेट और स्मार्ट ब्लूटूथ तराजू लेकर जांच टीम धूल उड़ाती हुई सीधे ईंट भट्ठे की तरफ रवाना कर दी गई।

ईंट भट्ठे की तपती दोपहरी में जब टीम पहुंची तो सुशीला नाम की अदना सी कार्यकर्ता हाथ जोड़े खड़ी मिली। इस व्यवस्था का असली मजा यही है कि योजनाएं दिल्ली की ठंडी हवा में बनती हैं और उनकी बलि भट्ठे की गर्म राख में नीचे वाला कर्मचारी देता है। अफसर ने रौब से पूछा कि वजन का खेल क्या है तो सुशीला ने थरथराते हुए राज खोल दिया। दरअसल ऊपर से सख्त हुक्म था कि जिला हर हाल में हरा दिखना चाहिए और अगर वजन कम दर्ज हुआ तो मानदेय काट लिया जाएगा। सो सुशीला हर महीने तराजू पर दो चार ईंटें रखकर बटन दबा देती थी और मंत्रालय का सर्वर तालियां पीटता हुआ उस पत्थर को सुपोषित बच्चा मान लेता था। अफसर ने माथा पीटा और कहा कि अभी ऑडिट टीम आ रही है फौरन उस असली बच्चे को हाजिर करो ताकि ब्लूटूथ से रीवेरिफिकेशन किया जा सके।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 18अक्टूबर 2026 रविवार
सूर्योदय - 06:25सूर्यास्त 17:57
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि- अष्टमी
नक्षत्र-पूवार्षाढा11:20 उपरांत उत्राषाढा
योग - सुकर्मा 23:30 उपरांत धृति
करण - भद्रा
चन्द्रमा - धनु मे 17:58 पर मकर मे प्रवेश करेगा
विषेस अष्टमी पुजन
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 06मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपकी ऊर्जा और निर्णय क्षमता सराही जाएगी। व्यापार में नए सौदों से लाभ के योग बन रहे हैं।

वृषभ- प्रेम जीवन में सामंजस्य और निकटता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार के संकेत हैं।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। व्यापार में पुराने संपर्कों से बड़ा लाभ मिल सकता है।

कर्क- दांपत्य जीवन में आपसी विश्वास और प्रेम बढ़ेगा। आय के अतिरिक्त स्त्रोत विकसित हो सकते हैं।

सिंह- भाग्य का साथ मिलेगा, रुके हुए कार्य गति पकड़ेंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं सफल हो सकती हैं।

कन्या- धर्म-कर्म और आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। वित्तीय मामलों में स्थिति पहले से मजबूत होगी।

तुला- साझेदारी के कामों में सफलता और लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, मन में प्रसन्नता रहेगी।

वृश्चिक- व्यापार में ग्राहकों की आवाजाही बढ़ने से मुनाफा होगा। स्थिति सुदृढ़ होगी।

धनु- रचनात्मक और बौद्धिक कार्यों में बड़ी सफलता मिलेगी।

मकर- व्यापारिक निर्णयों में आपकी दूरदर्शिता काम आएगी। संतान पक्ष से कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

कुंभ- आर्थिक लाभ के नए अवसर सामने आएंगे। मानसिक शांति और शारीरिक ऊर्जा बनी रहेगी।

मीन- आपकी मीठी वाणी से कार्यस्थल पर काम आसान होंगे। व्यापार में रुका हुआ धन वापस मिलने के योग हैं।

समसामयिक

नवरात्रि धरती और अम्बर के मिलन गर्भ उत्पत्ती माँ शक्ति का प्रतीक

विचारों के शब्द सागर की धाराओं से मंथन करते हृद्रय तट पर एक अनमोल तथ्य सामने है कि नवरात्रि तो धरती अंबर के मिलन के साथ गर्भ नवधारण नवजीवन उत्पत्ति का प्रतीक भी है।इसी माह यज्ञ दान तप कर्म त्याग और पवित्र धार्मिक अनुष्ठान किए जाने को ही क्यों प्रासंगिक किया हुआ है।उसमें भी ऋषि-मुनियों ने वैज्ञानिक सार तथ्य को छोड़कर कहीं ना कहीं मानव जाति के लिए सहायक विधान बनाए हुए हैं। लेकिन फिर भी कहीं ना कहीं समझने में तो कमी रही जाती है। यही जान लीजिए इन दिनों बरसात के मौसम में अंबर से बरसती अमृत जल धाराओं की बूंदों से बंजर जमीन धरती भी अंकुरित फल फूल हरियाली से शोभित होने लगती है। इसमे धरती के सोलह श्रृंगार आंखों में मनोहारी प्रफुल्लित वातावरण निर्मित कर वन नए दुल्हन सा सजकर धरती पर जीवन और सभी प्राणियों के उत्सव की वजह बन जाते हैं। नवरात्रि के पावन दिन यज्ञ तप त्याग धर्म-कर्म परिवार सुरक्षा बहु बेटी माता बहन पत्नी कन्या नारी सुरक्षा के धर्म तपस्या कर विधान करने योग्य और वन धरती गगन शक्ति के आभार मे गरबा विधान हैं। प्रमाण हमें संस्कृत के लिखे मंत्रों में भी मिल जाया करते हैं।



सचिन नागर गुरु
(दैनिक अवन्तिका)

यज्ञदानतपः कर्म न त्याज्यं कार्यमेव तत।
यज्ञ दान तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम।

तात्पर्य धर्म ग्रंथों के प्रमाणों को पढ़कर ही समझा जा सकता है। अर्थात यज्ञ दान और तपस्या कर्म त्याग करने योग्य नहीं है।वह तो कर्तव्य है।क्योंकि यज्ञ दान और तप यह तीनों ही कर्म बुद्धिमान पुरुषों को ही पवित्र करने वाले होते हैं। भगवान राम नौ दिन के युद्ध के बाद विजयदशमी को माता सीता से एक साल विरह के बाद मिले थे। ऐसे में यह पावन पर्व नारी शक्ति के आभार कन्या के पूजन और पवित्रता के बंधनों का दर्पण भी कहा गया है।

गरबा : माँ की आराधना का पावन माध्यम है, मर्यादा के प्रति रहे सतर्क

नवरात्रि माँ दुर्गा की आराधना, शक्ति की उपासना और आत्मशुद्धि का पावन पर्व है। यह पर्व हमें शक्ति अर्जित करने, आत्मबल बढ़ाने तथा अपनी श्रद्धा और भक्ति को सार्थक बनाने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रत्येक भक्त अपनी श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार माँ की उपासना करता है। कोई पूजा-अनुष्ठान करता है, कोई तप एवं साधना में लीन रहता है, तो कोई गरबा और डांडिया के माध्यम से माँ की आराधना करता है।



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)



गरबा केवल नृत्य नहीं, बल्कि माँ आदिशक्ति के प्रति श्रद्धा, समर्पण और सामूहिक भक्ति की अभिव्यक्ति है। इसकी परंपरा में हमारी संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना का सुंदर समन्वय दिखाई देता है।

लेकिन वर्तमान समय में कुछ स्थानों पर गरबा आयोजनों के दौरान अशोभनीय गीतों, फूहड़ संगीत और अनावश्यक अंग-प्रदर्शन जैसी प्रवृत्तियाँ देखने को मिलती हैं। जब माँ की आराधना के इस पावन अवसर पर भक्ति की जगह प्रदर्शन और मनोरंजन को प्राथमिकता दी जाने लगती है, तब पर्व की मूल भावना और सांस्कृतिक गरिमा पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है।

यह विचारणीय है कि जिस पर्व पर हम माँ दुर्गा की शक्ति, मयार्दा और पवित्रता का स्मरण करते हैं, उसी पर्व के आयोजनों में हमारी प्रस्तुतियाँ भी श्रद्धा, शालीनता और सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप होनी चाहिए।

हमारा उद्देश्य किसी की व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर प्रश्न उठाना नहीं, बल्कि गरबा की मूल भावना, धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का सम्मान बनाए रखना है। आधुनिकता और उत्साह का स्वागत अवश्य होना चाहिए, लेकिन अपनी सांस्कृतिक पहचान और धार्मिक मयार्दाओं की कीमत पर नहीं।

आयोजकों से विशेष आग्रह

गरबा एवं डांडिया आयोजनों के आयोजकों को इस दिशा में विशेष ध्यान देना चाहिए। वे ऐसे गीतों, संगीत और प्रस्तुतियों को प्रोत्साहित करें, जिनमें माँ की भक्ति, शक्ति की महिमा और भारतीय संस्कृति की गरिमा प्रतिबिंबित हो। साथ ही, प्रतिभागियों को भी यह समझना चाहिए कि गरबा केवल उत्सव नहीं, बल्कि माँ के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम है।

आइए, हम सब मिलकर संकल्प लें कि नवरात्रि के इस पावन पर्व को भक्ति, साधना, शालीनता और सांस्कृतिक चेतना का उत्सव बनाएँ। गरबा की परंपरा को उसकी आध्यात्मिक गरिमा के साथ आगे बढ़ाएँ, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियाँ भी इस पर्व के वास्तविक महत्त्व को समझ सकें।

माँ की आराधना में उत्साह हो, नृत्य में उल्लास हो, संगीत में भक्ति हो और प्रत्येक प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति का सम्मान हो। यही गरबा की वास्तविक सुंदरता और नवरात्रि की सच्ची भावना है ।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल 1000 दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

सुंदर अक्षर विलुप्ति की ओर

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जरिए लेखन भले ही सरल प्रक्रिया हो गई हो` कलम के माध्यम से जो विचार और अक्षर निखरते है उसकी बात ही कुछ और होती है। इस और ध्यान ना देने से हैंडराइटिंग खराब होने की वजह भी यही रही है। व्याकरण त्रुटि ना के बराबर रहती है। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का इस्तेमाल के साथ -साथ हैंडराइटिंग को भी जारी रखें क्योकि कलम से कागज पर लिखी जाने वाले लेखन विधा कम्प्यूटर युग में खो सी जाने लगी`सुन्दर अक्षरों की लिखावट के पहले अंक मिलते थे।साथ ही सुन्दर लेखन की तारीफे होती थी जो जीवन पर्यन्त तक साथ रहती थी ,स्कूलों ,विभिन्न संस्थाओं द्वारा सुन्दर लेखन प्रतियोगिता भी होती थीअब ये विधा शायद विलुप्ति की कगार पर जा पहुंची। लेखन विधा को विलुप्त होने से बचाने हेतु लेखन विधा के प्रति अनुराग को हमें जारी रखना होगा।ये लेखन एक सागर के सामान है जितना लिखना जारी रखेंगे उतने ही बेहतर विचार ,सुन्दर अक्षर और निखरेंगे।कलम के माध्यम से लेखन से नए विचारों का उदय होता। वही लेखन कला को बढ़ावा मिलता है। यदि कच्चा कार्य यानि कलम द्वारा पहले ड्राफ्ट तैयार कर टाइपिंग के लिए दिया जाता हैटाइपिंग करने वाले को सुन्दर अक्षरों के कारण अक्षर पढ़ने और टाइप करने में आसानी होकर त्रुटि रहित कार्य होता है` कहने का सार ये है कि स्पष्ट ,सुन्दर, सही व्याकरण लिखे जाने की आदत होना चाहिए।



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

धर्म-आस्था

जिसे संसार में आने नहीं दिया, ढूंढेंगे पूजन को घर घर जाकर

आ गई अष्टमी, आ गई नवमी। घरों में तैयारियाँ हैं, मंदिरों में घंटियों की गूँज है, माँ के दरबार सजे हैं और रसोई में कन्या भोज की सुगंध फैल रही है। कहीं हलवा बन रहा है, कहीं पूड़ियाँ छन रही हैं, कहीं छोटी-छोटी बच्चियों के लिए उपहार सजाए जा रहे हैं। हर घर में एक उत्साह है, एक श्रद्धा है। लोग सुबह से ही कन्याओं को आमंत्रित करने निकल पड़ते हैं। किसी को नौ कन्याएँ चाहिए, किसी को ग्यारह, तो किसी को जितनी मिल जाएँ, उतनी ही देवी का प्रसाद मानकर पूजने की इच्छा है।



वीरेंद्र हीरालाल पथरिया
(दैनिक अवन्तिका)

छोटी-छोटी बच्चियाँ घरों में प्रवेश करती हैं। उनके नन्हे पैरों को थाली में रखकर धोया जाता है, माथे पर तिलक लगाया जाता है, हाथ जोड़कर प्रणाम किया जाता है और प्रेमपूर्वक भोजन कराया जाता है। कुछ बच्चियाँ इस सम्मान को देखकर मुस्कराती हैं, कुछ उपहार पाकर खिलखिलाती हैं। उन्हें शायद यह भी पता नहीं होता कि आज उन्हें देवी कहा जा रहा है। वे तो बस बच्चियाँ हैं, मासूम, निश्छल और प्रेम की भूखी।

लेकिन इसी पवित्र दृश्य के बीच मन के किसी कोने में एक प्रश्न उठता है, जो उत्सव के शोर में दब जाना चाहता है। क्या आज कन्या के चरणों में झुकने वाला प्रत्येक सिर, जीवन में भी कन्या के सम्मान के सामने झुकता है?

क्या हर वह हाथ, जो आज छोटी बच्ची के पैरों को श्रद्धापूर्वक धो रहा है, कल किसी बेटी के जन्म की खबर सुनकर भी उतना ही प्रसन्न होगा? क्या हर वह परिवार, जो आज कन्या को देवी मानकर भोजन करा रहा है, अपनी बहू के गर्भ में पल रही बेटी का भी उसी उत्साह से स्वागत करेगा?

ये प्रश्न किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं, पूरे समाज के लिए हैं। शायद हमारे लिए भी, आपके लिए भी। एक दिन देवी, बाकी दिन बोझ क्यों? हमारा समाज कितना विचित्र है! एक ओर हम माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करते हैं, कन्याओं के चरणों में सिर झुकाते हैं, उनसे आशीर्वाद माँगते हैं और दूसरी ओर आज भी कहीं-कहीं बेटी के जन्म पर घरों में उदासी छा जाती है। बेटा पैदा हो तो मिठाइयाँ बँटती हैं, ढोल बजते हैं, बधाइयाँ दी जाती हैं। बेटी जन्म ले तो कुछ चेहरों पर मुस्कान आने से पहले चिंता की रेखाएँ खिंच जाती हैं। कोई दहेज की चिंता करता है, कोई वंश का नाम आगे बढ़ाने की बात करता है, तो कोई मन ही मन यह हिसाब लगाने लगता है कि इस बच्ची के पालन-पोषण और विवाह में कितना खर्च होगा।

और इससे भी अधिक पीड़ादायक वह मानसिकता है, जो गर्भ में पल रही बच्ची को संसार देखने का अधिकार तक नहीं देना चाहती। लिंग के आधार पर भ्रूण का गर्भपात, जहाँ भी होता है, वहाँ केवल एक जीवन की संभावना समाप्त नहीं होती, बल्कि मनुष्यता के विवेक पर भी प्रश्नचिह्न लग जाता है।

अष्टमी नवमी आती आते ही वही समाज कन्या खोजने निकल पड़ता है। वही हाथ, जो बेटी के जन्म पर कभी निराशा से झुक गए थे, आज देवी के चरणों में फूल चढ़ाते हैं। वही मन, जो कभी बेटी को जिम्मेदारी समझता था, आज उसके सामने सुख-समृद्धि की प्रार्थना करता है। यह कैसी विडंबना है कि जिस बेटी के जन्म से कभी घर का आँगन उदास हो जाता है, उसी बेटी के चरणों में सुख-समृद्धि की कामना लेकर पूरा घर सिर झुकाता है! क्या हमारी आस्था इतनी कमजोर है कि वह नौ दिनों में जागती है और बाकी दिनों में सो जाती है? या हमने धर्म के बाहरी स्वरूप को इतना महत्त्व दे दिया है कि उसके भीतर छिपे जीवन-मूल्यों को ही भूल बैठे हैं?

कल्पना कीजिए, अष्टमी की सुबह है। एक व्यक्ति कन्या पूजन की तैयारी कर रहा है। उसने पूजा की थाली सजाई है, हलवा-पूड़ी बनवाई है और घर के आँगन में आसन बिछाए हैं। बच्चियाँ आती हैं। वह उनके चरण धोता है, तिलक लगाता है और श्रद्धापूर्वक भोजन कराता है। सब कुछ विधिपूर्वक हो रहा है। लेकिन अचानक उसकी दृष्टि दीवार पर लगे आईने पर पड़ती है। उस आईने में उसे अपना चेहरा दिखाई देता है। वही चेहरा, जो आज देवी के सामने विनम्र है। वही चेहरा, जिसने कभी बेटी के जन्म की संभावना पर चिंता व्यक्त की थी। वही चेहरा, जिसने किसी परिवार में बेटी पैदा होने पर अनजाने में सहानुभूति के नाम पर दुख जताया था।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,400 रवा- 1,48,800 चांदी-टंच- 2,14,500 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

शाजापुर के दुपाड़ा रोड पर कार पर फेंके पत्थर

शाजापुर। शाजापुर के लालघाटी थाना क्षेत्र में दुपाड़ा रोड पर शुक्रवार रात को सतगांव से पहले मऊड़ी जोड़ के पास एक अज्ञात व्यक्ति ने दो वाहनों पर पत्थर फेंके। इस घटना में एक बोलेरो का आगे का शीशा और एक कार का पीछे का शीशा टूट गया। कार में बैठी एक महिला को हल्की चोट भी आई। घटना के बाद वाहन चालकों और यात्रियों में डर फैल गया। जानकारी के मुताबिक, दोनों वाहन शाजापुर की ओर आ रहे थे, तभी अचानक उन पर पत्थर फेंके गए। बताया जा रहा है कि दुपाड़ा रोड पर ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं, लेकिन अब तक आरोपियों का पता नहीं चल पाया है। सूचना मिलने पर लालघाटी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने टॉर्च की मदद से आसपास के इलाके में अज्ञात व्यक्ति की तलाश की, लेकिन कोई नहीं मिला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

एनएसयूआई ने पुलिस पर लगाया दुर्व्यवहार का आरोप



शुजालपुर। शुजालपुर में एनएसयूआई ने एसडीओपी को ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन शाजापुर जिले के सरकारी कॉलेज में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष जय सिंह कराड़ा के साथ पुलिस के कथित दुर्व्यवहार के विरोध में दिया गया। शनिवार को एसडीओपी शुजालपुर के कार्यकर्ताओं ने एनएसयूआई निमिष देशमुख को उनके ऑफिस में ज्ञापन सौंपा और विरोध जताया। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। संगठन ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में छात्रों के साथ सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित होना चाहिए। एनएसयूआई ने मांग की कि भविष्य में शुजालपुर के किसी भी शिक्षण संस्थान में ऐसी घटना दोबारा न हो। एनएसयूआई ने साफ किया कि वह हमेशा छात्रों के सम्मान, अधिकारों और न्याय के लिए आवाज उठाता रहा है। संगठन छात्र हितों के लिए संघर्ष करेगा और उनके साथ खड़ा रहेगा।

पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर को पकड़ा, बाइक जब्त



मक्सी। वाहन चोरी रोकने के अभियान में मक्सी पुलिस ने एक 21 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 90 हजार रुपए की चोरी की हीरो स्प्लेंडर प्लस बाइक जब्त। 16 अक्टूबर 2026 को मक्सी पुलिस सिरोलिया रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी। एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल लेकर आया और पुलिस को देखकर भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अंकित गुर्जर (21), रेहली, शाजापुर का बताया। जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल मक्सी थाने में दर्ज चोरी के मामले से संबंधित थी। आरोपी अंकित के खिलाफ केस दर्ज है। पुलिस उससे अन्य चोरियों की पूछताछ कर रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर और एसडीओपी डॉ. नागेंद्र प्रताप सिंह के निर्देश पर की गई।

जिला कलेक्टर से पूर्व पार्षद दिनेश सोलंकी ने की माँग



उन्हेल। कलेक्टर रोशन सिंह, उपस्थित एस.पी. प्रदीप शर्मा एवं प्रशासनिक अमले के उन्हेल दौरे के दौरान बृजेश मार्केट, उन्हेल में नगर की समस्या को लेकर पूर्व पार्षद दिनेश सोलंकी ने चर्चा की। उन्होंने उन्हेल बस स्टैंड 26 दुकानों एवं 30 आवासीय प्रकरणों से संबंधित तथ्यों से प्रशासन को अवगत कराते हुए मांग की कि कोई भी बेरोजगार न रहे और न ही कोई बेघर हो।

छात्रों ने कलेक्टर से की सड़क बनाने की मांग

छात्र बोले- 17 साल से इंतजार कर रहे, बारिश में कीचड़ से होती है परेशानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया



अकोदिया में हायर सेकेंडरी स्कूल केवड़ाखेड़ी में पढ़ने वाले अमलावती गांव के स्टूडेंट्स ने 2 किलोमीटर लंबी कच्ची सड़क को पक्का कराने की मांग की है। शुक्रवार को अमलावती में आयोजित 'मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर' के दौरान छात्रों ने कलेक्टर डॉ. परीक्षित संजय राव झाड़े को आवेदन सौंपा। पिछले 17 सालों से गांव के लोग और बच्चे इस पक्की सड़क के बनने का इंतजार कर रहे हैं।

हर दिन अमलावती से करीब 60 से 65 बच्चे इसी कच्चे रास्ते से पैदल स्कूल का सफर तय करते हैं। बारिश के दिनों में यह सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जाती है, जिससे महज दो किलोमीटर की दूरी तय करने में बच्चों को दो से ढाई घंटे का समय लग जाता है। रास्ते में जहरीले जीव-जंतुओं और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है।

छात्रों का कहना है कि वे सरपंच से लेकर जनपद और जिला स्तर के अधिकारियों तक कई बार ज्ञापन दे चुके हैं। दो-तीन महीने पहले भी अधिकारियों को लिखित में अर्जी दी गई थी, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। थक-हारकर बच्चों ने कलेक्टर से खुद मौके पर आकर सड़क का हाल देखने और निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

शिविर के दौरान उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार भी मौजूद रहे। एक किसान की पुरानी समस्या का समाधान न होने पर मंत्री ने मंच से ही एसडीएम को सख्त लहजे में फटकार लगाई। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने और तुरंत निराकरण करने के निर्देश दिए।

मौके पर बांटे आयुष्मान कार्ड और लाड़ली लक्ष्मी योजना के चेक

शिविर की शुरूआत कन्या पूजन और दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद कलेक्टर ने आए हुए आवेदनों की जांच कर कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। पात्र लोगों को प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना के चेक और किसान कल्याण योजना के स्वीकृति पत्र बांटे गए। मंत्री परमार ने कहा कि सरकार की मंशा के तहत हर शुक्रवार को ये शिविर लगाए जा रहे हैं ताकि ग्रामीणों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़ें।

नातरा और झगड़ा प्रथा जैसी कुरीतियों के कानूनी पहलुओं पर मंथन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जिले में नातरा और झगड़ा प्रथा जैसी पुरानी सामाजिक कुरीतियों को खत्म करने तथा इनसे उपजे विवादों के कानूनी पहलुओं को समझने के लिए पुलिस कंट्रोल रूम में शोध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

पुलिस मुख्यालय भोपाल और नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी दिल्ली से आई विशेष टीम ने स्थानीय पुलिस अधिकारियों के साथ मिलकर इन विषयों पर गहराई से अध्ययन किया। शोध कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में गहराई तक पैठ बना चुकी नातरा और झगड़ा प्रथा से जुड़े कानूनी पक्षों को समझना और इनसे संबंधित आंकड़े व जानकारी एकत्रित करना था।

टीम ने इन कुरीतियों के कारण होने वाले विवादों और उनके कानूनी समाधान को लेकर पुलिस के अनुभवों को भी साझा किया। इस महत्वपूर्ण शोध कार्य के लिए दिल्ली और भोपाल से विशेष टीम शाजापुर पहुंची थी। टीम में परिमल के रिसर्च एसोसिएट मोहित सोने, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (दिल्ली) की रिसर्चर हिमांशी यादव, समृद्धि सक्सेना व विनीत त्यागी के साथ-साथ पीएचक्यू भोपाल के आरक्षक ऋषि शुक्ला शामिल रहे।

5 थानों के पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

जमीनी स्तर पर इन प्रथाओं से जुड़े मामलों की स्थिति समझने के लिए कार्यक्रम में जिले के थाना कोतवाली, महिला थाना, बेरछा, मक्सी और सुनेरा थाने के अधिकारी व कर्मचारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने शोध टीम के साथ अपने थानों में आने वाले ऐसे मामलों की व्यावहारिक जानकारी साझा की। इस पूरे शोध कार्यक्रम का सफल समन्वय नोडल अधिकारी एवं उप निरीक्षक (एसआई) जया सुनेरी के मार्गदर्शन में किया गया। इस शोध के निष्कर्ष भविष्य में इन सामाजिक कुरीतियों से निपटने के लिए कानूनी रणनीति बनाने में मददगार साबित होंगे।

लापरवाही बरतने वाले तीन पंचायत सचिव निलंबित

सारंगपुर। राजगढ के जिला पंचायत सीईओ इच्छित गडपाले ने स्पष्ट शब्दों में ताकीद की है कि जिन ग्राम पंचायतों में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप करों की वसूली नहीं की जाएगी। इसी कड़ी में प्रशासनिक निदेशों की अवहेलना और वसूली में घोर लापरवाही बरतने पर जिला प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सारंगपुर जनपद की तीन ग्राम पंचायतों के सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई 14 अक्टूबर को आयोजित जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान ली गई।



अस्पताल के वेस्ट रूम में लगी आग से पुराने टायर और अन्य सामान जले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शाजापुर के जिला अस्पताल परिसर स्थित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य केंद्र बिल्डिंग के पीछे बने वेस्ट रूम में आग लग गई। कमरे में रखे पुराने टायर और अन्य बेकार सामान जल गए। अस्पताल कर्मचारियों ने समय रहते आग पर काबू पा लिया, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया।

जानकारी के अनुसार, एमसीएच बिल्डिंग के पीछे वेस्ट रूम में अचानक आग लगने से वहां हलचल मच गई। कमरे में पुराने वाहनों के टायर सहित कई अनुपयोगी चीजें रखी थीं, जिनमें आग लग गई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और अस्पताल के फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से आग बुझाने में जुट गए।

कर्मचारियों ने कुछ ही देर में आग पर नियंत्रण कर लिया। बताया गया कि वेस्ट रूम के पास ही जैविक कचरा प्रबंधन (बायोमेडिकल वेस्ट) का इलाका भी है। अगर आग समय पर नहीं बुझाई जाती, तो लपटें वहां तक पहुंच सकती थीं और हालात बिगड़ सकते थे। कर्मचारियों की सतर्कता से आग फैलने से रुक गई।

शुजालपुर के टीटवास में 2 दिन में 158 कृष्णमृग का रेस्क्यू

अब तक 537 कूनो भेजे, किसी वन्यजीव को चोट नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



शाजापुर जिले में कृष्णमृग रेस्क्यू अभियान 17 अक्टूबर को भी जारी रहा। फसलों को नुकसान और मानव-वन्यजीव टकराव रोकने के लिए यह चलाया जा रहा है। शुजालपुर के टीटवास गांव में शनिवार को 49 कृष्णमृग रेस्क्यू किए गए।

शुक्रवार को इसी जगह से 109 कृष्णमृग बचाए गए थे। इस तरह टीटवास में दो दिन में कुल 158 कृष्णमृग रेस्क्यू हुए। 9 अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में अब तक 537 कृष्णमृगों को सुरक्षित कूनो भेजा जा चुका है।

अभियान की खासियत है कि रेस्क्यू के दौरान किसी वन्यजीव को चोट नहीं लगी। वन विभाग और विशेषज्ञ बिना छुए या इंजेक्शन लगाए 'बोमा पद्धति' से इन्हें बचा रहे हैं। इसमें 'वी' आकार का घेरा बनाकर वन्यजीवों को धीरे-धीरे उसमें लाया जाता है। बचाए गए कृष्णमृगों को कूनो अभयारण्य भेजा जा रहा है। वन विभाग का लक्ष्य दूसरे चरण में 2,000 कृष्णमृगों को स्थानांतरित करना है।

शाजापुर जिले के शुजालपुर और कालापीपल क्षेत्र में कृष्णमृगों की बड़ी संख्या के कारण किसानों की फसलों को नुकसान होने की समस्या सामने आती रही है। इसे कम करने और मानवजन्यवन्यप्राणी द्वंद्व रोकने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में लगातार दूसरे वर्ष यह अभियान चलाया जा रहा है।

विशेषज्ञों की देखरेख में अभियान

अभियान में दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस का तकनीकी सहयोग मिल रहा है। प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए वन्यप्राणी चिकित्सक, वन अधिकारी और प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारी रेस्क्यू, देखभाल और सुरक्षित परिवहन की प्रक्रिया में जुटे हैं। वन्यजीवों को सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के साथ किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान में कमी लाना इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

पतोली के शामावि को मिले दो नए कंप्यूटर सेट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समीपस्थ ग्राम पतोली स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली है। विद्यालय के संस्था प्रधान एवं शिक्षक लोकेश राठौर ने शाला संवर्धन अभियान के तहत अपने निजी सहयोग से विद्यालय को दो कंप्यूटर सेट सहर्ष भेंट किए हैं। यह आयोजन बीआरसीसी योगेश भावसार के मार्गदर्शन और सरपंच दिलीपसिंह चावड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षक लोकेश राठौर के इस पुण्यार्थ एवं उदार कार्य से विद्यालय के विद्यार्थियों और ग्रामीणों में अभूतपूर्व उत्साह का वातावरण है। विद्यालय को कंप्यूटर मिलने से अब प्राथमिक स्तर के नन्हें-मुन्ने बच्चे बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान शिक्षण को ऑडियो-विजुअल माध्यमों के जरिए खेल-खेल में अधिक प्रभावी ढंग से सीख सकेंगे। वहीं दूसरी ओर, माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को व्यावहारिक कंप्यूटर ज्ञान और आधुनिक तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का सीधा अवसर मिलेगा, जो उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत करेगा। इस दौरान जनशिक्षक मयंक चौरसिया, शिक्षक अजरा खान, रमेश चंद्र मालवीय मौजूद रहे।

ग्राम पंचायत पतोली के सरपंच दिलीप सिंह चावड़ा और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बजेसिंह चावड़ा की अगुवाई में शुरू किए गए शाला संवर्धन कार्यक्रम के तहत समुदाय को सीधे तौर पर शाला विकास से जोड़ा जा रहा है, ताकि विद्यालय में आवश्यक सुविधाओं और संसाधनों की कोई कमी न रहे।

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड बी-13/3 प्रथम मंजिल महाकाल वाणिज्य कैन्द्र नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड/भवन नवीन क्रमांक 112, (पुराना क्रमांक 128) स्थित मनीपार्क वे कॉलोनी आगर रोड़ उज्जैन म.प्र में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 139.53 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे - कॉलोनी का रोड़, पश्चिम मे - भूखण्ड क्रमांक 129, उत्तर मे- भूखण्ड क्रमांक 113 एवं दक्षिण मे- भूखण्ड क्रमांक 111 स्थित है। उक्त सम्पत्ति मनीला गुप्ता पति श्री कुलदीप गुप्ता एवं नेहा देशमुख पति श्री गौरव देशमुख ने इसके पूर्वस्वामी नितिन पिता राजमल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022025ए1251836 दिनांक 30/03/2025 के माध्यम से क्रय कि। एवं उक्त संपत्ति को मनीला गुप्ता एवं नेहा देशमुख ने विक्रय करने का अनुबंध शीला जैन पति अनिल कुमार जैन एवं महक जैन पिता अनिल कुमार जैन से किया है एवं शीला जैन तथा महक जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। तथा पक्षकार की जानकारी के अनुसार पूर्व का संशोधन पत्र क्रमांक एमपी432022016ए1511804 दिनांक 02/09/2016 का कही गुम हो गया है, अतः सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार एच.डी.एफ.सी.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक
87/3 तुलसी कॉम्प्लेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा
फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड कार्यालय दुसरी मंजिल ए 6/3 महांकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड जो भूमि सर्वे क्रमांक 1506/2 का भाग होकर शहीद नगर मकोड़िया आम आगर रोड़ उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 55.77 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भूमि कैलाशचंद्र भैरासी जो वर्तमान भवन दुर्गा जाटवा का, पश्चिम मे- भूमि भेरूलाल जो वर्तमान भवन खेमचंद्र पिता रामप्रसाद, उत्तर मे- रोड़, दक्षिण में- गली स्थित है। उक्त संपत्ति दिलीपसिंह पिता गोपाल सिंह ने इसके पूर्वस्वामी कल्याणसिंह पिता गोपालसिंह से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022018ए1389352 दिनांक 05/06/2018 के माध्यम से प्राप्त कि। एवं दिलीपसिंह का स्वर्गवास दिनांक 01/01/2026 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी सीमाबाई पति दिलीपसिंह एवं पुत्रगण अमन दिक्षित व विशाल दिक्षित हुए। तथा सीमाबाई आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध बरखा पति मनोज मारू से किया है एवं बरखा मारू ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक
87/3 तुलसी कॉम्प्लेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा
फ्रीगंज, उज्जैन मोबाइल न. 9301860352



माता टेकरी पर 24 घंटे में 3 लाख भक्त पहुंचे, एबी रोड के कट बंद कर आगे बढ़ाया

देवास। देवास की माता टेकरी पर शुक्रवार रात से शनिवार सुबह तक भक्तों का भारी जमावड़ा रहा। अनुमान के मुताबिक, 24 घंटे में 3 लाख से ज्यादा भक्तों ने मां के दर्शन किए। शुक्रवार रात 8 बजे के बाद भीड़ तेजी से बढ़ी। दबाव बढ़ने पर एबी रोड के कई कट पॉइंट बंद कर दिए गए। टेकरी पर शंख द्वार पर बैरिकेडिंग लगाकर भक्तों को रोक-रोककर आगे बढ़ाया गया, ताकि भीड़ नियंत्रित रहे। एसपी पुनीत गेहलोद ने रात करीब 3 बजे माता टेकरी के रास्तों और एबी रोड पर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। नायब तहसीलदार कपिल गुर्जर और हरिओम ठाकुर सहित प्रशासन की टीमें लगातार निगरानी करती रहीं और जरूरत के हिसाब से व्यवस्थाओं में बदलाव किए।

मोदी ने एशियन गेम्स में कांस्य जीतने वाले जय की पीठ थपथपाई, कहा-मेहनत करते रहिए



देवास। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एशियन गेम्स में सॉफ्ट टेनिस का कांस्य पदक जीतने वाले देवास के खिलाड़ी जय मीणा से मुलाकात की। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल हॉकी स्टेडियम में हुई इस मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने जय की पीठ थपथपाकर उनका उत्साह बढ़ाया। प्रधानमंत्री ने जय मीणा से कहा, ह्लऐसे ही मेहनत करते रहिए और देश का नाम रोशन करिए।ह्व पीएम के इन शब्दों से जय का हौसला बढ़ा। जय ने प्रधानमंत्री को सॉफ्ट टेनिस का रैकेट और बॉल भेंट की। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्मान देने और उनका उत्साह बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम में खेल मंत्री, भारतीय ओलिंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा और अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीतकर जय मीणा ने देश और देवास का नाम रोशन किया है।

कन्नौद गरबा प्रतियोगिता में खंडवा मंडल बना विजेता, 40 हजार रुपये का इनाम मिला



खातेगांव। कन्नौद के मां गिरिजेश्वरी धाम पर बेहड़ा बाबा नवदुर्गा उत्सव समिति ने गरबा प्रतियोगिता कराई। संस्था भगवन और राधे ने सहयोग किया। 12 टीमों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा प्रस्तुतियां दीं। यह आयोजन सुबह 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे। प्रतियोगिता में खंडवा की आरजेएस गरबा मंडल पहले स्थान पर रही, जिसे 40 हजार रुपए का इनाम मिला। नवरंग गरबा मंडल ने दूसरा स्थान हासिल किया और 21 हजार रुपए जीते। कन्नौद की मां नर्मदा गरबा मंडल तीसरे नंबर पर रही, उसे 13 हजार रुपए दिए गए। इटारसी की नृत्य गरबा मंडल को चौथा स्थान मिला और 11 हजार रुपए दिए गए। पुनासा गरबा मंडल पांचवें नंबर पर रही, उसे 10 हजार रुपए मिले। दलजीतसिंह कांटाफोड़, अवधेश राठौर कांटाफोड़, शुभम वर्मा खातेगांव और सीमा शर्मा कन्नौद ने निर्णायक की भूमिका निभाई। निर्णायकों ने टीमों के नृत्य कौशल, तालमेल और वेशभूषा को देखकर नंबर दिए। कार्यक्रम में मप्र पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीया मुख्य अतिथि थे। विधायक आशीष शर्मा विशेष अतिथि शामिल हुए।

प्रतिनिधि मंडल ने की केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मुलाकात



सारंगपुर। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से भाजपा जिला उपाध्यक्ष अक्षय सक्सेना सारंगपुर के नेतृत्व में सारंगपुर के प्रतिनिधि मंडल ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं नगर विकास के मुद्दो को लेकर मुलाकात की और समस्याओं के समाधान की मांग की। इस दौरान क्षेत्र की दूरसंचार व्यवस्था औ सड़क मार्ग के दुरूस्तीकरण की मांग की गई। इस पर श्रीसिंधिया ने समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान अन्य भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्रीमती मनीषा मोर्य पति स्वर्गीय श्री विजय मोर्य, श्री अंशुल मोर्य पिता स्वर्गीय श्री विजय मोर्य, अवनी मोर्य पिता स्वर्गीय श्री विजय मोर्य निवासीगण-डीएच-20/ ए, स्कीम न. 74 इंदौर (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का लीज-होल्ड राइट्स का भूखण्ड क्रमांक C-34/12 (कोर्नर) सीनियर एम आई जी जिसका कुल क्षेत्रफल 257.40 वर्गमीटर स्थित त्रिवेणी विहार आवासीय योजना, उज्जैन (म.प्र.) जिसके उत्तर/पूर्व में-45.00 मीटर सड़क, पूर्व/दक्षिण में-18.00 मीटर सड़क, दक्षिण/पश्चिम में-भूखण्ड क्रमांक C-34/13 एवं पश्चिम/ उत्तर में-भूखण्ड क्रमांक उ-34/11 पूर्ण एवं उ-34/10 का भाग है, को क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि का भुगतान कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया गया है यदि उक्त सम्पूर्ण भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 15 (दिवस) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी। सो सूचित हो।

दिनांक 16.10.2026

विवेक गुप्ता, एडवोकेट
11/1, घटकर्पर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.
मोबाईल नंबर- 9827228461

स्कूल में श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया नवरात्रि पर्व

गुना। शहर के प्राइवेट स्कूल में नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ कन्या पूजन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नौ कन्याओं को माँ दुर्गा के नौ स्वरूपों के रूप में सजाया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में एसबीआई की शाखा प्रबंधक श्रीमती तरुणा कुंडलानी, सुरेश शर्मा एवं विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला सह मंत्री राजेंद्र कुशवाह आशीष रघुवंशी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। इसके पश्चात नौ देवियों के स्वरूप में सजी कन्याओं का पूजन एवं आरती कर उनका आशीर्वाद लिया गया। इस पावन अवसर पर कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन किया गया। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और श्रद्धा के साथ इस धार्मिक आयोजन का आनंद लिया। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों के सामूहिक सहयोग, समर्पण और सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सभी ने मिलकर आयोजन को यादगार बनाया और विद्यालय में एकता, सहयोग एवं सांस्कृतिक मूल्यों का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शिखा चौहान के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, धार्मिक परंपराओं, नारी सम्मान एवं सेवा भाव संस्कार विकसित करना रहा। संपूर्ण विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम आनंदमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

जिला पंचायत को झटका, दुकान नं. 33 और 35 के मामले खारिज

गुना। जिला पंचायत गुना को दुकानों से संबंधित दो प्रकरणों में न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड न्यायालय, गुना के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश सुश्री आयुषी मित्तल ने प्रकरण क्रमांक आरसीएस- ए 9/2020, जिला पंचायत विरुद्ध संदीप कुशवाह एवं आरसीएस- ए 10/2020, जिला पंचायत विरुद्ध रतिराम धाकड़ में निर्णय पारित करते हुए दोनों प्रकरण खारिज कर दिए। मामला जिला पंचायत परिसर, गायत्री मंदिर के सामने, एबी रोड, गुना स्थित दुकान क्रमांक 33 एवं 35 से संबंधित था। वर्ष 2020 से विचाराधीन इन प्रकरणों में वर्ष 2026 में न्यायालय द्वारा निर्णय सुनाया गया। इसमें संदीप कुशवाह एवं रतिराम धाकड़ की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता राजीव लोचन व्यास ने बताया कि जिला पंचायत गुना द्वारा संबंधित दुकानों के विरुद्ध गलत कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। न्यायालय ने मामले की सुनवाई के बाद दोनों प्रकरणों को खारिज कर दिया। अधिवक्ता व्यास के अनुसार, न्यायालय के निर्णय का प्रमुख आधार यह रहा कि जिला पंचायत गुना इन दुकानों के संबंध में संबंधित न्यायालय में प्रकरण नहीं चला सकती। इस निर्णय को दोनों पक्षकरों के लिए महत्वपूर्ण कानूनी सफलता माना जा रहा है।

सुप्रीम कोर्ट बोला- बच्चों को इंटरनेट से दूर रखना बेतुका

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि इंटरनेट का इस्तेमाल करना हर व्यक्ति, यहां तक कि बच्चों का भी मौलिक अधिकार है। बच्चों को इंटरनेट से पूरी तरह दूर रखना बेतुका होगा। कोर्ट ने कहा कि बच्चों की ऑनलाइन सुरक्षा और उनकी आजादी, दोनों का ध्यान रखना जरूरी है। कोर्ट ने कहा- इंटरनेट पर गलत कंटेंट होने के कारण बच्चों के लिए इस पर पूरी तरह पाबंदी लगाना सही नहीं है। ऐसी रोक से बच्चे कम सुरक्षित वेबसाइटों और प्लेटफॉर्म पर जा सकते हैं। ऑनलाइन धमकी या शोषण का सामना करने वाले बच्चे शिकायत करने से भी डर सकते हैं। कोर्ट ने बच्चों के यौन शोषण और दुर्व्यवहार से जुड़े ऑनलाइन कंटेंट को पहचानने और हटाने की व्यवस्था मजबूत करने के लिए केंद्र को नेशनल डेटाबेस बनाने का निर्देश दिया है। सोशल मीडिया कंपनियों को भी ऐसा कंटेंट हटाने के दो घंटे के भीतर पुलिस या साइबर क्राइम पोर्टल को रिपोर्ट देनी होगी।

रिजिजू बोले- विपक्षी नेता ओवैसी से सीखें, वे समझदार

नई दिल्ली। किरेन रिजिजू ने शनिवार को AIMIM चीफ असदुद्दीन ओवैसी के मस्क को लेकर दिए बयान की तारीफ की। रिजिजू ने पर लिखा कि कभी-कभी ओवैसी भारत के राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर समझदारी वाली बातें करते हैं। अगर विपक्ष के कुछ नेता हमारी बात नहीं सुनना चाहते, तो उन्हें ओवैसी से सीखना चाहिए।दरअसल 14 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में ओवैसी ने कहा था कि नरेंद्र मोदी से मेरे 100 मतभेद हो सकते हैं, लेकिन मैं अपने देश और संवैधानिक पद का अपमान बर्दाश्त नहीं करूंगा। हमें दुनिया में सबसे सस्ता डेटा मिल रहा है। कोई गोरा हमें हुक्म नहीं दे सकता। हाल ही में मस्क ने अपने एक पोस्ट में मुकेश अंबानी पर तंज कसते हुए उन्हें 'प्राइम मिनिस्टर अंबानी' लिखा था। इस पोस्ट में उन्होंने अंबानी को भारत का रियल बॉस बताया था।

दिल्ली से दुबई जाने वाली फ्लाइट से पक्षी टकराया

नई दिल्ली। दिल्ली से दुबई जाने वाली एमिरेट्स की फ्लाइट एड 517 टेकऑफ के दौरान एक पक्षी से टकरा गई। जिसके चलते विमान के आगे का हिस्सा पिचक गया। फ्लाइट को शाम 4:25 बजे उड़ान भरनी थी। घटना के बाद एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ ने विमान की पूरी जांच की। वीडियो में एयरपोर्ट कर्मचारी विमान के नोज कोन (अगले हिस्से) की जांच करते नजर आए। बर्ड स्ट्राइक तब होती है जब उड़ान के दौरान या टेकऑफ और लैंडिंग के समय पक्षी विमान से टकराते हैं। इससे विमान के इंजन और विंडशील्ड को नुकसान पहुंचने का खतरा रहता है।

आडवाणी को सीने में इन्फेक्शन, अपोलो अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी को शुक्रवार देर शाम सीने में इंफेक्शन के चलते दिल्ली के अपोलो हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। अस्पताल अधिकारियों के अनुसार उनकी हालत स्थिर है और उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल के मुताबिक,उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया है, जहां न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर विनीत सूरी की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और वे लगातार डॉक्टरों की निगरानी में हैं। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा नेता जे.पी. नड्डा ने अस्पताल पहुंचकर लालकृष्ण आडवाणी से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।

दांत तोड़े, गला घोंटा और मुंह में रूमाल ठूंसकर मार डाला

भोपाल में हैवानियतः सिलोचन का नशा कर बच्ची से दुष्कर्म

खंडहरनुमा इमारत की तीसरी मंजिल पर कंबल में लिपटा मिला शव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल





बैरागढ़ में 13 वर्षीय बच्ची की दरिंदगी के बाद हत्या कर दी गई। आरोपित उसे बाजार से अपने साथ ले गया और खंडहरनुमा इमारत में दुष्कर्म किया। इसके बाद बच्ची के दांत तोड़ दिए और मुंह में रूमाल ठूंसकर गला घोंट दिया। हत्या के बाद उसने बच्ची के कपड़े उतारकर दूसरी मंजिल की सीढ़ियों पर फेंक दिए और शव को कंबल में लपेटकर तीसरी मंजिल पर टूटी हुई टेबलों के बीच छिपा दिया। गुरुवार रात आठ बजे गायब हुई बच्ची को स्वजन रातभर तलाशते रहे। शुक्रवार सुबह उसी इमारत के पास आरोपित दोबारा पहुंचा तब घटनाक्रम का राज खुला। पुलिस ने 23 वर्षीय मुईन बेग को गिरफ्तार कर लिया है। उधर घटना को लेकर हिंदू संगठन ने शुक्रवार को बैरागढ़ थाने के सामने प्रदर्शन किया।

बच्ची की हत्या से गुस्साए स्थानीय लोगों और हिंदू संगठन के लोगों ने बैरागढ़ थाने का घेराव किया। उन्होंने आरोपित को फांसी देने और कड़ी कार्रवाई की मांग की। शाम करीब चार बजे से थाने के बाहर भीड़ जुटने के कारण जाम के हालात बने रहे। हिंदू संगठन के कुछ कार्यकर्ताओं को जानकारी मिली की आरोपित वहीं एक मैकेनिक और वाशिंग सेंटर में काम करता है तो कार्यकर्ताओं ने वहां कुछ वाहनों में तोड़फोड़ भी कर दी। बैरागढ़ थाने में रात करीब एक बजे स्वजनों ने बच्ची की गुमशुदगी की शिकायत की थी। लेकिन पुलिस ने करीब 12 घंटे बाद शुक्रवार सुबह तक गुमशुदगी का केस दर्ज नहीं किया। वहीं महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित खंडहरनुमा इमारत में बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्या की वारदात हुई।

नशे के बाद वारदात

पुलिस के अनुसार बच्ची बैरागढ़ क्षेत्र में माता-पिता और दो भाई-बहनों के साथ रहती थी। उसका परिवार पन्नी बीनकर गुजर-बसर करता है। गुरुवार रात करीब आठ बजे बच्ची बैरागढ़ बाजार में स्वजनों को आखिरी बार दिखाई दी थी। इसके बाद वह लापता हो गई। स्वजन ने बाजार और आसपास के इलाकों में तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। रात करीब एक बजे वे बैरागढ़ थाने पहुंचे और गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित मुईन बेग बच्ची को बाजार के पास स्थित खंडहरनुमा इमारत में ले गया था। रात 9:05 बजे वह घटनास्थल कृष्णा काम्पलेक्स के सामने सीसीटीवी फुटेज में बच्ची के साथ दिखा था। वहां उसने सिलोचन और व्हाइटनर का नशा करने के बाद बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद बेरहमी से उसके दांत तोड़कर, गला दबाकर और फिर मुंह में रूमाल ठूंस दिया, जिससे बच्ची की मौत हो गई।

शव तीसरी मंजिल पर छुपाया

वारदात के बाद आरोपित ने बच्ची के कपड़े उतारकर दूसरी मंजिल की सीढ़ियों पर फेंक दिए। फिर शव को कंबल में लपेटकर तीसरी मंजिल पर टूटी हुई चार टेबलों के बीच छिपा दिया, ताकि किसी की नजर उस पर न पड़े। इसके बाद वह बिल्डिंग से निकल गया। वह दोबारा रात करीब एक बजे दोबारा उसी बिल्डिंग में गया था और कुछ देर बाद बाहर निकला। उधर बच्ची के स्वजन जब तलाश कर रहे थे तो वह उनके साथ रातभर बच्ची को ढूंढने का नाटक भी करता रहा। शुक्रवार सुबह आरोपित दोबारा उसी इमारत के पास पहुंचा।

उपयंत्रियों की पदस्थापना इस ब्लॉक में तो निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी दूसरे ब्लॉक में

जिले की जनपद पंचायतों और आरईएस विभाग में शासन के निर्देशों की उड़ाई जा रही धज्जियां

विसंगतियों के चलते समय पर नहीं पहुंच रहे इंजीनियर, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना



जिले में जनपद पंचायतों और कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग गुना की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शासन के निदेर्शों के बावजूद उपयंत्रियों की पदस्थापना और कार्यक्षेत्र में कथित विसंगतियों के चलते व्यवस्था प्रभावित होने के आरोप लग रहे हैं। स्थिति यह है कि उपयंत्रियों की पदस्थापना इस ब्लॉक में है, जबकि उन्हें निर्माण कार्यों की जिम्मेदारी दूसरे ब्लॉक में सौंपी जा रही है। इससे न केवल विभागीय व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, बल्कि निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी भी प्रभावित होने की आशंका है।

दरअसल मामला ये है कि कुछ उपयंत्री अपने निर्धारित कार्यक्षेत्र में समय पर नहीं पहुंच रहे हैं। इसके चलते पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण और मूल्यांकन प्रभावित होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। इंजीनियरों की समय पर उपलब्धता नहीं होने से निर्माण कार्यों की प्रगति पर असर पड़ने के साथ ही गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से खिलवाड़ की आशंका- निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने में उपयंत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। ऐसे में यदि इंजीनियर समय पर मौके पर नहीं पहुंचते और नियमित निरीक्षण नहीं होता, तो निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की आशंका बढ़ जाती है। वहीं, निर्माण कार्यों में कथित सांठगांठ के आरोप भी गंभीर सवाल खड़े करते हैं। हालांकि, इन आरोपों की पुष्टि संबंधित निर्माण कार्यों की जांच और विभागीय दस्तावेजों के परीक्षण के बाद ही हो सकती है।

मनमानी से व्यवस्था पर पड़ रहा असर

जिले की जनपद पंचायतों और आरईएस विभाग में जिम्मेदार अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर यह सवाल उठ रहा है कि जब शासन ने पदस्थापना और कार्य संचालन के लिए दिशा-निर्देश निर्धारित किए हैं, तो उनका पालन सुनिश्चित क्यों नहीं किया जा रहा है? यदि उपयंत्रियों को दूसरे ब्लॉक में कार्य की जिम्मेदारी दी जाती है, तो उनके कार्यक्षेत्र, उपस्थिति और निरीक्षण की जवाबदेही भी स्पष्ट होनी चाहिए। अन्यथा विभागीय समन्वय की कमी का खामियाजा ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यों को भुगतना पड़ सकता है।

जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका पर सवाल

अब सवाल यह है कि जिले की जनपद पंचायतों और आरईएस विभाग में पदस्थापना और कार्य आवंटन की व्यवस्था की निगरानी कौन कर रहा है? क्या संबंधित अधिकारियों को उपयंत्रियों की उपस्थिति और कार्यों की स्थिति की जानकारी नहीं है, या फिर इन मामलों में जानबूझकर अनदेखी की जा रही है? प्रशासन को चाहिए कि उपयंत्रियों की पदस्थापना, कार्य आवंटन, उपस्थिति और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराए। साथ ही शासन के निदेर्शों का पालन सुनिश्चित करते हुए लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी धन से होने वाले विकास कार्यों की गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहे।

दिग्विजय सिंह की सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा के लिए संतों को न्योता

20 अक्टूबर को उज्जैन से अयोध्या तक निकलेगी 930 किलोमीटर लंबी यात्रा



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में विजयादशमी, 20 अक्टूबर से सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा निकाली जाएगी। उज्जैन स्थित शिवधाम से अयोध्या के रामधाम तक प्रस्तावित 930 किलोमीटर लंबी इस यात्रा के शुभारंभ अवसर पर संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आमंत्रण दिए जा रहे हैं। इसी क्रम में उज्जैन नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष डॉ. रवि राय और पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र वशिष्ठ ने शहर के प्रमुख संतों एवं महामंडलेश्वरों से भेंट कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपे। इस दौरान श्री सुमनानंद जी महाराज महामंडलेश्वर, मुनि शरण जी महाराज, मां बगलामुखी धाम एवं भर्तृहरि गुफा के श्री रामनाथ जी महाराज तथा श्री शैलाशानंद जी महाराज महामंडलेश्वर को यात्रा के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित होने का निमंत्रण दिया गया।

शिवराज बोले- देशविरोधी तत्व रिजीम चेंज.. के नारे लगा रहे...

राहुल गांधी के नेतृत्व में 99 बार हार चुके, एसआईआर के पहले और उसके बाद भी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि आज कल देशविरोधी तत्व ह्यरिजीम चेंजह्न जैसे नारे देकर सत्ता परिवर्तन के प्रपंच रच रहे हैं, इनके इरादे जाहिर हो गए हैं, दिल की बात जुबान पर आ गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में 99 बार हार चुके हैं। एसआईआर के पहले भी हारे, एसआईआर के बाद भी हारे। अब लगा कि चुनाव में जीत नहीं सकते, जनता जिताएगी नहीं तो अराजकता फैलाओ, देश को तोड़ो में लगे हैं। लोगों को भड़काने की कोशिश की जा रही है।

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने ये बातें शनिवार को भोपाल में मीडिया से चर्चा में कहीं। इसके पहले वे वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। भोपाल के स्मार्ट सिटी पार्क में उन्होंने 7 राज्यों से आए युवाओं के साथ पौधरोपण किया। कार्यक्रम में युवाओं ने केंद्रीय मंत्री से सीधे सवाल पूछे, जिनका उन्होंने जवाब दिया।


शिवराज सिंह ने राहुल गांधी और विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनाव में जीत नहीं पा रहे, इसलिए विपक्ष के नेता परेशान हैं। नरेंद्र मोदी देश की करोड़ों जनता के हृदय के हार हैं। जनता के दिल में बसते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल अब जो बदलने की बात कर रहे हैं, जनता कई बार उन्हें रिजेक्ट कर चुकी हैं। उनके नेतृत्व में 99 बार हार चुके हैं। एसआईआर के पहले भी हारे, एसआईआर के बाद भी हारे।

पिस्तौल लेकर ड्रग्स तस्करों को पकड़ने पहुंचे मंत्री

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश में एक मंत्री का हाथ में पिस्तौल लेकर ड्रग्स के खिलाफ कार्रवाई करने का वीडियो सामने आया है। मंत्री इशराक हुसैन राजधानी ढाका की एक बस्ती में अपने साथियों के साथ पिस्तौल लेकर घूमते, लोगों से बात करते दिख रहे हैं। उनके साथ के लोग स्थानीय निवासियों को पकड़ते और तिरपाल से बनी झोपड़ियां तोड़ते दिख रहे हैं। यह घटना शनिवार को गेंडारिया इलाके में हुई। मंत्री और उनके लोगों ने 6 लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

सीता माता की खोज में निकली वानर सेना, हनुमानजी ने जलाई रावण की लंका



दैनिक अवन्तिका ▶▶ गुना

सार्वजनिक श्री रामलीला एंव दशहरा पर्व समिति पुरानी गल्ला मंडी गुना के तत्वाधान मे चल रही रामलीला के 12वे दिवस कि लीला में लंका दहन कि लीला का सुन्दर मंचन किया गया। इसके पूर्व बनरो के राजा सुग्रीव चारो दिशाओ में बनरो कि सेना को सीता माता कि खोज मे भेजते है और एक दल दक्षिण दिशा को भेजते है। जिसमे हनुमान, जाम्बान्त अंगद, नल, नील आदि सीता कि खोज करते हुये समुद्र किनारे पहुंचते है जहाँ पर गिद्धराज जटायु के भाई सम्पति सो योजन समुद्र लांग कर लंका मे जाने के लिए कहता तब जाम्बान्त जी को बल याद दिलाते है तब हनुमान जी सो योजन समुद्र पार कर लंका जाते है जहाँ पर अशोक वाटिका में हनुमान जी ने माता सीता से मिल श्रीराम का संदेश दिया। अक्षय कुमार को मारा, मेघनाथ को मूर्छित किया।

नवाज शरीफ की तरह पाकिस्तान छोड़ सकते हैं इमरान खान

विपक्षी नेता बोले- सरकार से समझौता करने का दबाव; पूर्व प्रधानमंत्री पर करीब 200 केस

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तान में जेल में बंद पूर्व पीएम इमरान खान भी पूर्व प्रधानमंत्रियों की तरह देश छोड़ सकते हैं। विपक्षी नेता महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह दावा किया।

अचकचई ने कहा सरकार इमरान पर समझौते के लिए दबाव बना रही है। वे नवाज शरीफ और बेनजीर भुट्टो की तरह देश छोड़कर जा सकते हैं। 73 साल के इमरान खान अगस्त 2023 से जेल में हैं। उन्हें 5 अगस्त 2023 को तोशाखाना मामले में 3 साल की सजा सुनाए जाने के बाद गिरफ्तार किया गया था। उन पर सिफर, अल-कादिर ट्रस्ट और इद्दत निकाह समेत करीब 200 मामले दर्ज हैं।

अचकजई ने अपने दावे के समर्थन में पाकिस्तान के दो पूर्व प्रधानमंत्रियों नवाज शरीफ और बेनजीर भुट्टो के पुराने मामलों का हवाला दिया।

नवाज शरीफ: 1999 में तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ ने सैन्य तख्तापलट कर नवाज सरकार को हटा दिया था। नवाज को जेल में डाल दिया गया। इसके बाद 2000 में सऊदी अरब और लेबनान के नेताओं की मध्यस्थता से हुए समझौते के तहत वे पाकिस्तान छोड़कर चले गए। समझौते की शर्तों के मुताबिक, नवाज को 10 साल तक पाकिस्तान से बाहर और राजनीति से दूर रहना था।

बेनजीर भुट्टो: 1997 में तत्कालीन राष्ट्रपति फारूक लेघारी ने बेनजीर को भ्रष्टाचार के आरोप में प्रधानमंत्री पद से हटा दिया था। इसके बाद 1997 के आम चुनाव में उन्हें हार मिली। इसके बाद बेनजीर भुट्टो ने देश छोड़ दिया। वह 9 साल तक ब्रिटेन और दुबई में रहीं।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-निविदा सूचना
निविदा संख्या-83267090 दिनांक: 16.10.2026 कार्य का नाम: ELASTIC RAIL CLIP (ERC) MK-V WITH FLAT TOE FOR 60KG UIC/52KG RAIL SECTIONS DRG: (RDSO) RDSO_T_5919_Alt_2 SPEC: (RDSO) IRS/T-31-2025 Sixth Revision [Warranty Period: 30 Months after the date of delivery] [Inspection Agency: RITES NON-TPI, Stage Insp.: NA, Stages: 0] [UVAM Linking: Item: 3100558, ELASTIC RAIL CLIPS] Item Type: Goods (supply) कार्य की अनुमानित लागत: Rs. 4,20,84,000.00 पैनल आयटम: This item is restricted to be procured from RDSO approved sources only Item ID 3100558. निविदा दस्तावेज की लागत : 0 (Zero) बयाना राशि जमा : Rs. 8,41,680.00 ऑफर की वैधता (दिन) : Within 120 days thereafter ई-निविदा दस्तावेज जमा करने के लिए समापन का समय और तारीख : 26-OCT-26 11.00 ई-निविदा खोलने का समय और तारीख: 26-OCT-26 11.30. निविदा को ई-निविदा पोर्टल www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन देखा जा सकता है और प्रस्ताव उसी ई-निविदा पोर्टल पर प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।
Apex/301
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

न्यूज-कॉलम

राजू मेवाती के विरूद्ध पीट एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही

मंदसौर। मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दलौदा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के शातिर तस्कर राजू उर्फ राजा मेवाती के खिलाफ पीट एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रभावी कार्रवाई की है। उज्जैन संभाग आयुक्त के आदेश के पालन में आरोपी को एक वर्ष की अवधि के लिए केंद्रीय जेल इंदौर भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी राजू उर्फ राजा पिता वाहीद खां मेवाती निवासी सोनगीरी, थाना दलौदा क्षेत्र का आदतन अपराधी है, जो अवैध मादक पदार्थों की तस्करी कर युवाओं को नशे के कारोबार में धकेल रहा था। एसपी विनोद कुमार मीना के निर्देशन और एएसपी टी.एस. बघेल व सीएसपी जितेन्द्र भास्कर के मार्गदर्शन में टीआई दलौदा रविंद्र प्रताप डांगी ने आरोपी के खिलाफ विस्तृत प्रतिवेदन तैयार किया था। जिला दण्डाधिकारी की अनुशंसा और उज्जैन संभाग आयुक्त के आदेश पर यह कार्रवाई की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए इस प्रकार की कठोर और प्रभावी कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

दीपावली पटाखा बाजार पुन: हायर सेकेंडरी मैदान पर ही लगेगा.

नीमच, । जिले में त्योहारों के दौरान पटाखों के क्रय-विक्रय के लिए अस्थायी लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के तहत नीमच शहर में निर्धारित स्थल में संशोधन किया गया है। अनुविभागीय दंडाधिकारी, उपखंड नीमच द्वारा जारी संशोधित विज्ञप्ति के अनुसार, पूर्व में उल्लेखित स्थल के स्थान पर अब शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-२ का मैदान निर्धारित किया गया है। जारी विज्ञप्ति के अनुसार, पटाखों के क्रय-विक्रय के लिए डिजिटल हस्ताक्षरित अस्थायी लाइसेंस प्राप्त करने हेतु आवेदक पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विज्ञप्ति में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2025 में जारी किए गए अस्थायी लाइसेंस से संबंधित आवेदक विस्फोटक नियम, 2008 के तहत आवश्यक दस्तावेजों के साथ संबंधित कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

बोल बम टीम द्वारा पिछले 35 वर्षों से भव्य सेवा का आयोजन

पिपलिया मंडी। माँ भादवा माता के पैदल यात्रियों एवं सभी भक्तों एवं पैदल यात्रियों की सेवा हेतु बोल बम सेवा समिति द्वारा इंदौरी खिचड़ी एवं शाही शरबत की प्रसादी शिवाजी चौराहा, पिपलिया मंडी 18 अक्टूबर रविवार को समयः शाम 4 बजे से हरि इच्छा तकवितरित की जाएगी। जिसमें मुख्य अतिथि श्री रूपचंद जी होतवानी सिंधी समाज के दमदार अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं वरिष्ठ समाजसेवी, श्री मानसिंह माछोपुरिया भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, श्री काऊ सेठ बालाजी बैंक के संचालक एवं प्रतिष्ठित व्यवसायी समाजसेवी मंदसौर सिंधी जनरल पंचायत, डॉ. अरुण जी मूंदड़ा नगर के वरिष्ठ चिकित्सक, डॉ. अश्विन यति वरिष्ठ चिकित्सक, श्री गोविंद पोरवाल युवा संगठन के संरक्षक एवं समाजसेवी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी देते हुएबोलबम सेवा समिति प्रमुख किशोर रोचानी ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओ से आग्रह किया है कि अधिक संख्या में उपस्थित होवे।

अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन

रतलाम। नगर निगम द्वारा 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित 10 दिवसीय श्री कालिका माता नवरात्री मेले के छटें दिन बीती रात आयोजित अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी कविताओं से श्रोताओं को किया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मण्डल
ई-नीलामी सूचना
पे एंड यूज टॉयलेट्स
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक-रतलाम मंडल-पश्चिम रेलवे ने चित्तोडगढ़ रेलवे स्टेशन स्थित पे एंड यूज टॉयलेट्स के लिये ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं. :** PnU-RTM-26-08 **अनुबंध का प्रकार :** पे एंड यूज टॉयलेट्स **लॉट नं. :** PnU-RTM-COR-Toi-58-26-1 (Pay and Use Toilets) **अनुबंध की अवधि**-03 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि और समय लॉट के लिये ई-नीलामी दिनांक 02/11/2026 को 11.00 बजे प्रारंभ होगी। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
Apex/302
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

कालिका माता मेले में बिजली दरों के विवाद के चलते कुछ देर थमे झूले, आपसी समझौते के बाद फिर हुए शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

नगर निगम द्वारा आयोजित नवरात्रि के पारंपरिक कालिका माता मेले में आज छठे दिन उस समय अफरातफरी और असमंजस की स्थिति बन गई, जब झूला व्यवसायियों और प्रकाश विभाग के ठेकेदार के बीच बिजली की दरों को लेकर विवाद हो गया। विवाद के चलते कुछ समय के लिए मेले के सभी झूले बंद रखने पड़े, जिससे दूर-दूर से मेला घूमने आए दर्शकों को मायूस होकर लौटना पड़ा। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों के बीच आपसी सहमति बनने से झूला संचालन सुचारू रूप से शुरू हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर निगम द्वारा मेले में प्रकाश व्यवस्था और बिजली वितरण का ठेका दिया गया था। तय अनुबंध और नियमों के मुताबिक, प्रकाश विभाग के ठेकेदार को झूला व्यवसायियों को नियमानुसार बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराना था और खपत की गई यूनिट के आधार पर तय शुल्क वसूलना था।

लेकिन विवाद तब खड़ा हुआ जब कुछ झूला व्यवसायी बढ़ी हुई या नई दरों के बजाय पुरानी दरों पर ही बिजली उपलब्ध कराने की मांग पर अड़ गए।

आज नवरात्रि का छठा दिन होने के कारण मेले में भारी भीड़ उमड़ी थी। ठेकेदार का पक्ष था कि बिजली विभाग की आधिकारिक दरों का फ्लेक्स पहले ही झूला परिसर में चस्पा किया जा चुका है और नियम सभी के लिए समान हैं। दरों को लेकर चल रहे इस गतिरोध के कारण झूला व्यवसायियों ने सांकेतिक विरोधस्वरूप कुछ देर के लिए अपने झूले बंद कर दिए। अचानक झूले बंद होने से मेला स्थल पर असमंजस की स्थिति बन गई और बच्चों व परिवारों को बिना झूले का आनंद लिए ही निराश होकर वापस लौटना पड़ा।

बातचीत से निकला समाधान

घटना की सूचना मिलते ही स्थिति को संभालने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई। काफी देर चली चर्चा के बाद झूला व्यवसायियों और प्रकाश विभाग के ठेकेदार के बीच नियमों और दरों को लेकर सहमति बन गई। इसके बाद झूले दोबारा शुरू कर दिए गए, जिससे मेला प्रेमियों ने राहत की सांस ली और मेला अपने रंग में लौट आया।

जनसंवाद में कलेक्टर दिव्यांकसिंह ने 53 आवेदनों का निराकरण किया

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियानांतर्गत उद्यम संवाद आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत ग्राम आक्याबिका में आयोजित जनसंवाद में कलेक्टर दिव्यांक सिंह ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर मौके पर ही 53 आवेदनों का निराकरण किया। कलेक्टर ने बताया कि जिले में पिछले ढाई महीनों में करीब ढाई हजार शिकायतों का समाधान किया गया है, जिससे मंदसौर जिला प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल है।

अपने भ्रमण के दौरान कलेक्टर ने ग्राम कचनारा में जीवन सिंह ठाकुर के ८१ लाख रु. से वित्त पोषित उन्नत गोट फार्म का अवलोकन कर उनकी सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम बरुजना में प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानों, ग्राम टकरावद के स्वास्थ्य केंद्र एवं स्कूलों का जायजा लिया। प्राथमिक विद्यालय में बच्चों के साथ मध्याह्न भोजन कर उसकी गुणवत्ता परखी तथा विद्यार्थियों को आईएएस बनने एवं जीवन में सफलता प्राप्त करने के प्रेरक टिप्स दिए। अंत में कलेक्टर ने ग्राम चौबीसा मगरा स्थित गौशाला में गौपूजन कर गोवंश को आहार भी खिलाया।

अभियान के अंतर्गत विकासखंड मल्हारगढ़ के ग्राम पहेड़ा में उद्यम संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय योजनाओं से लाभान्वित उद्यमियों ने अपनी सफलता की कहानियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के दौरान जागृति पाटीदार, राहुल पाटीदार, कन्हैयालाल लोहार, ओमप्रकाश चौधरी, राज पाटीदार, जीवन सिंह और संजय कोरी ने एमएसएमई, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, खाद्य सूक्ष्म उन्नयन तथा पशुपालन योजनाओं के माध्यम से अपने स्थापित व्यवसायों की जानकारी साझा की। इस अवसर पर किराना व्यवसाय एवं कियोस्क स्थापना के लिए नए हितग्राहियों को भी शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया गया।



आबकारी विभाग ने 420 किलोग्राम महुआ लहान व 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच,

कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन में जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय के विरुद्ध आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 17 अक्टूबर 2026 को आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने वृत्त मनासा के ग्राम चपलाना, भांडया, गंगा बावड़ी सहित अन्य स्थानों पर कार्रवाई की। इस दौरान लगभग 420 किलोग्राम महुआ लहान एवं 18 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जब्त की गई।

कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत तीन प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य ४६ हजार ५०० रुपये है। जिले में अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

उक्त कार्रवाई जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. दांगी के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री बी.एल. सिंगाड़ा के नेतृत्व में की गई। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक श्री पंकज राठौर एवं श्री दीपक आंजना सहित आबकारी आरक्षक श्री विष्णु यादव, श्री महेश गहलोत, श्री विलास डगिया, श्री बलवंत भाटी, श्री हंसराज बिलवाल, सुश्री निशा राजपूत एवं सुश्री मधुमिता मालवीय शामिल रहे।

मेले में सोनू शर्मा एण्ड ग्रुप दिल्ली की भक्ति संध्या

रतलाम। नगर निगम द्वारा 11 से 20 अक्टूबर तक आयोजित श्री कालिका माता नवरात्री मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेले के आठवें दिन 18 अक्टूबर रविवार को निगम के सांस्कृतिक मंच पर सोनू शर्मा एण्ड ग्रुप दिल्ली की भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है।महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, निगम आयुक्त अनिल भाना, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, राजस्व समिति प्रभारी दिलीप कुमार गांधी, क्षेत्रिय पार्षद एवं महापौर परिषद सदस्य अक्षय संघवी, विशाल शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती प्रीति कसेरा, महापौर परिषद सदस्य पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, मनोहरलाल राजू सोनी, रामू भाई डाबी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, अक्षय संघवी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य परमानन्द योगी पंडित, बलराम भट्ट, श्रीमती कविता चौहान, श्रीमती धीरजकुवंर-किशोरसिंह राठौर, श्रीमती प्रीति-संजय कसेरा, श्रीमती कविता-सुनील महावर, श्रीमती मनीषा-विजयसिंह चौहान, राजस्व समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती निशा-पवन सोमानी, श्रीमती स्मिता-राजेश माहेश्वरी, श्रीमती अनिता-वसावा, श्रीमती भावना-हितेश पैमाल, श्रीमती उमा-रामचन्द्र डोई एवं समस्त पार्षद एवं एल्डरमेन ने नागरिकों से अपील की है कि आज मेले में आयोजित सोनू शर्मा एण्ड ग्रुप दिल्ली की भक्ति संध्या में अधिक से अधिक की संख्या में उपस्थित रहकर आयोजित किया।

त्योहार दौरान सीएमओ ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

फ्रूट मार्केट सहित , पुराना माल गोदाम भी जाकर देखा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर की सफाई व्यवस्था को सुधारने हेतु लगातार प्रयासरत नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया ने त्योहारों के मद्देनजर शनिवार १७ अक्टूबर को शहर में भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया एवं जहां भी कमी दिखाई दी वहां सफाई अमले को व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए।

शनिवार सुबह मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती बामनिया स्वास्थ्य अधिकारी श्री दिनेश टांक व स्वच्छता निरीक्षकों के साथ शहर की सफाई व्यवस्था का हाल जानने निकली। सीआरपी रोड, विजय टॉकीज चौराहा, टैगोर मार्ग,भारत माता चौराहा, कमल चौक होते हुए श्रीमती बामनिया फ्रूट मार्केट पहुंची और वहां फ्रूट व्यवसाईयों व ठेले वालों को सड़क पर कचरा न फेंकने तथा व्हाइट लाइन के बाहर ठेला खड़ा न करने ओर अतिक्रमण न करने की हिदायत देते हुए स्वच्छता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान श्रीमती बामनिया पुराना माल गोदाम भी पहुंची और वहां लोक निर्माण शाखा के श्री रवि भंडारी तथा राम सिंह से वहां की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



श्रीमती बामनिया ने नगर पालिका कर्मचारियों को सब्जी मंडी के बाहर व फ्रूट मार्केट में अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेलों को व्हाइट लाइन के बाहर खड़े होकर आवागमन अवरुद्ध करने पर चालानी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिएष निरीक्षण के समय स्वच्छता निरीक्षक श्री भारत सिंह भारद्वाज, श्री अविनाश घैंघट, श्री भेरूलाल अहीर,श्री गोपाल नरवाले एवं गैंग प्रभारी श्री आकाश सौदे भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में गलत जानकारी देकर लिया लाभ, निष्पक्ष जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

रतलाम जिले की बाजना तहसील से शासकीय योजनाओं का असत्य जानकारी देकर गलत लाभ लेने तथा कूटरचना का एक मामला सामने आया है। मामले में आवेदिका शहनाज बी पति स्व. आबिद खान, निवासी बाजना द्वारा जिला कलेक्टर एवं पुलिस प्रशासन से शिकायत दर्ज कराते हुए निष्पक्ष जांच एवं उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिमरन का विवाह वर्ष 2026 में मुस्लिम रीति-रिवाज से सद्दाम उर्फ शाहरुख खान के साथ हो चुका था। वर्ष 2017 में दोनों की एक पुत्री (आयत बी) भी हुई, जिसके आधार पर उन्हें शासन की 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' का आश्वासन प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ था।

इसके बावजूद, आरोप है कि असत्य तथ्य प्रस्तुत कर 27 जून 2019 को बाजना में आयोजित 'मुख्यमंत्री कन्यादान योजना' के तहत पुनः निकाह/विवाह दर्शाकर शासन से ४८,००० की अनुदान राशि अनुचित रूप से प्राप्त कर ली गई, जो सिमरन के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (शाखा बाजना) के खाते में जमा हुई।

राशि की वापसी और पुलिस जांच प्रक्रिया जारी

शिकायत के बाद सामाजिक न्याय विभाग रतलाम द्वारा की गई जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी पक्ष द्वारा तहसील बाजना में तीन किश्तों में योजना की ४८,००० की राशि वापस जमा करा दी गई है।

फिलहाल, इस मामले में सैलाना न्यायालय में दायर परिवाद के तहत बाजना पुलिस थाना द्वारा तहसीलदार बाजना को पत्र प्रेषित कर जांच संबंधी दस्तावेज, जांच प्रतिवेदन और राशि वापसी के आधारों की संपूर्ण जानकारी मांगी गई है ताकि प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जा सके। शहनाज बी ने प्रशासन से कूटरचना और धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

बाउंड ओवर के नियमों की उड़ाई धज्जियां, दोबारा अपराध करने पर आरोपी से वसूला जुर्माना

रतलाम। जिले के आलोट थाना क्षेत्र में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत बाउंड ओवर (शांति बनाए रखने का मुचलका) होने के बावजूद दोबारा आपराधिक वारदातों को अंजाम देने वाले एक आरोपी के खिलाफ प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट के आदेश पर आरोपी से 10 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम खेड़ी निवासी जयंत पिता विनोद राव मराठा ३४ वर्षीय के खिलाफ जमीनी विवाद को लेकर शांति भंग की आशंका के चलते आलोट थाने द्वारा 18 मई को इस्तगासा क्रमांक तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया था।मामले की सुनवाई के बाद दंडाधिकारी द्वारा आरोपी जयंत राव मराठा को दिनांक 21 मई से 20 नवंबर तक यानी ६ महीने की अवधि के लिए 10 हजार रुपये के बंध पत्र (बाउंड ओवर) पर निष्पादित किया गया था, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना था।आरोपी ने प्रशासनिक आदेश और बाउंड ओवर की शर्तों का खुला उल्लंघन करते हुए इस तय अवधि के दौरान ही दो अलग-अलग आपराधिक मामलों को अंजाम दे डाला। बाउंड ओवर की शर्तों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर आलोट पुलिस द्वारा 21 सितंबर 2026 को धारा 141 बीएनएसएस के तहत नया इस्तगासा तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं अनुभाग आलोट, जिला रतलाम के न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा समय-समय पर नोटिस तामिल कराए जाए।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-8
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- सिद्धार्थ पिता रामवृक्ष यादव 2- अनिता पति सिद्धार्थ यादव वार्ड नं.28 पता- 501 गली नं. 15 रामनगर इन्दौर पिन- 1003102896 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 8 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-8 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- संजय अग्रवाल श्री अग्रवाल कारपोरेशन क्रेता-अमित मिश्रा पिता विनोद कुमार पता- 55 वेलेंसिया ग्रीन्स इन्दौर पिन- 1003879215 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अजीत कुमार झंवर पिता विमल रजतरोहित देवले क्रेता- प्रिया हरयानी पिता सिद्धार्थ हरयानी पता- 157 श्रीनाथजी विहार इन्दौर पिन- 10040406790 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-19
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- सिद्धार्थ हरियानी क्रेता- मिलिन्द इंगोले पिता मधुकर, रेखा इंगोले पता- 122 श्रीनाथजी विहार इन्दौर पिन- 2000195035 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 19 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-19 नगरपालिका निगम इन्दौर

न्यूज कालम



खेतों में जाकर फसलों का प्रयोगात्मक ज्ञान प्राप्त करेंगे विद्यार्थी

मन्दसौर। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ. अरविन्द कुमार शुक्ल के निर्देशन में उद्यानिकी महाविद्यालय मंदसौर के बीएससी उद्यानिकी चतुर्थ वर्ष के छात्रों का कृषि विज्ञान केंद्र कालूखेड़ा में एवं छात्राओं का कृषि विज्ञान केंद्र नीमच में चार माह के लिए संलग्नीकरण किया गया है। उद्यानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. डी.एच. रानडे ने छात्रों से कहा कि चार महीने के इस कार्यक्रम के दौरान रबी मौसम में बोई जाने वाली उद्यानिकी फसलों एवं फलदार बगीचों के बारे में किसानों के साथ रहकर प्रयोगात्मक जानकारी प्राप्त करें, जिससे ज्ञान और आत्मविश्वास में वृद्धि हो सके। रावे इंचार्ज डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि कुल 28 छात्रों को केवीके कालूखेड़ा और 15 छात्राओं को केवीके नीमच भेजा गया है, जहां वे स्थानीय परिस्थितियों को समझकर उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तार से अध्ययन करेंगे।

सांदीपनि शा. कन्या विद्यालय की छात्रा को मिली ई-स्कूटी



मन्दसौर। म.प्र. शासन की योजनान्तर्गत शासकीय विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ई-स्कूटी प्रदान की जाती है, इसी कड़ी में 17 अक्टूबर को सांदीपनि महारानी लक्ष्मीबाई शा. कन्या उ.मा. विद्यालय मंदसौर में कक्षा की प्रतिभावान छात्रा कु. शाईन मंसूरी को विद्यालय के प्राचार्य रविंद्र दवे एवं कक्षा अध्यापक सुश्री टीना बाफना ने पुष्पमाला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र और ई-स्कूटी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्राचार्य ने छात्राओं को मन लगाकर अध्ययन करने और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का 26 को होने वाला धरना दो माह के लिए स्थगित

मन्दसौर। मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ और भारतीय मजदूर संघ के नेतृत्व में 40 संगठनों द्वारा 26 अक्टूबर को भोपाल में आयोजित होने वाला प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन फिलहाल दो महीने के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्रिमंडल के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया है।महासंघ के मंदसौर जिला अध्यक्ष बीएस सिसोदिया एवं सचिव नंदकिशोर राठौर ने बताया कि गत 15 अक्टूबर को आयोजित उच्चस्तरीय बैठक में कर्मचारी कल्याण समिति मध्यप्रदेश के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा की महत्वपूर्ण मध्यस्थता रही। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री के समक्ष पेंशनर्स की प्रमुख मांगों का बारह सूत्रीय मांगपत्र प्रस्तुत किया गया, जिस पर शासन स्तर पर गंभीर चर्चा हुई। प्रशासनिक सहमति के तहत आगामी 27 अक्टूबर को शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव और कर्मचारियों के प्रतिनिधिमंडल के बीच बैठक होगी। यदि दो महीनों में समाधान नहीं हुआ, तो दिसंबर 2026 में भोपाल में पुनः आंदोलन किया जाएगा।

गरबा पंडाल में महिलाओं ने स्वदेशी वस्तुएं अपनाने का संकल्प लिया



मंदसौर। स्वदेशी जागरण मंच एवं महाराणा प्रताप क्लब के संयुक्त तत्वावधान में खानपुरा स्थित मातृशक्ति गरबा मंडल की करीब 45 महिलाओं को संगमरमर निर्मित स्वदेशी स्मृति-चिह्न वितरित किए गए। महिलाओं ने माता की आराधना और गरबा प्रस्तुत कर भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं का संदेश दिया। इस दौरान स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने तथा स्थानीय कारीगरों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम के सूत्रधार स्वदेशी जागरण मंच के तहसील संयोजक और महाराणा प्रताप क्लब के सदस्य अभिजीत सिंह चौहान रहे। डॉ. हेमंत नामदेव ने स्वदेशी उत्पादों के महत्व पर प्रकाश डाला, जबकि तहसील संयोजक अभिजीत सिंह चौहान ने उपस्थित लोगों को स्वदेशी संकल्प दिलाया। इस अवसर पर मंच के विभाग संयोजक अंकुश पालीवाल, नगर सह-संयोजक भरत ओझा, समाजसेवी सतीश अग्रवाल शिव प्रताप सिंह राणावत उपस्थित रहे।



कजलास के माता मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

सुसनेर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वावधान में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत समीपस्थ ग्राम कजलास स्थित माता मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया. अभियान के दौरान मंदिर परिसर की साफ-सफाई की गई और ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की परामर्शदाता ज्योति बैरागी, बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के विद्यार्थी, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। अभियान के माध्यम से धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक स्थानों पर साफ-सफाई बनाए रखने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संदेश दिया गया।

खेत पर काम करते समय झूलते बिजली के तार की चपेट में आया किसान, मौत

सुसनेर। देर शाम खेत पर काम कर रहे खोयरिया निवासी प्रेमसिंह की करंट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रेमसिंह खेत पर काम कर रहे थे, तभी वे झूलते हुए बिजली के तार की चपेट में आ गए। करंट लगने से उनकी हालत गंभीर हो गई। परिजन उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह सिविल अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

बाइक हादसे में दो युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

सुसनेर। जीरापुर रोड स्थित गेलाना के समीप बाइक हादसे में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार अमन पिता गोपाल सोनी (25) निवासी सुसनेर और मोहित पिता महेश चौहान निवासी सुसनेर हादसे में घायल हुए। दोनों को उपचार के लिए सिविल अस्पताल सुसनेर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।

कृषि उपज मंडी में चार दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा

महिदपुर। त्योहारों के चलते कृषि उपज मंडी महिदपुर में 18 से 21 अक्टूबर 2026 तक चार दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव प्रीतमसिंह चौधरी ने बताया कि 18 अक्टूबर को साप्ताहिक अवकाश, 19 अक्टूबर को महानवमी, 20 अक्टूबर को दशहरा पर्व का शासकीय अवकाश तथा 21 अक्टूबर को व्यापारी संघ के आवेदन पर नीलामी कार्य बंद रहेगा। मंडी सचिव ने किसान भाइयों से अपील की है कि वे अवकाश के दिनों में अपनी कृषि उपज मंडी प्रांगण में लेकर न आएं।

ट्रस्ट के राजेश जैन अध्यक्ष एवं हेमंत वेदमुथा बने महामंत्री

मक्सी। मालवा के प्रसिद्ध तीर्थ श्री मक्सी पार्श्वनाथ स्थित श्री



राज राजेंद्रसूरी गुरु ज्ञान मंदिर ट्रस्ट मंडल की बैठक इंदौर में संपन्न हुई। बैठक में तीर्थ के विकास, व्यवस्थाओं एवं आगामी कार्ययोजनाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। द्विशताब्दी गुरुराज स्पर्श चातुर्मास के अंतर्गत विराजित गच्छाधिपति परम पूज्य आचार्य श्रीमद् विजय नित्यसेनसूरीश्वरजी महाराज साहेब एवं वरिष्ठ मुनिराज श्री विद्वदरत्न विजयजी महाराज साहेब ने अपने श्रीमुख से नवीन ट्रस्ट मंडल की घोषणा की। घोषणा के अनुसार, इंदौर के सुप्रसिद्ध समाजसेवी राजेश जैन युवा को ट्रस्ट मंडल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं, मक्सी निवासी हेमंत वेदमुथा को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।

शक्ति की साधना, श्रद्धा की आराधना और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का महापर्व

शारदीय नवरात्र में अष्टमी-नवमी का विशेष संयोग, 20 को विजयादशमी का महापर्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

शक्ति की साधना, श्रद्धा की आराधना और आध्यात्मिक चेतना के जागरण का महापर्व शारदीय नवरात्र इस वर्ष अपने विशिष्ट तिथि-क्रम के कारण विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आश्विन शुक्ल पक्ष की अष्टमी और नवमी तिथियों के एक ही दिन पड़ने से महाष्टमी एवं महानवमी के पूजन-अनुष्ठानों को लेकर श्रद्धालुओं में उत्सुकता है। 19 अक्टूबर को अष्टमी-नवमी के तिथि-संयोग के बीच विभिन्ना धार्मिक अनुष्ठान संपन्ना होंगे, जबकि मंगलवार, 20 अक्टूबर को विजयादशमी अर्थात दशहरे का महापर्व मनाया जाएगा। देवी आराधना के इस विशेष क्रम में तिथि-विधान, कुलाचार और शास्त्रीय मान्यताओं का समुचित समन्वय विशेष महत्त्व रखेगा।

खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी पं पवन ब्रज जगदीश पारीक ने बताया कि पंचांग गणना के अनुसार, आश्विन शुक्ल अष्टमी तिथि 18 अक्टूबर को प्रातः लगभग 8:27 बजे प्रारंभ होकर 19 अक्टूबर को प्रातः लगभग 10:51 बजे तक रहने का विवरण दिया जा रहा है। इसके पश्चात नवमी तिथि प्रारंभ होकर 20 अक्टूबर को दोपहर लगभग 12:50 बजे तक रहेगी। इस तिथि-क्रम के कारण 19 अक्टूबर



को अष्टमी के समापन और नवमी के प्रारंभ का विशेष संयोग बनेगा। ऐसी परिस्थितियों में देवी पूजन, व्रत, हवन, कन्या पूजन और पारण का निर्णय केवल सामान्य प्रचलन के आधार पर नहीं, बल्कि संबंधित धार्मिक कृत्य के शास्त्रीय विधान तथा प्रमाणित पंचांग के अनुसार किया जाना चाहिए। तिथि की वृद्धि, क्षय अथवा एक ही दिन में दो तिथियों के संयोग की स्थिति में अलग-अलग पूजन-विधानों के लिए तिथि-निर्णय भिन्न हो सकता है। अतः श्रद्धालुओं को अपने क्षेत्र के प्रामाणिक पंचांग और धर्मशास्त्र के ज्ञाता आचार्य के मार्गदर्शन का अनुसरण करना चाहिए।

नवरात्र के अंतिम चरण में कन्या पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन, महाआरती और प्रसादी वितरण जैसे अनुष्ठानों का विशेष महत्त्व रहता है। माँ महागौरी और माँ सिद्धिदात्री की आराधना के साथ श्रद्धालु परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगलमय जीवन की कामना करेंगे।कन्या पूजन नारी-शक्ति के सम्मान, वात्सल्य और पवित्रता का प्रतीक है। कन्याओं को देवीस्वरूप मानकर उनका पूजन, भोजन और सत्कार करना भारतीय संस्कृति में निहित मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा को अभिव्यक्त करता है।

कुलदेवी पूजन कुल परंपरा के अनुसार करें

नवरात्र के पावन अवसर पर कुलदेवी की आराधना का विशेष महत्त्व है। प्रत्येक परिवार और कुल में पीढियों से चली आ रही अपनी विशिष्ट पूजा-पद्धति, व्रत-विधान तथा धार्मिक मान्यताएँ होती हैं। इसलिए श्रद्धालु अपनी कुलदेवी का पूजन अपने कुलाचार, पारिवारिक परंपरा और प्रचलित रीति-रिवाजों के अनुसार ही संपन्ना करें। देवी पूजन में कुल परंपरा का सम्मान और तिथि-निर्णय में शास्त्रीय प्रमाणों का अनुसरण दोनों आवश्यक हैं।



महाविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किट वितरण के बाद रवाना

बड़नगर । शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़नगर में जिला स्तरीय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही महाविद्यालयीन टीम को किट वितरण कर प्रतियोगिता हेतु शुभकामनाओं के साथ रवाना किया गया। महाविद्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ क्रीड़ा अधिकारी डॉ. आर. के. कौरव एवं दल प्रभारी प्रो. मनोहर सिंह निंगवाल द्वारा खिलाड़ियों को किट प्रदान की गई। इस अवसर पर साहित्यकार नितेश जोशी जय ने उपस्थित होकर सभी खिलाड़ियों को अपना आशीर्वचन दिया और प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम 17 अक्टूबर को उज्जैन स्थित 'प्रशांती कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज' में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेगी। यह दल वाणिज्य विभाग के प्रो. मनोहर सिंह निंगवाल के मार्गदर्शन एवं कुशल नेतृत्व में बड़नगर का प्रतिनिधित्व करने के लिए रवाना हो रहा है।

नर्मदा मालवा गंभीर लिंक सिंचाई परियोजना शीघ्र चालू करने की मांग का ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंगोरिया



नर्मदा मालवा गंभीर लिंक परियोजना से सिंचाई हेतु किसानों को सिंचाई हेतु समय पर पानी दिए जाने की मांग किसानों ने की है। प्रति वर्ष रबी सीजन में बड़वाह पंप हाउस से अधिकारी पाईप लाईन से जल सप्लाई देर से चालू करते हैं। जिससे किसान रबी फसल की बोवनी से वंचित रह जाते हैं। शासन की इस सिंचाई परियोजना का लाभ किसानों को समय पर मिल सके इसलिए किसानों ने, जन सुनवाई से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों को भी शिकायत की है ।

पिछले वर्ष भी 3 नवंबर को सिर्फ एक दिन पानी सप्लाई किया गया था। दिसंबर में पाईप लाईन चालू की गई। जिससे किसान गेहूं, चना आदि फसल की बोवनी करने से वंचित रह गए थे। किसानों के एक प्रतिनिधि मंडल ने एस डी एम बड़नगर को ज्ञापन देकर और क्षेत्र के विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या से मिलकर मांग की है कि नर्मदा पाईप लाईन नहर को सिंचाई हेतु 20 अक्टूबर तक चालू की जाए।

गत वर्ष अधिकारियों की उदासीनता से बड़ी कलमेर से नर्मदा लाईन चालु करने के बाद रास्ते में जगह पाईप लाईन फूट गई थी जिसे रिपेयर करने में एक माह लगा था। जिससे किसानों को इस परियोजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। परियोजना से बड़वाह से बड़नगर तहसील के ग्राम सुरा खेड़ी कुलावदा तक 80 गांवों के 20 हजार हेक्टेयर रकबा में सिंचाई हो सकती है । 57 किलोमीटर लंबी एल बी सी पाईप लाईन को शीघ्र चालू कराने हेतु अंबालिया, गिरोता छड़ोदा के किसानों ने जिला कलेक्टर इंदौर को भी इस आशय का ज्ञापन देकर 20 अक्टूबर तक नर्मदा लाईन सिंचाई हेतु चालू कराने की मांग की है।

20 को निकलेगा संघ का संगम पथ संचलन, घर-घर दे रहे आमंत्रण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, नगर जीरापुर की ओर से विजयादशमी उत्सव के अवसर पर 20 अक्टूबर मंगलवार को संगम पथ संचलन निकाला जाएगा। आयोजन को लेकर स्वयंसेवक घर-घर पहुंचकर आमंत्रण पत्र दे रहे हैं और लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं।

संघ के शताब्दी वर्ष के समापन के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले इस पथ संचलन को लेकर स्वयंसेवकों में उत्साह है। संघ का यह आयोजन समाज में शक्ति, साहस, अनुशासन और राष्ट्रभावना के जागरण का संदेश देगा।

पथ संचलन मंगलवार सुबह 8 बजे आवास कॉलोनी स्थित स्टेडियम ग्राउंड से निकलेगा। इसमें स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश और दंड के साथ शामिल होंगे। आयोजकों ने सभी स्वयंसेवकों से निर्धारित समय से 10 मिनट पहले पहुंचने का आग्रह किया है। घर-घर पहुंच रहे आमंत्रण पत्रों के माध्यम से नगरवासियों को भी कार्यक्रम की जानकारी दी जा रही है।

करांटे में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जीते 2 स्वर्ण , 6सिल्वर, 6 ब्रॉंज मेडल



ब्यावरा। 70वी संभाग स्तरीय करांटे शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता भोपाल के बॉनी फॉय कोएड सीनियर सेकेंडरी स्कूल भोपाल में 13 से 14 अक्टूबर को आयोजित हुई ,करांटे डेवलपमेंट एसोसिएशन राजगढ़ के सचिव अक्षय शर्मा ने बताया की राजगढ़ सहित भोपाल, विदिशा, रायसेन, सीहोर टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे ब्यावरा राजगढ़ के 2खिलाड़ी कृतिका गोड़ पिता पवन गोड़ और वरुण पिता गोविंद साहू ने गोल्ड मेडल तथा नवीन गुर्जर, अवनी शर्मा,शौर्य महावर, अनिरुद्ध सोनी, राजवीर मकवाना, दिशा महावर ने सिल्वर मेडल वही अभय लववंशी, गणेश जाटव, गहना जाटव, पार्थ पवैया, मोहित मकवाना, कृष्णा यादव, ऋतिक शिवहरे ने अपने अपने उम्र एवं वेट कैटेगरी में कास्य पदक हासिल किया अब ये 2 गोल्ड मेडल प्राप्त खिलाड़ी छिंदवाड़ा में आयोजित राज्य स्तरीय करांटे शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में भोपाल संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे इन खिलाड़ियो को राज्य स्तर पर पहुचाने के इस गौरान्वित पल पर जिला क्रीड़ा अधिकारी महेंद्र सिंह परमार, ब्लॉक खेल अधिकारी देवेन्द्र सक्सेना , योगेश तिवारी क्रीड़ा भारती राजगढ़ और करांटे संघ के पदाधिकारी, कंचन सोनी,शरद मंडलोई, नगर और जिले के विभिन्न खिलाड़ियों और इनके इष्ट मित्रो ने उज्जवल भविष्य की कामना की !

मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल, तराना में गरबा और रावण दहन का भव्य आयोजन



तराना। विजयादशमी के उत्सव पर मास्टरमाइंड इंटरनेशनल स्कूल, तराना में गरबा नृत्य और रावण दहन का भव्य आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था और पूरे परिसर में उत्सव जैसा माहौल था।इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा लगभग 20 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण किया गया, जो आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। कार्यक्रम की शुरूआत माँ दुर्गा की आराधना और गरबा नृत्य से हुई, जिसमें छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने पारंपरिक परिधानों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और जमकर गरबा किया।इसके बाद बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में रावण दहन किया गया। जैसे ही रावण के पुतले ने आग पकड़ी, पूरा परिसर ₹जय श्री राम₹ के जयकारों से गूंज उठा। छात्रों और शिक्षकों ने इस कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कक्षा 9 की छात्रा ने कहा, ₹हमने खुद अपने हाथों से रावण बनाया और आज उसका दहन देखकर बहुत अच्छा लगा। इस आयोजन से हमें पता चला कि हमेशा सत्य और अच्छाई की ही जीत होती है। विद्यालय के प्राचार्य आशीष पाटीदार ने कहा, ₹हमारा उद्देश्य बच्चों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखकर भारतीय संस्कृति और त्योहारों के महत्व से जोड़ना है।

पांच वर्ष तीन माह का कार्यकाल पूरा कर

गृह नगर लौटे डॉ. थावरचंद गेहलोत के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा

कर्नाटक के राज्यपाल के रूप में पांच वर्ष तीन माह का कार्यकाल पूरा करने के बाद डॉ. थावरचंद गेहलोत शुक्रवार को अपने गृह नगर नागदा पहुंचे। उनके आगमन पर नागदा सहित आसपास के क्षेत्रों में उत्साह का माहौल रहा।

उज्जैन से नागदा तक विभिन्न स्थानों पर समर्थकों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। पुराने बस स्टैंड पर विभिन्न सामाजिक एवं राजनीतिक संगठनों की ओर से पुष्पवर्षा और आतिशबाजी के साथ अभिनंदन किया गया। नगर पालिका परिषद नागदा, बड़ावदा नगर परिषद, विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, भाजपा पदाधिकारियों, व्यापारी संघ एवं सामाजिक संगठनों ने भी उनका स्वागत किया। पुराने बस स्टैंड पर स्वागत के बाद डॉ. गेहलोत ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इन्होंने किया स्वागत

स्वागत समारोह में विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संतोष गेहलोत, राकेश यादव, ओमप्रकाश गेहलोत, नागदा नगर मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, गोपाल यादव, अनिल अवस्थी, सांसद प्रतिनिधि राजेंद्र कुमावत, सीएमओ अनिल कुमार सक्सेना, रामसिंह शेखावत, नरेंद्र कैथवास मौजूद रहे।

100 साल से पुरानी रामलीला की परंपरा, तीन-चार पीढ़ियों से निभा रहे किरदार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

नगर के समीप ग्राम पिपलिया नानकर में रामलीला के आयोजन की परंपरा 100 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। गांव में वर्षों से चली आ रही इस धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा को आज भी ग्रामीण पूरे उत्साह के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। खास बात यह है कि रामलीला में गांव के 50 से अधिक लोग अलग-अलग पात्रों की भूमिका निभाते हैं, वहीं कुछ परिवारों की तीन से चार पीढ़ियां भी इस परंपरा से जुड़ी हुई हैं।

ग्राम पिपलिया नानकर में आयोजित रामलीला में सुजान सिंह बगड़ावत, कमल सिंह, कृपाल सिंह, पिरु सिंह, कालू सिंह, तेजू सिंह, रामेश्वर राठौर,



मनोहर राजपूत, लखन सिंह, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, शिव सिंह, किशन सिंह और बापूलाल ओसारा सहित करीब 50 लोग विभिन्न पात्रों का अभिनय करते हैं। रामलीला में कमल सिंह भगवान श्रीराम और कृपाल सिंह लक्ष्मण की भूमिका निभाते हैं, जबकि किशन सिंह रावण का किरदार निभाते हैं। अन्य ग्रामीण भी रामायण के विभिन्न पात्रों को मंच पर जीवंत प्रोत्साहित कर रही है। प्राचार्य रामकृष्ण शर्मा चेतन पाटीदार एवं समस्त शिक्षकगण ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

तीन-चार पीढ़ियों से निभा रहे किरदार

रामलीला से जुड़े परिवारों में स्वर्गीय रतनलाल विश्वकर्मा का परिवार भी शामिल है। उनके बाद उनके पुत्र उदयराम और फिर अगली पीढ़ी के प्रेम सहित परिवार के सदस्य रामलीला में अपनी भूमिका निभाते आ रहे हैं। एक ही परिवार की तीन से चार पीढ़ियों का इस आयोजन से जुड़ाव गांव की सांस्कृतिक विरासत के प्रति लोगों की आस्था और समर्पण को दर्शाता है।

राष्ट्रीय रग्बी में दम दिखाएंगे यूनिवर्सल एकेडमी के विनायक

तराना। यूनिवर्सल एकेडमी के प्रतिभाशाली खिलाड़ी विनायक चावड़ा का स्कूल गेम फेडरेशन की राष्ट्रीय स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से विद्यालय परिवार में उत्साह और खुशी की लहर है।विनायक ने दृढ़ संकल्प, अनुशासित अभ्यास और उत्कृष्ट खेल कौशल के बल पर राष्ट्रीय मंच तक पहुंचने का सपना साकार किया। खेल शिक्षक रंजीत चौहान के कुशल मार्गदर्शन ने उनकी प्रतिभा को



निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

यूनिवर्सल एकेडमी विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं, आवश्यक उपकरण और प्रतियोगिताओं के अवसर प्रदान कर उनकी प्रतिभा को

इन्होंने ने ये कहा

इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन अशोक चावड़ा व डायरेक्टर अमित चावड़ा ने विनायक की उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि खेल और शिक्षा के संतुलन को सर्वांगीण विकास का आधार बताया तथा ऊंचे लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

30 बिस्तरीय नवीन अस्पताल बिल्डिंग स्वीकृत पार्षदों की मंशा अस्पताल बने

बडौद। नगर में शासन ने 30 बिस्तस्तरीय नवीन अस्पताल बिल्डिंग स्वीकृत हुई है और अब सबसे बड़ी चुनौती है कि आखिरी बिल्डिंग नगर में बने या नगर से दूर इसको लेकर नगरवासियों ने बडौद नगर को बंद कर ज्ञापन सौंपा गया था कि नवीन अस्पताल भवन नगर में ही बने इसको लेकर नगर परिषद के पार्षदों ने नगर परिषद में संकल्प क्रमांक 214 पर चर्चा कर नगरवासियों की मांग के समर्थन में नवीन अस्पताल भवन नगर में ही बने इसको लेकर निदा प्रस्ताव पास किया गया और नवीन अस्पताल भवन नगर में ही बने इस पर पार्षदों ने अपने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी शोभाराम परमार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन लववंशी सहित 12 पार्षद और 4 एल्डरमैन उपस्थित रहे।

गायन प्रतियोगिता में नन्हें बच्चों ने मधुर भजन सुनाकर किया अंचभित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

श्री अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर आयोजित बच्चो की गीत-गायन प्रतियोगिता में नन्हें बच्चो की प्रतिभा देख सभी हतप्रभ रह गये. मंच से जब महज पांच, छः वर्षीय बालक-बालिकाओं ने सुमधुर भजन सुनाया तो बड़े भी अचंभित हुए बिना नहीं रहे।

श्री अंजनीलाल धाम पर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के करीब 50 से अधिक बच्चों ने तक अपनी प्रस्तुति दी. कई बच्चों ने गायन के साथ खुद वाद्य यंत्र बजाकर दोहरी प्रतिभा का परिचय दिया. नन्हें बच्चों का स्टेज पर आकर पूरे आत्मविश्वास के साथ मधुर आवाज और लय-ताल का सामंजस्य स्थापित करते हुए अपनी प्रस्तुति देना अद्भुत था। प्रतियोगिता में शामिल सभी बच्चों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी आकर्षित हुए



बिना नहीं रह सके। प्रारंभ में गीत संगीत के जानकार पं. सुदर्शन, गायक कलाकार सपना शिवहरे और राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने अतिथि एवं जज के रूप में मंचासीन होकर मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्जवलित किया। सभी अतिथियों ने अपने अनुभव बताते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों का गीत-गायन और संगीत में जो प्रतिभा देखने को मिल रही है वह अद्भुत है. उन्होंने सभी बच्चों और उनके पालकों से आग्रह किया कि अगर बच्चों में संगीत, गायन की रूचि है तो उन्हें आगे बढ़ने का अवसर जरूर दे। सभी ने बच्चों को गायन के टिप्स भी दिये।

बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना

अतिथियों ने पालकों से कहा कि अगर समय पर बच्चों को माहौल देंगे तो बच्चें आगे बढ़ सकते है। अतिथियों ने मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा बच्चों को मंच देने के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम में संगीत शिक्षक विवेक सिंह खींची, आदित्य उपाध्याय सहित सभी अतिथियों का एवं नन्हें छात्र आर्यन शर्मा को मंदिर ट्रस्ट परिवार ने स्वागत किया।

नगर में निकलीं दो भव्य चुनर यात्राएं, जगह-जगह हुआ स्वागत



जीरापुर। नगर में धार्मिक आस्था और उत्साह के साथ दो चुनर यात्राएं निकाली गईं। दोनों यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर के विभिन्न मार्गों पर यात्राओं का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। महाकाल ग्रुप के तत्वावधान में मां चामुंडेश्वरी माता मंदिर से चुनर यात्रा प्रारंभ हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मां बिजासन माता मंदिर पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने माता रानी को चुनर अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। इसी क्रम में शीतला माता मंदिर समिति एवं महिला मंडल के तत्वावधान में हिंगलाज माता मंदिर से 151 मीटर लंबी चुनर यात्रा निकाली गई। यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से माता रानी को चुनर चढ़ाई गई। दोनों यात्राओं में श्रद्धालु भक्ति और उत्साह के साथ शामिल हुए। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्राओं का स्वागत किया गया। धार्मिक आयोजन से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।

प्रियंका चौपड़ा को अब 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान



प्रियंका चोपड़ा जोनस को एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मानित किया गया है। लॉस एंजिल्स में गुरुवार को आयोजित तीसरे सालाना 'इनस्टाइल इमेजमेकर अवॉर्ड्स' में उन्हें 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान दिया गया। हॉलीवुड स्टार मेगन सूरी, अवंतिका वंदनापु और अमिता राव ने प्रियंका को सम्मानित किया। भारतीय सिनेमा से करियर की शुरूआत करने वाली प्रियंका ने हॉलीवुड में भी अलग पहचान बनाई है। अभिनय के अलावा वह निमार्ता और उद्यमी के रूप में भी सक्रिय हैं। वह फैशन और मनोरंजन से जुड़ी चचाओं में भी लगातार मौजूद रहती हैं। 'वुमन ऑफ इम्पैक्ट' सम्मान इसी व्यापक प्रभाव को रेखांकित करता है, खासकर ऐसे समय में जब हॉलीवुड में प्रतिनिधित्व और महिलाओं के लिए समान अवसरों को लेकर चर्चा जारी है।

लुक की भी चर्चा

प्रियंका अपने लुक को लेकर भी चर्चा में रहीं। उन्होंने बनारसी कपड़े से बना गुलाबी रंग का डीप नेक लाइन वाला टॉप और फिटेड पेंसिल स्कर्ट पहनी थी, जिस पर सुनहरी कढ़ाई की गई थी। सबसे खास बात इसमें इस्तेमाल किया गया बनारसी कपड़ा था। इस आउटफिट में अंतरराष्ट्रीय फैशन और भारतीय कपड़े का मेल देखने को मिला।

बंगला टूटने की खबरों के बीच दुर्गा पंडाल पहुंचीं काजोल



अजय देवगन और काजोल के जुहू स्थित बंगले के एक हिस्से में बीएमसी की कार्रवाई की खबरों के बीच काजोल परिवार के साथ मुंबई के नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल पहुंचीं। उनके साथ मां तनुजा, बहन तनिषा मुखर्जी, चचेरे भाई अयान मुखर्जी, बेटे युग देवगन और बेटी न्यासा देवगन भी नजर आए। जया बच्चन, श्वेता बच्चन और सुमोना चक्रवर्ती ने भी पंडाल पहुंचकर मां दुर्गा के दर्शन किए। काजोल हर साल दुर्गा पूजा के दौरान मुंबई के नॉर्थ बॉम्बे सार्वजनिक दुर्गा पूजा पंडाल में नजर आती हैं। इस बार भी वह परिवार के साथ मां दुर्गा का आशीर्वाद लेने पहुंचीं। मां तनुजा और बहन तनिषा मुखर्जी भी उनके साथ मौजूद रहीं। चचेरे भाई अयान मुखर्जी, बेटे युग और बेटी न्यासा देवगन ने भी पूजा में हिस्सा लिया।

जाह्नवी-श्रीलीला की जोड़ी जमी



जाह्नवी कपूर ने हिंदी फिल्मों के अलावा साउथ में भी अपनी एक्टिंग और अंदाज से लोगों का खूब दिल जीता है। बीते दिनों वह साउथ के सितारे राम चरण के साथ 'पेड्डी' में दिखी थीं। अब वह साउथ की ही पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ स्क्रीन स्पेस साझा करेंगी। जाह्नवी के हाथ एक रोमांटिक थ्रिलर फिल्म लगी है। इसमें श्रीलीला के अलावा सिद्धार्थ गुप्ता भी लीड रोल निभाते नजर आएंगे।

लव ट्राएंगल फिल्म

यह एक लव ट्राएंगल फिल्म होगी, जिसमें दो महिलाएं एक ही लड़के के लिए दीवानी नजर आएंगी। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म की शूटिंग नैनीताल में शुरू हो चुकी है। निर्देशन उमेश बिष्ट कर रहे हैं। इसे एकता कपूर और गुनीत मोंगा कपूर मिलकर प्रोड्यूस कर रही हैं। अभी फिल्म का टाइटल तय नहीं हुआ है।

कृति सैनन पहुंचीं कोर्ट

कृति सैनन ने अपने व्यक्तित्व अधिकारों के लिए कानूनी सुरक्षा की मांग करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। जस्टिस पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने उनकी याचिका पर 29 अक्तूबर को सुनवाई करने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान शुक्रवार को कोर्ट ने कृति के वकील प्रवीण आनंद से कहा कि व्यक्तित्व के संरक्षण और बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित विवादों पर उच्च न्यायालय के क्षेत्राधिकार पर न्यायालयों के पूर्व में किए गए फैसले कोर्ट में दाखिल करें। कोर्ट ने यह भी कहा कि इन दिनों व्यक्तित्व के संरक्षण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्राधिकार पर विचार करना जरूरी है। कृति की तरफ से पेश याचिका में उनके व्यक्तित्व से जुड़े कन्टेंट के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगाने की मांग की गई है। याचिका में उनकी फोटो, आवाज और उनसे मिलते-जुलते कन्टेंट बिना अनुमति के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपलोड करने का आरोप लगाया है। बता दें कि कृति से पहले कई नामचीन हस्तियों के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा का आदेश कोर्ट दे चुका है।



व्यक्तित्व के अधिकारों की रक्षा के लिए याचिका दायर

Sport

दिल्ली ने मुनाफ की जगह फास्ट बॉलिंग कोच बनाया; युवराज और गांगुली के साथ काम करेंगे

चामिंडा वास पहली बार आईपीएल में कोचिंग देंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

श्रीलंका के पूर्व तेज गेंदबाज चामिंडा वास पहली बार आईपीएल में कोचिंग करेंगे। उन्हें दिल्ली कैपिटल्स ने फास्ट बॉलिंग कोच बनाया है। वे अगले कुछ सीजन में मुनाफ पटेल की जगह लेंगे।

फ्रेंचाइजी ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर लिखा, वर्ल्ड कप विजेता और श्रीलंका के अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी। कोच, टाइगर टेरिटरी में आपका स्वागत है।

वास से पहले युवराज सिंह और सौरव गांगुली जैसे बड़े नाम दिल्ली की टीम से जुड़ चुके हैं। युवराज 14 अक्टूबर को बैटिंग और असिस्टेंट कोच बने थे। जबकि 6 अक्टूबर को टीम के हेड कोच बनाए गए थे। वास पहली बार भारतीय लीग की टीम को कोचिंग देंगे। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन और महेला जयवर्धने जैसे पूर्व क्रिकेटर्स आईपीएल टीमों से जुड़ चुके हैं। वास श्रीलंका के सबसे सफल गेंदबाजों में शामिल हैं। वे 1996 में वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली श्रीलंकाई टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 111 टेस्ट में 355 विकेट और 400 वनडे विकेट लिए हैं।



रमेश पोवार बन सकते हैं सीनियर सिलेक्शन कमेटी के सदस्य

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को बीसीसीआईकी सीनियर मेंस सिलेक्शन कमेटी में शामिल किया जा सकता है। उन्हें अजीत अगरकर की जगह जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। फिलहाल प्रज्ञान ओझा अंतरिम आधार पर चयन समिति के चेयरमैन की भूमिका निभा रहे हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने 14 अक्टूबर को आवेदन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद 15 अक्टूबर को उम्मीदवारों के इंटरव्यू लिए। इस दौरान चार से पांच उम्मीदवारों से बातचीत की गई, जिनमें भारत के पूर्व ओपनर वसीम जाफर भी शामिल थे। बीसीसीआई ने पोवार के नाम पर सहमति जताई है। पोवार ने भारत के लिए दो टेस्ट और 31 वनडे खेले हैं। वह मुंबई के पूर्व भारतीय स्पिनर हैं। इसके अलावा, वह दो अलग-अलग कार्यकाल में भारतीय सीनियर विमेन टीम के हेड कोच की जिम्मेदारी भी संभाल चुके हैं।

भारतीय विमेंस टीम ने जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हराया

रायपुर। भारतीय विमेंस टीम ने पहले टी-20 में जिम्बाब्वे को 4 विकेट से हरा दिया। गुरुवार को रायपुर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए जिम्बाब्वे ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 114 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम ने 15.4 ओवर में 6 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। इसके साथ ही भारत ने 3 मैचों की टी-20 सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है। भारत की जीत की हीरो डेब्यू कर रहीं निकी प्रसाद रहीं। उन्होंने 35 गेंद पर नाबाद 39 रन बनाए। उनके साथ दीप्ति शर्मा ने 37 गेंद पर 49 रन की पारी खेली। दोनों ने पांचवें विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी कर टीम को मुश्किल से निकाला।

मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने इस्तीफा दिया

मुंबई। मुंबई इंडियंस के हेड कोच महेला जयवर्धने ने शनिवार, 17 अक्टूबर को पद छोड़ दिया। 49 साल के जयवर्धने का यह मुंबई इंडियंस के साथ दूसरा कार्यकाल था। वे 2025 सीजन से पहले दोबारा टीम के हेड कोच बने थे। जयवर्धने ने अपने पहले कार्यकाल में मुंबई इंडियंस को 2017, 2019 और 2020 में आईपीएल खिताब जिताए थे। टीम 2025 में चौथे स्थान पर रही और क्वालिफायर-2 में हार गई थी। पिछले सीजन में टीम 9वें स्थान पर रही। जयवर्धने ने 2022 में मुंबई इंडियंस के ग्लोबल हेड ऑफ परफॉर्मेंस की जिम्मेदारी भी संभाली थी।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **भुवनेश्वर कुमार की भारतीय टीम में वापसी-** वेस्टइंडीज के खिलाफ निर्णायक टी-20 मुकाबले के लिए तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अर्शदीप सिंह कंधे की चोट से उबर रहे हैं।
- **जूनियर बैडमिंटन में भारत को कांस्य-** भारतीय शटलर जगशेर सिंह खंगुरा ने विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। सेमीफाइनल में इंडोनेशिया के खिलाड़ी से हारने के बाद उन्हें तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा।
- **न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम घोषित-** बीसीसीआई ने न्यूजीलैंड के आगामी दौरे के लिए भारतीय टेस्ट और वनडे टीमों की घोषणा की है। वनडे सीरीज चार नवंबर से शुरू होगी, जबकि श्रेयस अय्यर अंतिम दो वनडे में कप्तानी करेंगे।
- **एशियन पैरा गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों की चुनौती-** एशियन पैरा गेम्स में भारतीय खिलाड़ी बैडमिंटन, पैरा टेबल टेनिस और बोच्चिया सहित विभिन्न स्पधाओं में भाग ले रहे हैं। भारतीय दल की नजर बेहतर प्रदर्शन और पदक जीतने पर है।
- **मुंबई इंडियंस के कोच पद से महेला हटे-** आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने पद छोड़ दिया है। टीम अब आगामी सत्र के लिए नए कोचिंग संयोजन की तैयारी करेगी।

जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में

न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम का ऐलान, गिल और अय्यर शेयर करेंगे वनडे टीम की कप्तानी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीम का ऐलान हो गया है। जसप्रीत बुमराह एक साल बाद टेस्ट टीम में वापसी कर रहे हैं। उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच पिछले साल नवंबर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ खेला था। बुमराह वनडे और टी-20 टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ऋषभ पंत भी टेस्ट टीम में शामिल किए गए हैं।

शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान बरकरार रखे गए हैं। वनडे फॉर्मेट में गिल के साथ-साथ श्रेयस अय्यर भी कप्तान बनाए गए हैं। गिल शुरूआती तीन वनडे में कप्तान होंगे। वहीं, आखिरी दो वनडे में श्रेयस अय्यर कमान संभालेंगे। इस दो मैचों के दौरान गिल के साथ उप कप्तान केएल राहुल को आराम दिया जाएगा।

भारत 22 अक्टूबर से 1 दिसंबर तक न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगा। इस दौरान टीम 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट मैच खेलेगी। तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह की भी टेस्ट टीम में वापसी हुई है। उन्होंने आखिरी टेस्ट जुलाई 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल में खेला था। रवींद्र जडेजा टेस्ट टीम का हिस्सा होंगे, लेकिन वनडे टीम में उन्हें



टी-20 टीम का पहले ही ऐलान हो चुका

भारतीय टी-20 टीम का पहले ही ऐलान हो चुका है। 36 साल के तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की 4 साल बाद वापसी हुई है। उन्होंने अपना आखिरी मैच 2022 में खेला था। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी भी टीम में बरकरार हैं।

टी-20 टीम: श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, ईशान किशन (विकेटकीपर), अक्षर पटेल, शिवम दुबे, नीतीश कुमार रेड्डी, नमन धीर, प्रिंस यादव, मयंक यादव, अर्शदीप सिंह, भुवनेश्वर कुमार, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव।

न्यूज कॉलम

बिजली के तार काटने पर दोनों पक्षों में लाठी-डंडों से मारपीट

धार। जिले के नौगांव थाना क्षेत्र के जेतपुरा गांव में बिजली के तार काटने की बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। शुक्रवार रात शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट हुई। घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हुए हैं। विवाद बिजली के तार काटने की बात को लेकर शुरू हुआ था। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और मारपीट हुई।

मायापुरी में 21वीं बार निकलेगी मां दुर्गा की शोभायात्रा

धार। शहर की मायापुरी कॉलोनी में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा इस वर्ष भी मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन का यह 21वां वर्ष है। मंगलवार, 20 अक्टूबर को सुबह 11.30 बजे मायापुरी गरबा चौक से शोभायात्रा प्रारंभ होगी। इसमें हजारों की संख्या में मातृशक्ति शामिल होंगी। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। शोभायात्रा में इस बार विशेष आकर्षण के रूप में मुंबई से रोबोट बुलाया जाएगा। यह रोबोट अपनी अनूठी प्रस्तुति के साथ लोगों से संवाद करेगा।

पाटीदार चौराहे के पास बुजुर्ग का शव मिला

धार। शहर के पाटीदार चौराहे के पास शुक्रवार को एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिलने से लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर कोतवाली पुलिस और डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लेने के बाद शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे पोस्टमार्टम रूम में रखवाया गया है। फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बुजुर्ग क्षेत्र में इधर-उधर घूमता रहता था। लोगों ने उसे मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया है, हालांकि पुलिस ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

300 बेटियों ने गरबे से दिया श्रीअन्न का संदेश



झाबुआ में 3 हजार युवाओं को मोटे अनाज से स्वस्थ रहने के लिए किया जागरूक

झाबुआ। जिले के फुटतालाब नवरात्रि महोत्सव में एक खास नजारा दिखा। शुक्रवार रात 18 दलों की 300 ग्रामीण बेटियों ने गरबे के जरिए मोटे अनाज (श्री अन्न) को रोज के खाने में शामिल करने का संदेश दिया। इस आयोजन में बेटियों ने नारों वाली तख्तियां लेकर 3 हजार से ज्यादा युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य के लिए जागरूक किया। यह अभियान डब्लू एच एच और डेवलपमेंट सपोर्ट सेंटर (डीएससी) की मिरेकल मिलेट परियोजना का हिस्सा है। परियोजना का मकसद मोटे अनाज को बचाना है। बेटियों ने लोगों से हफ्ते में कम से कम एक बार ज्वार, बाजरे की रोटी और उनसे बने व्यंजन खाने की अपील की। विशेषज्ञों के मुताबिक, मोटा अनाज रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है और ब्लड शुगर भी कंट्रोल करता है।

नैनो न्यूज

- **बाजारों में त्योहारी खरीदारी की तैयारी-** इंदौर के कपड़ा, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सजावटी सामान कारोबारियों ने आगामी त्योहारों को देखते हुए स्टॉक बढ़ाने तथा ग्राहकों के लिए नई वैरायटी जुटाने की तैयारी शुरू की।
- **थोक बाजार में माल की आवक बढ़ी-** इंदौर के थोक कारोबार में त्योहारी मांग को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों ने माल की उपलब्धता और आपूर्ति व्यवस्था पर ध्यान देना शुरू किया है।
- **होटल कारोबारियों को बुकिंग बढ़ने की उम्मीद-** त्योहारी सीजन और पारिवारिक आयोजनों के चलते इंदौर के होटल एवं बैंक्वेट संचालक आगामी दिनों में कमरों की बुकिंग और समारोह संबंधी कारोबार बढ़ने की उम्मीद कर रहे हैं।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में नए मॉडल की मांग-** इंदौर के वाहन डीलर ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए नए मॉडल, फाइनेंस विकल्प और एक्सचेंज सुविधाओं पर जोर दे रहे हैं। त्योहारी सीजन में बिक्री बढ़ाने की तैयारी है।
- **प्रॉपर्टी बाजार में व्यावसायिक जगहों पर जोर-** इंदौर में दुकान, ऑफिस और व्यावसायिक परिसर खरीदने वाले निवेशक लोकेशन, पार्किंग और मुख्य मार्गों से कनेक्टिविटी को प्राथमिकता दे रहे हैं।
- **पैकेजिंग उद्योग में मशीनों की मांग-** खाद्य पदार्थों और उपभोक्ता उत्पादों की पैकिंग करने वाली इकाइयों में बेहतर पैकेजिंग तकनीक की जरूरत बढ़ रही है। इससे मशीनरी सप्लायर और पैकेजिंग सामग्री कारोबारियों के लिए अवसर बन रहे हैं।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर लगाए आरोप

2 करोड़ रुपए की जमीन राम जन्मभूमि ट्रस्ट को 18 करोड़ रुपए में बेची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर राम मंदिर ट्रस्ट से जुड़े होने और अब वोट चोरी में शामिल होने का आरोप लगाया है। उन्होंने राम मंदिर निर्माण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए दावा किया कि 2 करोड़ रुपए की जमीन अगले ही दिन राम जन्मभूमि ट्रस्ट को 18 करोड़ रुपए में बेची गई।

शनिवार को इंदौर प्रेस क्लब में प्रेस वार्ता के दौरान सिंह ने ट्रस्ट के जमीन सौदों, चंदे और निर्माण कार्यों की जांच की मांग की। उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर भी सवाल उठाए और ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। दिग्विजय सिंह ने आरोप लगाया कि ज्ञानेश कुमार राम मंदिर निर्माण से जुड़े ट्रस्ट के ट्रस्टी भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंदिर निर्माण और जमीन की खरीद में कथित अनियमितताओं की शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार लोगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई। सिंह ने ट्रस्ट की भूमिका और कामकाज की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर प्रबंधन में धार्मिक परंपराओं से जुड़े प्रतिनिधियों को उचित स्थान दिया जाना चाहिए। दिग्विजय सिंह ने कहा कि मंदिर निर्माण पूरा होने से पहले ही चुनावी लाभ के उद्देश्य से प्राण-प्रतिष्ठा कराई गई। उन्होंने धार्मिक कर्मकांडों और यजमान की परंपरा का हवाला देते हुए आयोजन पर आपत्ति जताई। सिंह ने मांग की कि राम मंदिर सहित प्रमुख मंदिरों और मठों की आय-व्यय व्यवस्था का नियमित स्वतंत्र ऑडिट हो, चंदे और चढ़ावे का हिसाब सार्वजनिक किया जाए और जमीन की खरीद तथा निर्माण कार्यों में पारदर्शिता रखी जाए। सिंह ने आरोप लगाया कि एसआईआर के दौरान कुछ राज्यों में मतदाता सूची से नाम काटने में गड़बड़ी हुई और राजनीतिक आधार पर मतदाताओं के नाम हटाने की कोशिश की गई। मध्यप्रदेश के 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले भोपाल की नरेला विधानसभा के एक मतदान केंद्र का उदाहरण देते हुए उन्होंने दावा किया कि एक ही पते पर कई मतदाताओं के नाम दर्ज थे, जबकि जांच में उनमें से कुछ ही लोग वहां रहते मिले। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया में राजनीतिक हस्तक्षेप की आशंका जताई और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की।

18 करोड़ में खरीदने का आरोप

सिंह ने राम जन्मभूमि ट्रस्ट से जुड़े जमीन के सौदों पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोगों ने एक जमीन करीब 2 करोड़ रुपए में खरीदी और अगले ही दिन राम जन्मभूमि ट्रस्ट ने उसे 18 करोड़ रुपए में खरीद लिया। उन्होंने जमीन के सौदों, निर्माण कार्यों और ठेकों की जांच की मांग की। उन्होंने मंदिर निर्माण से जुड़े कुछ कर्मचारियों और अधिकारियों के कामकाज का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि खर्चों और ठेकों पर सवाल उठाने वाले लोगों को जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। सिंह ने कहा कि संबंधित लोगों के बयानों और दस्तावेजों की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कोरोना काल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर कथित तौर पर 7 करोड़ रुपए खर्च किए जाने संबंधी जानकारी का भी उल्लेख किया। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि संबंधित संगठन के पास घोषित बैंक खाता नहीं था, तो यह राशि किस खाते से आई। उन्होंने इस मामले में वित्तीय जांच और प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई की मांग की। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि और संबंधित पक्षों का जवाब सामने आना बाकी है।

एक गुट बोला-हड़ताल नहीं करेंगे, ओपीडी चालू रहेगी, एमटीए ने कहा- हड़ताल का फैसला

एमजीएम में 22 अक्टूबर से आंदोलन पर डॉक्टरों में मतभेद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



एमजीएम मेडिकल कॉलेज में 22 अक्टूबर से प्रस्तावित आंदोलन को लेकर डॉक्टरों के बीच मतभेद सामने आ गए हैं। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आंदोलन को जनरल बॉडी की बैठक में लिया गया सामूहिक निर्णय बताया है।

वहीं, एसोसिएशन से जुड़े दूसरे गुट के डॉक्टरों ने हड़ताल से इनकार करते हुए कहा है कि मरीजों का इलाज उनकी प्राथमिकता है और ओपीडी में कामकाज सामान्य रूप से जारी रहेगा। इस विवाद के बीच एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि कुछ डॉक्टरों की ओर से मीडिया में जारी बयान भ्रामक हैं और ऐसा लगता है कि वे प्रशासन के प्रभाव में दिए गए हैं।

दूसरी ओर, हड़ताल का विरोध कर रहे डॉक्टरों का कहना है कि मांगों के लिए शासन और कॉलेज प्रबंधन के सामने संवैधानिक तरीके से बात रखनी चाहिए, न कि काम बंद करके मरीजों को परेशानी में डालना चाहिए। मेडिकल टीचर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. राहुल रोकडे, उपाध्यक्ष डॉ. साधना सोडानी और डॉ. बजरंग कुमार सिंह और सचिव डॉ. अशोक ठाकुर की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एमटीए एमजीएम मेडिकल कॉलेज और डेंटल कॉलेज के चिकित्सा शिक्षकों की रजिस्टर्ड संस्था है।

इसके बायलॉज के तहत चुनाव के जरिए पदाधिकारी चुने गए हैं और कार्यकारिणी का गठन किया गया है। एसोसिएशन के अनुसार, चिकित्सा शिक्षकों की कई मांगें लंबे समय से पेंडिंग हैं। इनके निराकरण के लिए लगातार प्रयास किए गए, लेकिन समाधान नहीं होने पर कार्यकारिणी और जनरल बॉडी की बैठक में आंदोलन का निर्णय लिया गया। एसोसिएशन ने कहा कि 22 अक्टूबर से आंदोलन के चरण जल्द तय कर अधिकारियों और मीडिया को इसकी जानकारी दी जाएगी। एमटीए ने यह भी स्पष्ट किया कि आंदोलन के तहत आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं बंद करने का आह्वान नहीं किया गया है। बयान में कहा गया कि चिकित्सा शिक्षकों के हितों को देखते हुए दूसरे डॉक्टरों को भी आंदोलन में शामिल होना चाहिए।

दूसरे गुट का जवाब मरीजों का इलाज सर्वोपरि, ओपीडी रहेगी चालू

दूसरी ओर, डॉ. डीके शर्मा और अन्य डॉक्टरों की ओर से जारी बयान में कहा गया कि एसोसिएशन के अधिकांश सदस्य और डॉक्टर प्रस्तावित आंदोलन से सहमत नहीं हैं। उनका कहना है कि चिकित्सा शिक्षकों की जायज मांगों को शासन और एमजीएम प्रबंधन के सामने संवैधानिक तरीके से रखा जाना चाहिए। इस गुट ने स्पष्ट किया कि डॉक्टर हड़ताल पर नहीं जाएंगे और ओपीडी में सामान्य दिनों की तरह मरीजों का इलाज जारी रहेगा। बयान में कहा गया कि किसी पदाधिकारी के खिलाफ शिकायतों की जांच चल रही है तो उसे आंदोलन का रूप देकर मरीजों को परेशानी में नहीं डालना चाहिए।

भूमिगत मेट्रो रूट के विरोध में रीगल चौराहे पर प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भूमिगत मेट्रो के प्रस्तावित रूट को लेकर रहवासियों का विरोध जारी है। शनिवार को बड़ी संख्या में लोग रीगल चौराहे पर जुटे और मुंह पर काली पट्टी बांधकर मौन प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने हमारा घर, हमारा अधिकार-विकास चाहिए, विनाश नहीं का संदेश देते हुए शासन-प्रशासन से जवाब मांगा। उनका कहना है कि पिछले करीब चार महीने से इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है, लेकिन अब तक जिम्मेदारों की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। प्रदर्शन में शामिल रहवासियों ने कनाड़िया रोड/बंगाली से कनाड़िया होते हुए पलासिया तक प्रस्तावित मेट्रो रूट में बदलाव पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि बंगाली से पलासिया तक एलिवेटेड मेट्रो रूट भारत सरकार के आधिकारिक गजट में अधिसूचित हो चुका था। इसके बावजूद बाद में रहवासी क्षेत्र में भूमिगत मेट्रो का प्रस्ताव सामने आया। रहवासियों ने सवाल किया कि पहले से अधिसूचित रूट में बदलाव क्यों किया गया और इसका तकनीकी आधार क्या है। उन्होंने शासन-प्रशासन से निर्णय की प्रक्रिया और बदलाव के पीछे की वजह सार्वजनिक करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि उनका विरोध किसी राजनीतिक दल या व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। वे शहर के विकास के विरोधी भी नहीं हैं, लेकिन विकास योजनाओं में रहवासी क्षेत्रों, घरों और परिवारों के हितों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए।

इंदौर में 175 डॉक्टर-नर्सों एवं कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

स्वास्थ्य विभाग में मूल पदस्थापना के बजाय दूसरी जगह काम कर रहे 175 डॉक्टर, नर्स और अन्य कर्मचारियों के अटैचमेंट समाप्त कर दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने 16 अक्टूबर को आदेश जारी कर सभी अटैचमेंट तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिए। अब संबंधित कर्मचारियों को अपने मूल पदस्थापना स्थल पर जॉइनिंग देनी होगी। ऐसा करने के बाद ही उन्हें अक्टूबर का वेतन मिलेगा। आदेश के अनुसार संबंधित अधिकारियों को अटैच कर्मचारियों को उसी दिन कार्यमुक्त कर उनकी मूल पदस्थापना पर भेजना होगा। इसकी जानकारी सीएमएचओ कार्यालय को भी देनी होगी। वेतन आहरण केंद्रों को निर्देश दिए गए हैं कि कर्मचारियों के मूल पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होने के बाद ही अक्टूबर का वेतन आहरित किया जाए। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि आदेश के बाद भी कोई अधिकारी या कर्मचारी अटैचमेंट पर कार्यरत पाया गया, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसकी जिम्मेदारी संबंधित संस्था प्रभारी की होगी। यह आदेश सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक, देपालपुर, मानपुर, सांवेर और हातोद के खंड चिकित्सा अधिकारियों, महू सहित विभिन्न अस्पतालों के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों, शहरी स्वास्थ्य संस्थाओं और मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक के प्रभारियों को भेजा गया है।

धोखाधड़ी मामले में 8 साल से जांच अधूरी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

हाई कोर्ट ने धोखाधड़ी के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा, 8 साल पहले दर्ज हुई एफआईआर पर पुलिस आज तक चार्जशीट पेश नहीं कर पाई है। कोर्ट ने इसे प्रशासन के लिए शर्मनाक बताया और उच्च स्तर पर जांच के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने मौखिक रूप से भी कहा कि आखिर यह चल क्या रहा है? फर्जी आदेश बनाकर उनका एग्जीक्यूशन भी कराया जा रहा है और कोई देखने वाला नहीं है। जस्टिस संदीप एन भट्ट की खंडपीठ ने ये आदेश जारी किए हैं। याचिका में आरोप है कि रियल नायक नामक सोसायटी ने कोर्ट के सामने फर्जी आदेश, अवॉर्ड एवं डिग्रियां पेश की। इनके आधार पर मामलों का निष्पादन भी शुरू करवा दिया गया। कुछ जगहों पर तो कोर्ट ने यह मान लिया कि ये आदेश असली हैं और इन्हें लागू किया जा सकता है।

सीएम से मिलने पहुंचीं ताई, कहा-कला संकुल का अधूरा काम पूरा कराएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने शनिवार सुबह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इंदौर में निर्माणाधीन कला संकुल का अधूरा काम पूरा कराने और अहिल्याबाई होलकर स्मारक से जुड़े कुछ मुद्दों पर चर्चा की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं नौकरी मांगने आई। इसके बाद उन्होंने बताया कि कला संकुल का निर्माण स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा था, लेकिन स्मार्ट सिटी का फंड समाप्त होने के कारण काम अधूरा रह गया है। उन्होंने सरकार से इसके लिए राशि उपलब्ध कराकर निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की।



महाजन ने बताया कि कला संकुल का काम पूरा कराने के लिए मैंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है। स्मार्ट सिटी के तहत इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा था, लेकिन फंड खत्म होने से निर्माण अधूरा रह गया। उन्होंने कहा कि सरकार को इस काम को पूरा कराना चाहिए, ताकि प्रोजेक्ट का लाभ मिल सके।

महाजन ने बताया कि अहिल्याबाई होलकर स्मारक के निर्माण में भी कुछ अड़चनें आ रही हैं। स्मारक के नक्शे और अन्य छोटी-मोटी समस्याओं को मैंने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उनका कहना था कि इन मुद्दों को समय रहते सुलझा लिया जाए, ताकि स्मारक का काम आगे बढ़ सके।

एनएचएआई कहा- इंदौर में बायपास के गड्ढे भर दिए

हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा- मौके पर जाकर देखें

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इंदौर-देवास बायपास की बदहाली को लेकर हाईकोर्ट में चल रही जनहित याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई हुई। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने कोर्ट में फोटोग्राफ पेश कर दावा किया कि बायपास के गड्ढे भर दिए गए हैं और अब वहां कोई समस्या नहीं है।

इस पर हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से मौके पर जाकर सड़क की स्थिति देखने और वास्तविकता से कोर्ट को अवगत कराने को कहा है। मामले में अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस सुबोध अभ्यंकर और जस्टिस जय कुमार पिल्लई की डबल बेंच में हुई। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने एनएचएआई से पूछा था कि वर्ष 2023 में हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के बाद बायपास की स्थिति सुधारने के लिए क्या काम किए गए हैं। मातृ फाउंडेशन की ओर से एडवोकेट अमेय बजाज ने वर्ष 2021 में यह जनहित याचिका दायर की थी। इसमें इंदौर-देवास बायपास की खराब हालत और सड़क सुरक्षा से जुड़े मुद्दे उठाए गए हैं। याचिका के अनुसार, बायपास पर बड़े-बड़े गड्ढे, बदहाल सर्विस रोड, खुले ड्रेनेज, जलभराव और खराब या बंद स्ट्रीट लाइट के कारण वाहन चालकों को परेशानी होती है। दुर्घटना संभावित स्थानों और अव्यवस्थित ट्रैफिक का मुद्दा भी उठाया गया है।

अब मौके पर जाकर स्थिति देखेंगे याचिकाकर्ता

शुक्रवार की सुनवाई में एनएचएआई ने तस्वीरें पेश कर गड्ढे भरने और समस्या दूर होने का दावा किया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता को मौके पर जाकर मौजूदा स्थिति देखने और अगली सुनवाई में वास्तविकता बताने को कहा है। अब 27 अक्टूबर को होने वाली सुनवाई में बायपास की स्थिति और सुधार कार्यों को लेकर आगे की जानकारी सामने आएगी।

तीन दिन पहले हुई सुनवाई में याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि बायपास की हालत अब भी खराब है। याचिकाकर्ता के अनुसार, गड्ढे में गिरने से एक महिला की मौत भी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया था कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं होने से हादसों का खतरा बना हुआ है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com